नई दिल्ली

गुरुवार 12 फरवरी 2026

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
दशमी वर्ष : 29, अंक : 300
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 26
न्यून. 15

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**सोना और चांदी की कीमतों में उछाल**

### चांदी 2.68 लाख पार, सोने ने भी लगाई छलांग

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज हुई है, जिसमें चांदी ने बड़ा उछाल दिखाया और सोना भी मजबूती से चढ़ा। दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी 4,000 रुपए बढ़कर 2,68,500 रुपए प्रति किलो (सभी कर सहित) पहुंच गई। यह पिछले बंद भाव 2,64,500 रुपए से करीब 1.5% की बढ़त है। सोने में भी मजबूती रही। 99.9% शुद्धता वाला सोना 600 रुपये चढ़कर 1,61,300 रुपए प्रति 10 ग्राम (टैक्स सहित) पर पहुंच गया। इससे पहले यह 1,60,700 रुपए पर बंद हुआ था। विशेषज्ञों के मुताबिक, वैश्विक बाजारों में मजबूती का असर घरेलू कीमतों पर दिख रहा है।

गृह मंत्रालय ने बताया कि सरकारी समारोहों में इसे कैसे और कब प्रस्तुत किया जाना चाहिए

# 6 छंद, 25 लाइनें, 3.10 मिनट, वंदे मातरम के लिए 'राष्ट्रगान' जैसा प्रोटोकॉल अनिवार्य

अगर किसी कार्यक्रम में वंदे मातरम व राष्ट्रगान दोनों होने हैं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा और उसके बाद राष्ट्रगान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार को भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के लिए आधिकारिक प्रोटोकॉल को लेकर व्यापक दिशा-निर्देश जारी किया। इसमें बताया गया है कि सरकारी समारोहों में इसे कैसे और कब प्रस्तुत किया जाना चाहिए। राष्ट्रगीत के समय दर्शकों का आचरण कैसा होना चाहिए इसके बारे में भी बताया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से जारी नए निर्देशों का उद्देश्य देश भर में



फाइल फोटो

सार्वजनिक और आधिकारिक कार्यक्रमों में राष्ट्रगान की स्थिति और औपचारिक भूमिका को स्थापित करना है, जिसमें राजकीय समारोहों और संस्थागत सभाओं के दौरान इसके पालन पर अधिक जोर दिया गया है।

वंदे मातरम का संपूर्ण आधिकारिक संस्करण, जिसमें छह श्लोक हैं और जिसकी अवधि लगभग 3 मिनट और 10 सेकंड है, प्रमुख राजकीय समारोहों के दौरान प्रस्तुत या बजाया जाना चाहिए। इनमें राष्ट्रीय ध्वज फहराना, राष्ट्रपति और राज्यपालों के आधिकारिक कार्यक्रमों में औपचारिक आगमन और प्रस्थान समारोह और ऐसे समारोहों में उनके निर्धारित भाषणों से पहले और बाद के कार्यक्रम शामिल हैं।

**सिनेमा-हॉल के लिए क्या दी गई है छूट?**

- मंत्रालय ने सिनेमा हॉल और फिल्म स्क्रीनिंग के लिए विशिष्ट छूट प्रदान की है।
- फिल्म के साउंडट्रैक के हिस्से के रूप में वंदे मातरम बजाए जाने पर दर्शकों को खड़े होने की आवश्यकता नहीं होगी

**राष्ट्रगीत को लेकर नया प्रोटोकॉल क्या है?**

- अगर किसी कार्यक्रम में वंदे मातरम व राष्ट्रगान दोनों होने हैं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा और उसके बाद राष्ट्रगान।
- दर्शकों से अपेक्षा की जाती है कि वे सम्मान के प्रतीक के रूप में दोनों प्रदर्शनों के दौरान सावधान मुद्रा में खड़े रहेंगे।
- गृह मंत्रालय ने शिक्षण संस्थानों से दैनिक विद्यालय सभाओं और महत्वपूर्ण संस्थागत कार्यक्रमों के दौरान वंदे मातरम गाने को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया है।
- जब वंदे मातरम का प्रदर्शन किसी बैंड द्वारा किया जाता है, तो उससे पहले ढोल की थाप या बिगुल की ध्वनि से औपचारिक रूप से गायन की शुरुआत का संकेत दिया जाना चाहिए।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### विद्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मोहाली में 16 निजी विद्यालयों को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी वाले



ईमेल मिले जिसके कारण विद्यालयों को खाली कराना पड़ा और पुलिस ने बम निरोधक दस्ते के साथ जांच की। अभिभावकों को संदेश भेजकर छुट्टी की घोषणा की। मानव मंगल स्कूल, शिवालिक पब्लिक स्कूल और लर्निंग पाथ्स स्कूल उन विद्यालयों में शामिल हैं।

### कार और ट्रेलर की टक्कर में 6 की जान

**दौसा।** राजस्थान के दौसा जिले में जयपुर-आगरा हाईवे पर शादी से लौट रहे 6 दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई। कालाखो गांव के निवासी



छह युवक एक कार में सवार होकर यात्रा कर रहे थे। अचानक कार अनियंत्रित हो गई और हाईवे के डिवाइडर से टकराकर दूसरी लेन में जा पहुंची। उसी दौरान सामने से आ रहे एक ट्रेलर से कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए।

### 2.38 करोड़ की 'हेराफेरी' पांच जगहों पर छापेमारी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सतर्कता विभाग ने 2.38 करोड़ रुपये के सरकारी कोष के कथित हेराफेरी मामले में बुधवार को अंगुल जिला अस्पताल के एक कर्मचारी से जुड़े पांच स्थानों पर छापे मारे। अंगुल के सीडीएमओ के कार्यालय में कनिष्ठ सहायक सुब्रत कुमार बेहरा के खिलाफ भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के तहत कटक के सतर्कता पुलिस थाने में मामला दर्ज किया है। पांच जगहों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया।

लोकसभा में बजट पर हुई चर्चा में नेता प्रतिपक्ष ने साधा सरकार पर जमकर निशाना

# सरकार लाएगी राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव

- *प्रधानमंत्री ने कर दिया पूर्ण आत्मसमर्पण, बेच दिया देश...बेच दी भारत माता: राहुल गांधी*
- *बोले रिजिजू, कोई माई का लाल अब तक पैदा नहीं हुआ, जो इस देश को बेच सके*
- *नेता प्रतिपक्ष को अपने आरोपों को सदन में साबित करना पड़ेगा*
- *केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा, मेरी कुख्यात अपराधी एपस्टीन के साथ हुई मुलाकातें पेशेवर शिष्टाचार का हिस्सा थीं*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा में बुधवार को प्रश्नकाल के बाद बजट पर हुई चर्चा का नजारा बाकी दिनों से बिलकुल अलग नजर आया। कांग्रेस की तरफ से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बोलने के लिए खड़े हुए और उन्होंने अपने चिर-परिचित अंदाज में सरकार और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ आरोपों की झड़ी लगाते हुए काफी तीखा हमला बोला।

राहुल ने कहा कि यह बजट एक सामान्य बजट से ज्यादा कुछ नहीं है। वर्तमान समय में भू-राजनीतिक रूप से अस्थिर हो चुके विश्व के खतरनाक दौर में सरकार ने देश के लिए सवार्धिक महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा, किसानों के हित, वित्तीय व्यवस्था, डेटा सुरक्षा, तकनीक (एआई) को लेकर पूरी तरह से आत्मसमर्पण कर दिया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं, जिन्होंने भारत माता को और इस देश को बेच दिया है। जिसे लेकर उन्हें शर्म आनी चाहिए। राहुल की इन उत्तेजक आरोपों का सत्ता पक्ष ▸▸ शेष पेज 5 पर



**सरकार लाएगी विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव**

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा, 'कोई माई का लाल अब तक पैदा नहीं हुआ। जो इस देश को बेच सके'। इस देश के सबसे मजबूत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थे, हैं और आगे भी रहेंगे। हकीकत में कांग्रेस के राज में देश की स्थिति बहुत खराब थी, भ्रष्टाचार चरम पर था। ये भाजपा की सरकार ने ही 2014 में सत्ता में आने के बाद हालात को संभाला है। आज देश तेजी से आगे बढ़ रहा है, हमारी ▸▸ शेष पेज 5 पर

### *लोकसभा में हंगामे के बीच हुआ प्रश्नकाल, विपक्ष ने किया बर्हिगमन*

**बोले केंद्रीय मंत्री सिंधिया: देश के 99% फीसदी जिले 5जी से जुड़ गए हैं, 2030 तक सब्सक्राइबर्स की संख्या होगी 100 करोड़**



लोकसभा में बुधवार के दिन का आगाज विपक्ष के हंगामे के साथ हुआ। सुबह 11 बजे सदन की कार्रवाई की शुरुआत के साथ ही एक ओर पीठासीन सभापति पी.सी.मोहन ने प्रश्नकाल की प्रक्रिया शुरू की। तो वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष के सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष के आसन के समीप (वेल) आकर हंगामा और नारेबाजी (तानाशाही नहीं चलेगी, नहीं चलेगी, मोदी सरकार डाउन-डाउन और शेम-शेम जैसे नारे लगाए) करना शुरू दिया। इस शोर-शराबे के बीच रेलवे, संचार और विज्ञान प्रौद्योगिकी जैसे केंद्रीय मंत्रालयों से लेकर अन्य विषयों पर सूचीबद्ध प्रश्न-उत्तर का सिलसिला चल पड़ा। जिसके करीब आधे घंटे के अंदर ▸▸ शेष पेज 5 पर

# लोकसभा सदन में राहुल गांधी के भाषण से संसद की गरिमा घटी: भाजपा

*राहुल गांधी के व्यवहार, भाषा और शैली ने संसदीय मर्यादा को सबसे निचले स्तर तक पहुंचा दिया है: त्रिवेदी*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को एक प्रेस कॉफ्रेंस में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। लोकसभा सदन में राहुल गांधी के भाषण को त्रिवेदी ने संसद की गरिमा का कम करने वाला बताया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी के व्यवहार, भाषा और शैली ने संसदीय मर्यादा को सबसे निचले स्तर तक पहुंचा दिया है।

त्रिवेदी ने कहा कि कभी संसद सत्र लोकतंत्र के सर्वोच्च मानकों का प्रतीक माना जाता था, लेकिन आज राहुल गांधी के व्यवहार, भाषा और शैली ने संसदीय मर्यादा को सबसे निचले स्तर तक पहुंचा दिया है। त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी ने चेतावनी के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर से झूठे आरोप लगाए और आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उनके मुताबिक, संसद में बोलने की एक मर्यादा और शालीन भाषा होती है, जिसका पालन हर सदस्य को करना चाहिए।

भाजपा सांसद त्रिवेदी ने आगे कहा कि राहुल गांधी का व्यवहार और संसदीय मर्यादा का पालन न करना दिखाता है कि कांग्रेस अपनी राजनीतिक हार से बौखला गई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी होशो-हवास खो चुके हैं। त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी को शायद यह भी ध्यान नहीं है कि वे किस पद पर हैं और क्या बोल रहे हैं।

उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अगर किसी को सड़कछाप भाषा और आचरण देखना हो, तो वह संसद में विपक्ष के व्यवहार को देख सकता है। भाजपा नेता ने इसे लोकतांत्रिक परंपराओं के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

त्रिवेदी ने राहुल गांधी के उस बयान पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि देश को बेच दिया गया है। भाजपा नेता ने कहा कि अगर राहुल गांधी को राजनीति और अर्थव्यवस्था की बुनियादी समझ होती, तो वे ऐसा बयान नहीं देते। उन्होंने कांग्रेस को याद दिलाते हुए कहा कि अगर देश बेचने की बात करनी है, तो कांग्रेस को यूपीए सरकार के दौरान आई वोल्कर रिपोर्ट और ▸▸ शेष पेज 5 पर

## हिंसा और आगजनी के बीच आज बांग्लादेश में हो रहे चुनावों पर भारत की पैनी नजर

*बोले विशेषज्ञ, अवामी लीग की भागीदारी के बिना निष्पक्ष-पारदर्शी नहीं ये चुनाव, लेकिन सत्तासीन होने वाली सरकार का भारत के प्रति सकारात्मक रुख रखना बेहद जरूरी है*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

बांग्लादेश में पिछले साल अगस्त महीने में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को उनके पद से हटाकर देश निकाला देने के बाद लंबे वक्त तक चली हिंसा (केंद्र में रहे हिंदु व अन्य अल्पसंख्यक समुदाय) और आगजनी के बीच गुरुवार (12



फरवरी) को होने जा रहे चुनावों पर भारत बेहद करीब से नजर बनाए हुए है। मामला देश के लिए महज निकट पड़ोस के इलाके में होने जा रही लोकतांत्रिक मतदान प्रक्रिया तक ही सीमित नहीं है। बल्कि इसका हमारे आंतरिक से लेकर भू-राजनीतिक नजरिए से क्षेत्र के समूचे ▸▸ शेष पेज 5 पर

**एआई क्रांति और भारत का डेटा**

## राहुल गांधी ने केंद्र की सरकार पर साधा निशाना, ट्रेड डील पर उठाए गंभीर सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) क्रांति और भारत-अमेरिका संभावित व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जारी बयान में उन्होंने कहा कि एआई क्रांति अवसर और खतरे दोनों लेकर आई है, लेकिन सरकार की नीतियों के कारण भारत अपने सबसे बड़े संसाधन—डेटा—पर नियंत्रण खो सकता है।

**आईटी सेक्टर पर खतरे की आशंका**

राहुल गांधी ने कहा कि भारत का आईटी और सेवा क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था का "चमकता सितारा" रहा है, लेकिन एआई के तेज विस्तार के चलते हजारों सॉफ्टवेयर इंजीनियरों और पेशेवरों की आजीविका खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि देश ने समय रहते तैयारी नहीं की तो बड़े पैमाने पर रोजगार प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि एआई ▸▸ शेष पेज 5 पर

*केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री शिवराज असम और त्रिपुरा का दौरा किया*

## नॉर्थ-ईस्ट में विकास योजनाएं युवाओं के लिए रोज़गार के नए द्वार खोलेंगी : शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार असम में गुवाहाटी और त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में अलग-अलग कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने कहा कि आज तेज़ कनेक्टिविटी के कारण नॉर्थ-ईस्ट में उद्योग, खेती, फल-सब्ज़ियों के निर्यात और देशभर तक पहुँच के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। सेमीकंडक्टर 2.0 जैसी योजनाएँ, जिन पर असम में भी तेज़ी से काम हो रहा है, युवाओं के लिए रोज़गार और विकास के नए द्वार खोलेंगी। यह फ्यूचरिस्टिक बजट नॉर्थ-ईस्ट की तस्वीर और तक़दीर दोनों बदलने वाला है।

उन्होंने आगे बताया कि नॉर्थ ईस्ट के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल के तहत 2,300 करोड़, विशेष अवसंरचना योजना के लिए 2,500 करोड़ और उत्तर पूर्व परिषद के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मेडिकल टूरिज्म और हेल्थ सर्विसेज को बढ़ावा देने के लिए देश में 5 रीजनल मेडिकल हब बनाए जाएंगे, जिनमें उत्तर पूर्व निश्चित रूप से शामिल होगा। अपने यात्रा के पहले चरण में शिवराज सिंह ने गुवाहाटी में केन्द्रीय बजट पर एक पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट यह बजट समाज के हर वर्ग, हर जाति, हर प्रदेश और विशेषकर ▸▸ शेष पेज 5 पर

65 प्रतिशत उत्पादन प्रदेश में होता है

## यूपी सरकार ने पेश किया 9 लाख करोड़ का बजट

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

बुधवार को योगी सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 9,12,696 करोड़ रु. का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि हमारी पिछली और वर्तमान सरकार के कार्यकाल में प्रदेश के सभी क्षेत्रों का विकास हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि एसडीजी इंडिया इंडेक्स में उत्तर प्रदेश की रैंकिंग जो वर्ष 2018-2019 में 29 वें स्थान पर थी, बेहतर होकर वर्ष 2023-2024 में 18 वें स्थान पर आ गई है। साथ ही बताया



कि प्रदेश मोबाइल फोन उत्पादन का हब बन गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केन्द्र है। देश के कुल मोबाइल फोन उत्पादन का 65 प्रतिशत उत्पादन प्रदेश में होता है।

नारेडको अध्यक्ष परवीन जैन स्वागत भाषण देंगे

**पहले दिन 13 फरवरी को उद्घाटन सत्र आयोजित होगा**

## विकसित भारत@2047 की दिशा में मंथन: 13-14 फरवरी को नेशनल अर्बन एंड रियल एस्टेट कॉन्क्लेव

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय रियल एस्टेट संगठन नारेडको द्वारा 13 और 14 फरवरी 2026 को यशोभूमि, नई दिल्ली में 'नेशनल अर्बन एंड रियल एस्टेट डेवलपमेंट कॉन्क्लेव–2026' का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय इस सम्मेलन में केंद्र और राज्य सरकारों के मंत्री, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी, रेरा चेयरमैन, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और नीति विशेषज्ञ शिरकत करेंगे। कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत @ 2047 के लक्ष्य के अनुरूप रियल एस्टेट क्षेत्र की भूमिका और चुनौतियों पर मंथन करना है। कार्यक्रम के पहले दिन 13 फरवरी को उद्घाटन सत्र आयोजित होगा। नारेडको अध्यक्ष परवीन जैन स्वागत भाषण देंगे, जबकि डॉ. निरंजन हीरानंदानी उद्योग का दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे। आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कतिकिथला मुख्य वक्तव्य देंगे। इस अवसर पर आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू और नागरिक उड्डयन मंत्री किंजारापु राम मोहन नायडू भी संबोधित करेंगे। साथ ही नारेडको कॉन्क्लेव डॉक्यूमेंट का विमोचन किया जाएगा।

**विकसित भारत 2047 में रियल एस्टेट की भूमिका पर चर्चा**

पहले दिन के प्लेनरी सत्र में 'विकसित भारत‹\@›2047' के विजन को साकार करने में रियल एस्टेट सेक्टर की भूमिका पर विस्तार से चर्चा होगी। सेवानिवृत्त आईएएस दुर्गा शंकर मिश्रा सत्र का परिचय देंगे। अडानी सीमेंट के सीईओ विनोद बाहेती और टाटा रियल्टी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ संजय दत्त उद्योग जगत का दृष्टिकोण रखेंगे।

***आवास वित्त, रेरा और शहरी पुनर्विकास पर मंथन***

कॉन्क्लेव में 'एडवांसिंग हाउसिंग फाइनेंस' विषय पर पैनल चर्चा आयोजित होगी, जिसमें आवास ऋण की वहनीयता, डिजिटल रिफाइनेंसिंग, आरईआरए-आधारित भुगतान प्रणाली और वित्तीय समावेशन जैसे मुद्दों पर विचार किया जाएगा। इसके अलावा 'सस्टेनेबल रीडेवलपमेंट ऑफ सिटी एंड ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट' और 'रेरा रिफॉर्म्स इन हाउसिंग ▸▸ शेष पेज 5 पर

**ग्रीन बिल्डिंग और प्रॉपटेक पर विशेष सत्र:**

दूसरे दिन ग्रीन बिल्डिंग, ऊर्जा संरक्षण संहिता, नई निर्माण तकनीकों और एआई आधारित प्रॉपटेक इंटीग्रेशन पर भी पैनल चर्चा होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल तकनीक और पारदर्शी नियामक व्यवस्था से रियल एस्टेट सेक्टर को नई गति मिलेगी।

**समापन सत्र में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल**

कॉन्क्लेव के समापन सत्र में आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर केपीएमजी–नारेडको नॉलेज डॉक्यूमेंट का भी विमोचन किया जाएगा।

## दिल्ली सरकार ने मेट्रो फेज-पांच (ए) के तीन नए कॉरिडोर को दी स्वीकृति

# करीब 12,014 करोड़ रुपये की परियोजना, दिल्ली सरकार वहन करेगी 2,940 करोड़ : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मेट्रो फेज-पांच(ए) को स्वीकृति दे दी गई है। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दी है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत कुल 16 किलोमीटर की लंबाई वाले तीन नए कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे, जिनमें 13 मेट्रो स्टेशन शामिल होंगे। इस परियोजना की अनुमानित लागत 12 हजार 14 करोड़ 91 लाख रुपए करोड़ रुपये है, जिसमें दिल्ली सरकार का बजटीय हिस्सा 2 हजार 940 करोड़ 46 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। इस परियोजना को वर्ष 2028 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद किया और कहा कि यह परियोजना परिवहन व्यवस्था से जुड़े प्रधानमंत्री के उस '7-सी विजन' को धरातल पर उतारने की दिशा में बड़ा कदम है, जिसका अर्थ है- साझा, सुलभ, सुविधाजनक, जाम-मुक्त, ऊर्जावान, स्वच्छ और अत्याधुनिक परिवहन। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ करना अनिवार्य है और यह विस्तार इसी दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि दिल्ली सरकार राजधानी को विश्वस्तरीय और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, उनके 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए परिवहन प्रणाली को एकीकृत और जन-केंद्रित बनाने के लिए केंद्र के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस निर्णय को दिल्ली के भविष्य के लिए निवेश बताते हुए कहा कि इन नए कॉरिडोर के बनने से न केवल यातायात पर दबाव कम होगा, बल्कि प्रदूषण पर नियंत्रण पाने में भी मदद मिलेगी। स्वीकृत किए गए तीन कॉरिडोर में आरके आश्रम से इंद्रप्रस्थ (सेंट्रल विस्टा के रास्ते), तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज और एरोसिटी से इंदिरा गांधी डोमेस्टिक टर्मिनल-1 (आईजीडी टी-1) शामिल हैं। बनाए जाने वाले कुल 13 स्टेशनों में 10 स्टेशन अंडरग्राउंड और 3 स्टेशन एलिवेटेड होंगे। यह विस्तार मौजूदा मेट्रो नेटवर्क के साथ निर्बाध इंटरचेंज की सुविधा प्रदान करेगा और हवाई अड्डे, वाणिज्यिक केंद्रों व आवासीय क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाएगा। सरकार का लक्ष्य निजी वाहनों पर निर्भरता कम कर नागरिकों को स्वच्छ, कुशल और एकीकृत परिवहन प्रणाली उपलब्ध कराना है।

- राजधानी में मेट्रो के विस्तार से सड़कों पर वाहनों का दबाव घटेगा, हवा होगी साफ

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली मेट्रो का विस्तार राजधानी के समग्र विकास का महत्वपूर्ण आधार है। वर्तमान नेटवर्क और फेज-पांच (ए) के तहत प्रस्तावित नए कॉरिडोर दिल्ली और एनसीआर के परिवहन तंत्र को और अधिक सक्षम, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो के विस्तार से यात्रियों को सुगम और समयबद्ध यात्रा सुविधा मिलेगी, सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव घटेगा और वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। दिल्ली सरकार राजधानी को विश्वस्तरीय शहर बनाने के लक्ष्य के साथ सार्वजनिक परिवहन को लगातार सशक्त कर रही है और मेट्रो नेटवर्क का यह विस्तार इसी दिशा में ठोस कदम है।

फेज-V(ए) का दूसरा महत्वपूर्ण कॉरिडोर एयरोसिटी से इंदिरा गांधी घरेलू हवाई अड्डा टर्मिनल-1 (आईजीडी टी-1) तक प्रस्तावित है।

### आरके आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर

फेज-पांच (ए) का सबसे महत्वपूर्ण कॉरिडोर आर. के. आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ तक प्रस्तावित है, जिसकी कुल लंबाई 9.913 किलोमीटर है। इस लाइन पर 9 स्टेशन प्रस्तावित हैं। यह कॉरिडोर सेंट्रल विस्टा क्षेत्र से होकर गुजरेगा और दिल्ली के प्रशासनिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक क्षेत्रों को सीधे मेट्रो नेटवर्क से जोड़ेगा। सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर सभी कर्तव्य भवनों को आपस में जोड़ने का भी काम करेगा। इससे इस इलाके में काम करने वाले सरकारी कर्मचारियों और आने वाले लोगों को सीधे अपने कार्यालय तक पहुंचना आसान हो जाएगा। इस सुविधा से प्रतिदिन लगभग 60 हजार कर्मचारी और करीब 2 लाख यात्रियों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा, यह कॉरिडोर प्रदूषण और पेट्रोल-डीजल जैसे ईंधनों के इस्तेमाल को कम करने में मदद करेगा, जिससे लोगों का जीवन और भी सहज व सुविधाजनक बनेगा। इस कॉरिडोर से आर. के. आश्रम मार्ग (निर्माणाधीन), शिवाजी स्टेडियम, सेंट्रल सेक्रेटेरियट, सीसीएस बिल्डिंग, इंडिया गेट, वॉर मेमोरियल-हाई कोर्ट, बड़ौदा हाउस, भारत मंडपम और इंद्रप्रस्थ जैसे प्रमुख और अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान मेट्रो से सीधे जुड़ेंगे। यह कॉरिडोर न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि राष्ट्रीय आयोजनों, प्रशासनिक गतिविधियों और पर्यटन स्थलों तक पहुंच को भी आसान बनाएगा।

# 100 फुटा रोड पर चला निगम का बुल्डोजर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

- छतरपुर-सैदुलाजाब में एमसीडी की बड़ी कार्रवाई

दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर और सैदुलाजाब इलाके में बुधवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने अवैध निर्माणों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। एनसीडी प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को एमसीडी के साउथ जोन के भवन विभाग की टीम ने 100 फुटा रोड पर कई जगहों पर बने अवैध ढांचों को तोड़ दिया। कार्रवाई के दौरान पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। एमसीडी की टीम भारी मशीनों और मजदूरों के साथ मौके पर पहुंची। तीन जेसीबी मशीनों की मदद से अवैध हिस्सों को गिराया गया। इसके अलावा न्यूमैटिक हैमर, गैस कटर और बड़े हथौड़ों का इस्तेमाल किया गया। जिन जगहों पर कार्रवाई हुई, उनमें हल्दीराम के पास स्थित संपत्ति, नाथू स्वीट्स के सामने बना ढांचा, अग्रवाल धर्मशाला के नजदीक का निर्माण और डोमिनोज-रुद्रांश के पास की संपत्ति शामिल है।

निगम अधिकारियों का कहना है कि इन निर्माणों के खिलाफ पहले से शिकायतें मिल रही थीं और नियमों के तहत नोटिस देने के बाद यह कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने साफ किया कि बिना मंजूरी के या नियमों के खिलाफ किए गए निर्माणों पर आगे भी सख्ती जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे ताकि किसी तरह की अप्रिय घटना न हो। स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके में अवैध निर्माण तेजी से बढ़ रहे थे, जिससे ट्रैफिक और सुरक्षा की समस्या भी पैदा हो रही थी।

## गर्मी का अहसास निकाल रहा अभी से पसीना, दिल्ली तैयार रहे जल्द सर्दी के एक और दौर के लिए!

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मौसम के बड़े बदलाव की वजह से बुधवार को दिनभर कड़क धूप की वजह से गर्मी ने अहसास दिलाया जिससे अभी से लोगों का पसीना निकलने लगा। हालांकि अभी दिल्ली से सर्दियों की पूरी तरह से विदाई नहीं हुई है। क्योंकि कहा जा रहा है कि दिल्ली सहित एनसीआर में जल्द ही सर्दी का एक और दौर देखन को मिलेगा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान बढ़कर 27.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया जो सामान्य से 4.1 डिग्री अधिक है। जबकि न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया जो सामान्य से 3.0 डिग्री अधिक है। आईएमडी के अनुसार उत्तरी मैदानी इलाकों में ठंडी हवाओं की वापसी की पूरी पूरी संभावना बन रही है। पूर्व की ओर बढ़ रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तरी मैदानी इलाकों में ठंडी हवाएं और तेज होने की आशंका है। अनुमान है कि आने वाले दिनों में दिल्ली सहित उत्तर भारत में ठंडी हवाओं की वापसी होगी और दिन गर्म रह सकते है लेकिन रातें एक बार फिर से ठंडी रहेंगी। मौसम पूर्वानुमानों के अनुसार, पूर्व की ओर बढ़ रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तरी मैदानी इलाकों में ठंडी हवाएं और तेज होने की आशंका है।

## मजेंटा लाइन पर सबसे ज्यादा होंगे इंटरचेंज एवं भूमिगत मेट्रो स्टेशन, बनेगा सबसे लंबा कॉरिडोर

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के फेज-4 का इंद्रप्रस्थ-इंद्रलोक कॉरिडोर अब मजेंटा लाइन का हिस्सा होगा। इससे मजेंटा लाइन बॉटनिकल गार्डन से इंद्रलोक तक सबसे लंबी लगभग 89 किलोमीटर की लाइन हो जाएगी। इस लाइन पर सबसे ज्यादा 21 इंटरचेंज व सबसे ज्यादा भूमिगत मेट्रो स्टेशनों सहित 65 स्टेशन होंगे। डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक कॉर्पोरेट संचार अनुज दयाल का कहना है कि इंद्रप्रस्थ-इंद्रलोक कॉरिडोर ग्रीन लाइन की जगह मजेंटा लाइन का हिस्सा होगा। इसके चालू होने के बाद मजेंटा लाइन बॉटनिकल गार्डन से इंद्रलोक तक होगा जिसके चलते इसकी कुल लंबाई 39.271 किलोमीटर से बढ़कर भविष्य में लगभग 89 किलोमीटर हो जाएगी। इससे यह दिल्ली मेट्रो का सबसे लंबा कॉरिडोर हो जाएगा। अनुज दयाल ने बताया कि अभी सबसे लंबा कॉरिडोर पिंक लाइन है। वर्तमान में इसकी कुल लंबाई 59.242 किलोमीटर है। जबकि विस्तार बाद लगभग 71.5 किलोमीटर हो जाएगी। डीएमआरसी का कहना है कि सबसे लंबा कॉरिडोर होने के अलावा तकनीकी रूप से भी इसका विशेष महत्व होगा। दयाल का कहना है कि लगभग 11.9 किलोमीटर लंबा इंद्रप्रस्थ-इंद्रलोक कॉरिडोर पहले ग्रीन लाइन का अंतर्गत कीर्ति नगर-इंद्रलोक से ब्रिगेडियर होशियार सिंह विस्तार में शामिल किया गया था।

## केरल की जनता अब झूठे वायदों पर नहीं करेगी विश्वास : सचदेवा

**नई दिल्ली।** वर्षों से वामपंथ और कांग्रेस की नीतियों से त्रस्त केरल की जनता ने इस चुनाव में बदलाव के पक्ष में मतदान देकर यह संदेश दिया है कि अब झूठे वायदों पर विश्वास नहीं करेगी। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ओ.पी. धनखड़, महापौर सरदार राजा इकबाल सहित अन्य नेताओं के साथ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर केरल के 115 नवनिर्वाचित पार्षदों का दिल्ली आगमन पर स्वागत करने के बाद यह बात कही।

## दिल्ली के अस्पतालों की दुर्दशा पर यादव ने उठाए सवाल, कुत्ते घूम रहे हैं मरीजों के बीच



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने अपने अधिकृत सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो क्लिप पोस्ट करते हुए दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाए है। यादव द्वारा पोस्ट की गई विडियो क्लिप में एक अस्पताल की गैलरी है जिसमें दोनों तरफ मरीज है या तीमारदार बैठे है। जिसके बीचों बीच एक कुत्ता मस्ती से चलता हुआ निकल रहा है। आगे जाकर कुत्ता अस्पताल की दीवार पर पेशाब करता हुआ दिखाई दे रहा है। यादव ने यह पोस्ट कर लिखा है कि जीटीबी अस्पताल की यह तस्वीरें सिर्फ बदहाली नहीं, सिस्टम की नाकामी की गवाही हैं। यादव ने सवालिया निशान लगाते हुए लिखा कि मरीज ज़मीन पर, वार्ड में कुत्ते, शौचालयों में पानी तक नहीं। उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का नाम लिए बिना लिखा कि क्या यही है दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था। जवाब दो भाजपा सरकार। इस बारे में डीपीसीसी की तरफ से बताया गया कि यह फोटो केवल एक अस्पताल जीटीबी की है। लेकिन वास्तव में केंद्र सरकार से लेकर दिल्ली सरकार व नगर निगम के अस्पतालों में ऐसे नजारे आम बात है।

## आवारा कुत्तों के मामले में एमसीडी गंभीर : सत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या को लेकर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने ठोस कदम उठाने की घोषणा की है। एमसीडी की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बताया कि बीजवासन में कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए केनल बनाए जाएंगे ताकि नसबंदी की क्षमता बढ़ाई जा सके। वहीं द्वारका में खतरनाक कुत्तों को रखने के लिए एक विशेष केंद्र स्थापित किया जा रहा है। इन कार्यों के लिए बजट प्रावधान पहले की तुलना में दोगुना कर दिया गया है।

# रेखा सरकार की सोलर पॉलिसी: एक साल में हर खेत, हर छत तक पीएम सूर्यघर योजना आई

नई दिल्ली

दिल्ली में अब खेती के साथ सोलर पैनल से उर्जा उत्पादन और उससे होने वाली कमाई का रास्ता भी खोल दिया गया है।

## खेती भी, कमाई भी- NOC की अनिवार्यता खत्म



रेखा सरकार के एक वर्ष का सबसे दूरगामी और परिवर्तनकारी कदम रही कृषि भूमि सोलर नीति, जिसने किसानों के लिए विकास की नई रोशनी जलाई है। यह नीति केवल ऊर्जा उत्पादन की योजना नहीं, बल्कि किसान के भरोसे और आत्मनिर्भरता का आधार बनकर उभरी है। सरकार ने **NOC** की अनिवार्यता समाप्त कर यह सुनिश्चित किया कि किसान बिना किसी प्रशासनिक बाधा के इस योजना का लाभ उठा सकें।

इस नीति का सबसे बड़ा नवाचार है एग्री-वोल्टाइक मॉडल, जहाँ खेत के ऊपर सोलर पैनल और नीचे खेती—यानि जमीन भी उपज दे और ऊर्जा भी। इससे न तो फसल प्रभावित होती है, न ही खेती के पारंपरिक स्वरूप में कोई बाधा आती है। खास बात यह है कि किसान को इसमें किसी भी प्रकार का निवेश नहीं करना पड़ता, जिससे जोखिम पूरी तरह समाप्त हो जाता है।

खेती के साथ-साथ स्थायी अतिरिक्त आय, मुफ्त बिजली का लाभ और भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा—इन तीनों को एक साथ जोड़कर यह नीति किसान के जीवन में आर्थिक स्थिरता ला रही है। केवल एक वर्ष के भीतर ही कृषि भूमि सोलर नीति किसानों के लिए आय सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा दोनों का सशक्त प्रतीक बन चुकी है। यह नीति बताती है कि जब नीतियाँ जमीन से जुड़ती हैं, तो बदलाव सिर्फ दिखता नहीं, महसूस भी होता है।

## पीएम सूर्य घर योजना से 1 लाख+ सब्सिडी

रेखा सरकार के पहले ही वर्ष में पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना दिल्ली के लाखों परिवारों के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरी है। केंद्र और दिल्ली सरकार की साझेदारी में इस योजना ने सोलर को मध्यम वर्ग और आम परिवारों की पहुंच में ला दिया।

## ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों को विशेष लाभः 20,000 प्रति kW (अधिकतम 10 लाख)

एक साल में इस योजना ने यह संदेश साफ कर दिया है कि बढ़ते बिजली बिल अब मजबूरी नहीं। 20–25 वर्षों तक लगभग मुफ्त बिजली का भरोसा अब कागजों में नहीं, छतों पर दिख रहा है।



### एक साल का संदेश

रेखा सरकार के एक वर्ष ने यह साबित किया है कि सोलर नीति सिर्फ ऊर्जा नीति नहीं, बल्कि ईज ऑफ लिविंग की नीति है—कम बिल, साफ हवा, अतिरिक्त आय और सुरक्षित भविष्य।

'दिल्ली को सोलर सिटी बनाना हमारा संकल्प है—जहां बिजली का बिल बोझ नहीं, राहत बने।': सीएम रेखा गुप्ता

### व्यापार, उद्योग और सरकार—सोलर में साझेदार

रेखा सरकार के पहले वर्ष में सोलर का दायरा घरों से निकलकर संस्थानों तक पहुंचा है।

1. उद्योगों के लिए 1 प्रति यूनिट इंसेंटिव 2. उत्पादन लागत में कमी, हरित प्रतिस्पर्धा 3. 1,700+ सरकारी भवन और स्कूल सोलर से जुड़े 4. 43 MW क्षमता का निर्माण

सरकार ने स्वयं सोलर अपनाकर यह दिखाया कि बदलाव की शुरुआत प्रशासन से ही होती है।

### सोलर से समृद्ध, स्वच्छ और आत्मनिर्भर दिल्ली

* पीएम सूर्य घर के तहत 1.08 लाख तक सब्सिडी
* हजारों घरों में सोलर
* NOC मुक्त कृषि सोलर
* खेती + स्थायी आय
* 3 प्रति यूनिट GBI
* 1,700+ सरकारी भवन सोलर
* 17,000 करोड़ निवेश
* 750 MW सोलर लक्ष्य

### भविष्य की नींवः 17,000 करोड़ का निवेश

एक साल में केवल योजनाएं नहीं बनीं, बल्कि भविष्य की तैयारी भी हुई।

* ट्रांसमिशन और ग्रिड का आधुनिकीकरण
* अगले 3 वर्षों में 17,000 करोड़ निवेश
* मार्च 2027 तक 750 MW सौर क्षमता का लक्ष्य

**यह निवेश दिल्ली को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर राजधानी बनाने की दिशा तय करेगा।**

### 1.08 लाख रुपए तक की कुल सब्सिडी (केंद्र + दिल्ली सरकार)

सरल और पारदर्शी ढांचा

1. 1 kW – 40,000 रुपए 2. 2 kW – 80,000 रुपए 3. 3 kW व उससे अधिक – 1,08,000 रुपए

### बचत से आगेः सोलर से आय का नया रास्ता

रेखा सरकार ने सोलर को सिर्फ सब्सिडी तक सीमित नहीं रखा, बल्कि कमाई का साधन बनाया है।

1. 3 kW तक के प्लांट पर 3 प्रति यूनिट 2. 3–10 kW तक 2 प्रति यूनिट 3. एक 3 kW प्लांट से 900 प्रति माह तक अतिरिक्त आमदनी

पहले ही वर्ष में

1. 4,000+ उपभोक्ता लाभान्वित 2. 7 करोड़ से अधिक की सब्सिडी 3. 10 करोड़ से ज्यादा की GBI राशि वितरित

यह सोलर नीति का वह पहलू है, जिसने नागरिकों को उपभोक्ता से उत्पादक बनाया।



DIP/Shabdarth/Advertorial/0130/25-26




## मुख्यमंत्री ने 37 गांवों में 59 परियोजनाओं की रखी नींव

# श्रमिकों के बच्चों को मिली शिक्षा सहायता, 134 करोड़ की ग्रामीण विकास योजनाएं शुरू

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को त्यागराज स्टेडियम में निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए आर्थिक सहायता कार्यक्रम और गांवों से जुड़ी कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने निर्माण श्रमिकों के 15 हजार 706 बच्चों के लिए 12 करोड़ 40 लाख रुपए से अधिक की पढ़ाई से जुड़ी सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की। साथ ही, दिल्ली के दो गांवों में नए बने पंचायत घरों का उद्घाटन किया गया।



इसके अलावा 37 गांवों में 59 नई विकास परियोजनाओं की शुरुआत की गई, जिनकी कुल अनुमानित लागत 134 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली केवल इमारतों और सड़कों से नहीं बनती, बल्कि श्रमिकों के श्रम से बनती है। जो हाथ दिल्ली को गढ़ते हैं, उनकी सुरक्षा, सम्मान और भविष्य की जिम्मेदारी हमारी सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में दिल्ली के श्रम एवं रोजगार मंत्री कपिल मिश्रा, दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड के अध्यक्ष राजकुमार चौहान, श्रम विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार 'अंत्योदय' के सिद्धांत पर काम कर रही है, जिसका अर्थ है समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाना। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जीके विजन को साझा करते हुए कहा कि सत्ता हमारे लिए सुख भोगने का साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने श्रमिकों के कल्याण के लिए जमा भारी सेस फंड का कभी सही उपयोग नहीं किया। पिछली सरकारों की नजर कभी गरीबों पर नहीं पड़ी, लेकिन हमारी सरकार ने अपने 365 दिन दिल्ली के लिए पसीना बहाने वाले मजदूर साथियों को समर्पित किए हैं। जब श्रमिक मजबूत होगा, तभी दिल्ली मजबूत बनेगी। इस अवसर पर सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में न्यूनतम मजदूरी देश में सर्वाधिक स्तर पर निर्धारित की गई है, जिसमें अकुशल श्रमिकों के लिए 18 हजार 456 रुपये, अर्द्ध कुशल श्रमिकों के लिए 20 हजार 371 रुपये और कुशल श्रमिकों के लिए 22 हजार 411 रुपये प्रतिमाह तय किए गए हैं। राज्य में 44 से अधिक श्रम कानूनों को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है ताकि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

### शिक्षा में बाधा नहीं बनने दी जाएगी आर्थिक तंगी

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (डीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यूबी) पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए शिक्षा सहायता योजना चला रहा है, ताकि आर्थिक तंगी उनकी पढ़ाई में बाधा न बने। इस योजना के तहत पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को 500 रुपये प्रतिमाह, नौवीं और दसवीं के छात्रों को 700 रुपये प्रतिमाह, ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को 1 हजार रुपये प्रतिमाह और स्नातक स्तर पर पढ़ने वाले छात्रों को 3 हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जाती है। वहीं आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग, मेडिकल और एमबीए जैसे तकनीकी पाठ्यक्रमों में अध्ययन करने वाले छात्रों को 10 हजार रुपये प्रतिमाह तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

## सिम पोर्ट कर साइबर ठगी करने वाले दो पकड़े

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

क्राइम ब्रांच ने धोखे से मोबाइल फोन का एक्सेस लेकर सिम पोर्ट करा ठगी करने वाले गिरोह के दो लोगों को पकड़ा है। इनके नाम विपुल कश्यप और आयुष शर्मा है। शर्मा की भूमिका मुख्य आरोपी के रूप में हुई है।

आरोपी इंस्टाग्राम और व्हाट्स एप पर बैंक खाता किराए पर देने का झांसा देकर साइबर ठगी करते थे। ठगों ने पीड़ति को करीब 38.10 लाख का चूना लगाया था। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार 12 जनवरी को पीड़ति शिकायत पुलिस को दी थी।

गत 30 दिसंबर से 12 जनवरी के बीच ठगी की रकम को दूसरे बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि पहले उनके मोबाइल से एसएमएस और कॉल फारवर्डिंग को दूसरे किसी मोबाइल पर लिया गया। बाद में उनका मोबाइल नंबर ही पोर्ट कराया गया। इसके बाद आरोपियों ने ठगी को अंजाम दिया। जांच के दौरान ठगी के तार झारखंड के जामताड़ा से जुड़ते नजर आए। इस दौरान पता चला कि करीब एक लाख रुपये ग्रेटर नोएडा निवासी विपुल कश्यप के खाते में गए हैं। चार फरवरी को विपुल को पकड़ा गया। इसके बाद मुख्य आरोपी आयुष शर्मा को ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार किया गया।

### सीबीआई ने 10 लाख की रिश्वत लेने के आरोप में दिल्ली पुलिस के एएसआई को किया गिरफ्तार

**एजेंसी. नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली पुलिस के एक सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) को प्रॉपर्टी विवाद को निपटाने के लिए 10 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने मंगलवार को उस शिकायत के बाद मामला दर्ज किया कि सीआर पार्क पुलिस थाने में तैनात एक एएसआई प्रॉपर्टी विवाद के सिलसिले में शिकायतकर्ता के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करने के बदले में 25 लाख रुपये की रिश्वत मांग रहा है। अधिकारियों ने बताया कि बाद में शाम को सीबीआई ने छापा मारा और आरोपी एएसआई को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

### दिल्ली पुलिस ने पूर्व सेना प्रमुख की पुस्तक को लेकर 'पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया' को नोटिस किया जारी

**एजेंसी. नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने 'पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया' को नोटिस जारी कर पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक को सोशल मीडिया पर उपलब्ध कराने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह नोटिस ऐसे समय में जारी किया गया जब पुस्तक की स्थिति और अनधिकृत संस्करणों के कथित अवैध प्रसार के विरोध में दावे किए जा रहे हैं जिससे प्रकाशक, पूर्व सेना प्रमुख और वरिष्ठ राजनीतिक हस्तियां एक व्यापक सार्वजनिक विवाद में शामिल हो गई हैं। पुलिस के अनुसार, विशेष प्रकोष्ठ ने नोटिस के माध्यम से प्रकाशक से औपचारिक रूप से संपर्क कर कई सवाल पूछे हैं और उनके विस्तृत जवाब मांगे हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने 'पेंगुइन इंडिया' को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस के माध्यम से कई सवाल पूछे गए हैं और उनके जवाब मांगे गए हैं। यह कदम उन रिपोर्ट के मद्देनजर उठाया गया है जिनमें दावा किया गया है कि नरवणे के संस्मरण 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' की पांडुलिपि प्रकाशन से पहले डिजिटल और अन्य प्रारूपों में अवैध रूप से संभवतः प्रसारित की गई। पुलिस ने बताया कि पांडुलिपि के अनधिकृत प्रसार के संबंध में लगे आरोपों के कारण प्राथमिकी दर्ज की गई है और मामले की जांच जारी है।

### पीरागढ़ी तिहरे हत्याकांड में स्वयंभू 'तांत्रिक' अरेस्ट

**नई दिल्ली।** पीरागढ़ी इलाके में कार में मृत मिले तीन लोगों के केस में दिल्ली पुलिस ने बुधवार को एक स्वयंभू 'तांत्रिक' को गिरफ्तार किया है। आरोपी कमरुद्दीन पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। उसे पुलिस ने 'मौलाना' और तांत्रिक बताया है। रविवार दोपहर को रणधीर (76), शिव नरेश सिंह (47) और लक्ष्मी देवी (40) एक कार के अंदर मृत पाए गए थे। रणधीर चालक सीट पर और अन्य दो पीछे की सीट पर बैठी अवस्था में थे। पुलिस ने बताया कि कमरुद्दीन करीब एक साल से तीनों के संपर्क में था और सीसीटीवी फुटेज में उसे उसी दिन पहले कार के चालक की बगल वाली सीट पर बैठे देखा गया था। पुलिस ने बताया कि घटनाक्रम और मौतों के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए उससे पूछताछ की जा रही है।

### खुले मैनहोल में गिरकर मजदूर की मौत


**नई दिल्ली।** बेगमपुर इलाके में मंगलवार को खुले मैनहोल में गिरकर एक मजदूर की मौत के केस में पुलिस ने लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया है। बेगमपुर थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 285 (सार्वजनिक मार्ग में खतरा या बाधा उत्पन्न करना) और 106 (लापरवाही से मौत) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार रोहिणी सेक्टर-32 में दिल्ली विकास प्राधिकारण (डीडीए) की खाली जमीन पर बने एक मैनहोल में एक व्यक्ति के गिरने के संबंध में मंगलवार दोपहर दो बजकर 36 मिनट पर सूचना मिली थी। बेगमपुर थाने की एक टीम ने दमकल विभाग की मदद से उक्त व्यक्ति का शव मैनहोल से निकाला। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान 32 वर्षीय बिरजू कुमार राय के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, फोन कॉल करने वाले आमिर हुसैन ने बताया कि राय सोमवार शाम से लापता था। पूछताछ के दौरान एक अन्य मजदूर बुधन दास उर्फ सूरज (33) ने पुलिस को बताया कि सोमवार रात उसने और राय ने शराब पी थी और वे शाम करीब साढ़े सात बजे अपनी झुग्गी लौट रहे थे। तभी राय का संतुलन बिगड़ गया और वह खुले मैनहोल में गिर गया। पुलिस ने बताया कि दास ने पूरी रात किसी को इस घटना की जानकारी नहीं दी और अगले दिन दोपहर में हुसैन को इस बारे में बताया। उसने बताया कि गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### किशोर की चाकू मारकर हत्या में पांच नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली।** मोती नगर पुलिस ने डीएलएफ पार्क में 16 साल के नाबालिग जावेद की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। इस सिलसिले में पांच नाबालिगों को पकड़ा गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका जावेद से फोन नहीं देने पर झगड़ा हुआ था। इसी का बदला लेने के लिए उन्होंने चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के जरिए आरोपियों की पहचान की और आरोपियों को पकड़ा। डीसीपी डीएस भास्कर के अनुसार आरोपियों को एसएचओ वरुण दलाल की टीम ने पकड़ा। गत नौ फरवरी की शाम मोती नगर पुलिस को वारदात की सूचना मिली थी। मृतक जावेद नौवीं कक्षा में पढ़ता था।

### चाकू से हमला कर जान लेने की कोशिश का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने आदर्श नगर में मामूली कहासुनी के बाद युवक पर चाकू से हमला करने वाले को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम अहमद रजा उर्फ सद्दाम (26) बताया गया है। आरोपी वारदात के बाद से फरार था। नवंबर 2025 में कोर्ट भी इसे भगौड़ा घोषित कर चुकी थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी के खिलाफ लूटपाट और हत्या के प्रयास समेत छह मामले दर्ज थे। डीसीपी पंकज कुमार के अनुसार गत वर्ष 12 जनवरी को आरोपी ने शाहजहां नामक युवक पर आजादपुर फ्लाईओवर के पास चाकू से हमला किया था। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया था। पीड़ित को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में उसके बयान के आधार पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। लोकल पुलिस काफी समय इसे तलाश करती रही लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। अब क्राइम ब्रांच को इसके जयपुर में होने का पता चला था। मंगलवार को जयपुर से आरोपी को दबोचा गया।



## खबर संक्षेप

### नगदी चोरी करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने कार्रवाई करते हुए दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी अरुण वासी गांव लालपुर जिला कन्नौज उत्तर प्रदेश हाल भूड कॉलोनी ओल्ड फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। सचिन निवासी भूपानी ने पुलिस चौकी सेक्टर-19 में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 30 जनवरी को वह रात को अपनी दुकान बंद करके घर चला गया था।

### हत्या के मामले 2 किशोर सहित 4 आरोपी काबू



**फरीदाबाद।** 9 फरवरी को गिरदावल एनक्लेव तिलपत में एक युवक की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने 2 किशोर सहित 4 आरोपियों को काबू किया है। एसीपी क्राईम-2 वरुण कुमार दहिया ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 9 फरवरी को गिरदावल एनक्लेव में जयसिंह उम्र 30 वर्ष की 4 लडक्रों द्वारा चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी।

### जोयआलुक्कास का ब्रिलियंस डायमंड ज्वेलरी शो




**गुरुग्राम।** जोयआलुक्क अपने नोएडा शोरूम में ब्रिलियंस डायमंड ज्वेलरी शो के साथ नोएडा को मंत्रमुग्ध करने के लिए पूरी तरह तैयार है। जोयआलुक्कास ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, डॉ. जोय आलुक्कास ने कहा कि ब्रिलियंस डायमंड ज्वेलरी शो उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और ऐसे आभूषण बनाने के हमारे जुनून का जश्न मनाता है जो लालित्य और व्यक्तित्व के साथ मेल खाते हैं। यह प्रदर्शनी शानदार दुल्हन के आभूषणों से लेकर रोजमर्रा के पहनने के लिए परिष्कृत समकालीन डिज़ाइनों तक की एक उत्कृष्ट श्रृंखला पेश करती है।

## कार्यक्रम का शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि

# समर्पण दिवस पर पं. दीनदयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि संगठन विस्तार एवं सेवा कार्यों को करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

- सेवा कार्यों का लिया संकल्प
- आयोजन कवि नगर रामलीला मैदान में किया गया



भारतीय जनता पार्टी, गाजियाबाद महानगर इकाई ने बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने संगठन विस्तार एवं सेवा कार्यों का संकल्प लिया। जानकी भवन, कवि नगर, रामलीला मैदान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मौजूद सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को आत्मसात करते हुए समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जीकी के जीवन दर्शन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। "पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को हुआ। बाल्यकाल से ही उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में संघर्षपूर्ण जीवन व्यतीत किया, किंतु राष्ट्रसेवा का संकल्प कभी कमजोर नहीं होने दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में कार्य करते हुए संगठन विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में अग्रणी रहे। दीनदयाल जी द्वारा प्रतिपादित 'एकात्म मानववाद' भारतीय चिंतन पर आधारित एक समग्र जीवन-दर्शन है।

### *हमें सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से अंत्योदय के विचार को व्यवहार में लाना होगा*

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का मानना था कि जब तक अंतिम व्यक्ति का उत्थान नहीं होगा, तब तक राष्ट्र का विकास अधूरा रहेगा। आज हमें सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से अंत्योदय के इस विचार को व्यवहार में लाना होगा। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि एकात्म मानववाद या एकात्म मानव दर्शन केवल राजनीतिक विचार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों पर आधारित समग्र दृष्टि है।

## कवियों ने हास्य और व्यंग्य रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया

# सूरजकुंड मेले में हास्य कवि सम्मेलन ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सूरजकुंड मेले की मुख्य चौपाल पर भव्य हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीईओ एफएमडीए गौरी मिड्ढा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ कवयित्री योगिता चौहान द्वारा मां सरस्वती की वंदना साधना हो सफल मुझको वरदान देश की भावपूर्ण प्रस्तुति से हुआ। इसके पश्चात मंच पर देश के ख्यातिप्राप्त कवियों डॉ. सुनील जोगी, डॉ. सुरेश अवस्थी, सरदार मनजीत सिंह, आजात शत्रु, योगिता चौहान एवं अशरफ मेवाती ने अपनी हास्य और व्यंग्य रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रक्रम का संचालन सरदार मनजीत सिंह ने प्रभावी शैली में किया। अपने काव्य पाठ के दौरान उन्होंने बनारस की सुबह अनुपम, वो मुस्कुराई तो मेरा दिल झनझनाया था, नेता जी के पांव से लिपट गया कुम्भकर्ण तथा न समझो मुझे इतना ख़ास जितना समझते हो, जैसी रचनाओं के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को खूब गुदगुदाया। साथ ही सामाजिक विसंगतियों ठेकेदारी व्यवस्थाए भ्रष्टाचार, चुनावी प्रलोभन और लोकतंत्र की स्थिति पर व्यंग्यात्मक कटाक्ष कर गंभीर संदेश भी दिया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए लोगों से अस्पताल के नाम के बजाय योग्य चिकित्सक की जानकारी लेने की अपील की। राजस्थान, उदयपुर से आए हास्य कवि आजात शत्रु ने राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक मुद्दों पर तीखे व्यंग्य प्रस्तुत किए। सत्ता, नीतियों, सुरक्षा व्यवस्था, राष्ट्रवाद, सामाजिक आचरण और भ्रष्टाचार जैसे विषयों को उन्होंने हास्य के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से उठाया। हरियाणा के मेवात से आए अशरफ मेवाती ने हादसे में शहीद हुए इंस्पेक्टर जगदीश को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की।

**समाज और व्यवस्था पर तीखा व्यंग्य, श्रोताओं ने तालियों से किया स्वागत, रचनाओं को युवाओं ने विशेष उत्साह के साथ**



### युवाओं ने विशेष उत्साह के साथ सराहा

इटावा से आई कवयित्री योगिता चौहान ने प्रेम विषयक रचनाओं से माहौल को भावनात्मक एवं आनंदमय बना दिया। कॉलेज जीवन की स्मृतियों, सर्द मौसम, साथ और अकेलेपन पर आधारित उनकी रचनाओं को युवाओं ने विशेष उत्साह के साथ सराहा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी ने समाज में व्याप्त विरोधाभासों, 100 नंबर डायल व्यवस्था, बढ़ती महंगाई और बदलते सामाजिक मूल्यों पर व्यंग्य प्रस्तुत किया। बनारस यात्रा के दौरान दो पंडितों के विवाद का प्रसंग सुनाकर उन्होंने नाम और पहचान के बदलते मायनों पर कटाक्ष किया। समसामयिक राजनीतिक संदर्भों पर उनकी व्यंग्यात्मक टिप्पणियों ने श्रोताओं को खूब हंसाया। उन्होंने कहा कि जब कम संख्या में भी श्रोता मुस्कुराते हुए तालियां बजाते हैं, तो ऐसा प्रतीत होता है मानो कविताएं पांडवों के समक्ष पढ़ी जा रही हों। मुख्य चौपाल पर आयोजित हास्य कवि सम्मेलन श्रोताओं के लिए यादगार रहा और देर रात तक ठहाकों और तालियों की गूंज से वातावरण सराबोर रहा।

## परिचय बैठक एवं स्वागत समारोह आयोजित किया गया

# कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें पदाधिकारी: कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



जिला कांग्रेस कमेटी फरीदाबाद के नवनियुक्त पदाधिकारियों की एक परिचय बैठक एवं स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय सैक्टर-9 में किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक का सभी पदाधिकारियों ने कांग्रेस संगठन में पदाधिकारी बनाने पर धन्यवाद किया। जिलाध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का परिचय करवाया और उनका शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर स्वागत भी किया। सभी पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस के हाईकमान राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खा[ड़गे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेन्द्र आदि।



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 46 दिनांक 10.02.2026, धारा 127(6) साँपला रोहतक।**

**गुमशुदा की तलाश बारे**



नाम- विक्की
पुत्री- महाबीर
पता- निवासी ईस्माईला 9-बी रोहतक।
उम्र- 30 वर्ष।
हुलिया - रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर,
कद 5 फुट 7 इंच शिक्षा-12वी पास

दिनांक 10.02.2026 को विक्की पुत्र महाबीर निवासी ईस्माईला रोहतक। उम्र- 30 वर्ष। बिना किसी को बताए घर से तीन माह पहले कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबंधक थाना साँपला रोहतक 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता रोहतक – 9215447184

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 13 दिनांक 05.02.2026, धारा 127 (6) थाना पी.जी.आई. रोहतक।**

**गुमशुदा की तलाश बारे**



नाम मीरा देवी
पति- राम नरेश
पता-उत्तर प्रदेश हाल गाँव खरावड रोहतक।
उम्र-43 वर्ष।
हुलिया - रंग सावला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर,
कद 4 फुट

दिनांक 04.02.2026 को मीरा देवी पति राम नरेश निवासी उत्तर प्रदेश हाल गाँव खरावड रोहतक। उम्र-43 वर्ष। बिना किसी को बताए घर से कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबंधक थाना पी.जी.आई. रोहतक 7082999121,01262-282327
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता रोहतक – 8950515583

पीआरडीएच-1084/11/4463/2026/42946/88/7 दि. 11.02.2026


# मलेशिया के सिविल सेवकों ने समझे सार्वजनिक नीति और शासन के कार्य

## गाजियाबाद में प्रशिक्षिण बैठक आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



एनसीजीजी, भारत सरकार 02-13 फरवरी, 2026 तक एनसीजीजी, मसूरी और नई दिल्ली में श्तीसरा मलेशिया के सिविल सेवकों के लिए सार्वजनिक नीति और शासन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस संदर्भ में विभिन्न विभागों और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने एनसीजीजी टीम के साथ मलेशिया के 30 सिविल सेवकों का दुर्गावती देवी सभागार, प्रशिक्षिण बैठक आयोजित की गई। विकास भवन में पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर देकर सिविल सेवकों को सम्मान दिया गया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ के निर्देशन पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मलेशिया के सभी 30 सिविल सेवकों का भव्य स्वागत किया गया। गुरूकुल दा स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भारतीय संस्कृति के अनुसार सभी गणमान्यों का स्वागत किया गया। अधिकारी अभिनव गोपाल, परियोजना निदेशक प्रदीप पाण्डेय सहित अन्य अधिकारीगणों द्वारा राजस्व, विकास कार्यों, प्रशासनिक, पुलिस विभाग से संबंधित कार्यों सहित अन्य विभागों और अधिकारियों की भूमिका व जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई। सरकार/प्रशासन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, युवाओं को रोजगार में सहायता, गरीबों का उत्थान, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा सहित अन्य बिन्दुओं पर प्रश्न पूछे, जिसका संबंधित अधिकारियों द्वारा विस्तार से उत्तर दिया गया।

## निर्माण कार्य तीव्र गति से कराए जा रहे हैं

# राजनगर एक्सटेंशन में आधारभूत संरचना विकास को गति, सड़क, नाला एवं सीवर निर्माण कार्य के लिए जीडीए एक्शन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद





राजनगर एक्सटेंशन में आधारभूत संरचना विकास को गति, सड़क, नाला एवं सीवर निर्माण कार्य के लिए जीडीए एक्शन में दिख रहा है। जीडीए द्वारा युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है।

जीडीए उपाध्यक्ष नन्दकिशोर कलाल ने बताया कि विकास प्राधिकरण द्वारा राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में सुनियोजित एवं व्यवस्थित शहरी विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न आधारभूत संरचना संबंधी कार्य तीव्र गति से कराए जा रहे हैं। क्षेत्र में सड़क, नाला एवं सीवर लाइन के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा एवं सुदृढ़ जल निकासी व्यवस्था उपलब्ध हो सके।

खसरा संख्या 96 एवं 97, नंदग्राम स्थित नवसृजित भूखण्डों के विकास कार्य के अंतर्गत भूखण्डों के समक्ष नाला निर्माण कराया जा रहा है। वर्षा जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा तथा क्षेत्र में जलभराव की स्थिति समाप्त होगी। नूरनगर क्षेत्र में 24 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस मार्ग पर नाला एवं सीवर लाइन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा वर्तमान में मिट्टी भराई का कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

# वित्त वर्ष में फ्यूजन फाइनेंस की शानदार वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

वारबर्ग पिंकस की पोर्टफोलियो कंपनी, फ्यूज़न फाइनेंस ने वित्त वर्ष '26 की तीसरी तिमाही के दौरान परिसंपत्तियां की बेहतर गुणवत्ता, अपेक्षाकृत अधिक मार्जिन और संग्रह दक्षता के मद्देनज़र मुनाफे की ओर वापसी के साथ टर्नअराउंड तिमाही दर्ज की। फ्यूज़न फाइनेंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी, संजय गरयाली ने इस प्रदर्शन पर अपनी टिप्पणी में कहा, "फ्यूज़न फाइनेंस के लिए वित्त वर्ष '26 की तीसरी तिमाही स्थिर और अनुशासित क्रियान्वयन वाली अवधि रही। हमने अपने मौलिक तत्वों (फंडामेंटल) को मज़बूत करने, पोर्टफोलियो की गुणवत्ता बनाए रखने और गतिशील परिचालान माहौल में व्यवस्थित (कैलिब्रेटेड) वृद्धि हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि कुल पोर्टफोलियो और नए व्यवसाय (न्यू बुक) दोनों में संग्रह बढ़ने से कंपनी के व्यवसाय मॉडल को और मज़बूती मिली।

## मोटरसाइकिल रैली का शुभारंभ, शास्त्री ने कहा-सफल होगी हड़ताल की गारंटी

# हड़ताल में हजारों मजदूर कर्मचारी लेंगे भाग काम काज होगा प्रभावित: नरेश शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



हड़ताल की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सर्व कर्मचारी संघ ने दर्जनों विभागों व शहर के मुख्य बाजारों में निकाला मोटरसाइकिल जलूस। कर्मचारियों, मजदूरों सहित दुकानदारो, रेहड़ी, पटरी व आम जनता से राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल में शामिल होने की अपील। मोटरसाइकिल जुलूस का नेतृत्व कर रहे नेताओं का विभाग के कर्मचारी कार्यकर्ता और नेताओं में माला पहनकर गर्म जोशी से स्वागत किया और होने वाली हड़ताल में बढ़-चढक़र भाग लेने का भी भरोसा दिलाया। कर्मचारियों में हड़ताल को लेकर गर्म जोशी और तैयारी को देखकर लगता है की हड़ताल में हजारों कर्मचारी मजदूर हिस्सा लेंगे और कामकाज बंद करेंगे।मोटरसाइकिल रैली का शुभारंभ एनआईटी स्थित दशहरा ग्राउंड से सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने झंडा दिखाकर किया। इसके बाद जब था बादशाह खान अस्पताल, नगर निगम मुख्यालय, बडख़ल तहसील, एन.एच.एक मार्केट से होते हुए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौक इंडस्ट्रियल एरिया सेक्टर 22, 23 सेक्टर व बिजली वितरण निगम कार्यालय से सेक्टर-55 चौक पर आम जनता मजदूरो में पर्चे बांट कर हड़ताल का प्रचार किया। इसके बाद मोटरसाइकिल जब था देवीलाल पार्क होते हुए रोडवेज, परिषद, बल्लमगढ़ नगर निगम कार्यालय एवं मार्केट होते हुए सेक्टर-7, 8, 9, 11 व 12 सेक्टर से होकर जिला उपायुक्त कार्यालय पहुंचा और जमकर नारेबाजी करते हुए उपायुक्त कार्यालय के कर्मचारियों से हड़ताल में शामिल होने की अपील की। जत्थे का नेतृत्व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री के अलावा जिला प्रधान करतार सिंह जागलान, जिला सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर, वरिष्ठ प्रधान जगदीश, जिला कोषाध्यक्ष जयपाल राठी, नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा कि राज्य उपाध्यक्ष कमला, राज्य सचिव अनूप चिंडालिया, जिला प्रधान दलीप बोहत, जिला सचिव अनिल चिंडालिया आदि।



Alankit

## अलंकित लिमिटेड

CIN: L74900DL1989PLC036860

पंजी. कार्यालय : 205-208, अनारकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055

**31.12.2025 को समाप्त तृतीय तिमाही हेतु स्टैंडअलोन और समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का सार**

(ईपीएस को छोड़कर रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समेकित | | | | | | स्टैंडअलोन | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही 31.12.2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30.09.2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त नौ माह 31.12.2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त नौ माह 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2025 अंकेक्षित | समाप्त तिमाही 31.12.2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30.09.2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त नौ माह 31.12.2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त नौ माह 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2025 अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 7170.21 | 8009.16 | 7276.58 | 24257.22 | 19904.20 | 30105.64 | 2133.38 | 1447.21 | 2196.19 | 5182.96 | 7441.19 | 10589.16 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण मदों से पूर्व) | 568.22 | 485.42 | 483.90 | 1906.27 | 1955.77 | 3686.94 | 245.23 | 305.34 | 237.44 | 907.41 | 999.79 | 2270.50 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 568.22 | 485.42 | 483.90 | 1906.27 | 1955.77 | 3094.68 | 245.23 | 305.34 | 237.44 | 907.41 | 999.79 | 1678.24 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 803.37 | 448.94 | 519.83 | 1848.45 | 1639.90 | 2167.01 | 354.71 | 305.16 | 334.02 | 894.60 | 868.67 | 1163.76 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | 819.21 | 464.78 | 531.42 | 1895.97 | 1674.09 | 2230.38 | 368.94 | 319.57 | 345.57 | 937.83 | 903.32 | 1221.39 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 2711.58 | 2711.58 | 2711.58 | 2711.58 | 2711.58 | 2711.58 | 2711.58 | 2711.58 | 2711.58 | 2711.58 | 2711.58 | 2711.58 |
| 7 | रिजवर्स (पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर) | - | - | - | - | - | 26960.35 | - | - | - | - | - | 29060.16 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 1/- प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं) | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | 1. बेसिक | 0.28 | 0.16 | 0.19 | 0.63 | 0.58 | 0.73 | 0.13 | 0.11 | 0.12 | 0.33 | 0.32 | 0.43 |
| | 2. डायल्युटेड | 0.28 | 0.16 | 0.19 | 0.63 | 0.58 | 0.73 | 0.13 | 0.11 | 0.12 | 0.33 | 0.32 | 0.43 |

**टिप्पणी :**

1. 31 दिसम्बर 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु उपरोक्त अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और इसकी अनुशंसा पर 11 फरवरी 2026 को आयोजित उनकी बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर लिए गए हैं।
2. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किए गए तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स **www.bseindia.com** और **www.nseindia.com** पर उपलब्ध हैं। ये कम्पनी की वेबसाइट **www.alankit.in** पर भी उपलब्ध हैं।
3. उपरोक्त परिणाम कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 और अन्य मान्यताप्राप्त लेखा प्रैक्टिसेज और पॉलिसीज, जहां तक लागू योग्य हैं, के तहत निर्धारित कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2015 (Ind AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।

कृते अलंकित लिमिटेड

दिनांक : 11.02.2026
स्थान : नई दिल्ली

अंकित अग्रवाल
प्रबंध निदेशक

## खबर संक्षेप

### महेंद्र सिंह धोनी बने टूरिज्म ब्रांड एंबेसडर



**रांची।** भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब झारखंड पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार हैं। झारखंड पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए धोनी ने ब्रांड एंबेसडर बनने की हामी भर दी है। सबसे खास बात यह है कि धोनी इसके लिए कोई फीस नहीं लेंगे। झारखंड

### महिला और बच्ची के शव मिलने से सनसनी



**रांची।** झारखंड के दुमका जिले में बुधवार को एक महिला और एक मासूम बच्ची की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस ने अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। जिले के सदर थाना क्षेत्र में पुराने इंस्पेक्टर कार्यालय के पास बुधवार को एक महिला और एक नाबालिग बच्ची के शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

### मासूम को कार ने रौदा, चालक फरार



**पटना।** दरभंगा-समस्तीपुर स्टेट हाईवे पर तारालाही के पास एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रही एक छह वर्षीय बच्ची को रौंद डाला। हादसे में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी तलाश कर रही है। मृतका की पहचान रूपा कुमारी के रूप में हुई है। वह अपनी मां के साथ पास की दुकान से सामान लेकर लौट रही थी।

---

### युवाओं और किसानों के लिए खोला खजाना, किसानों को मुफ्त बिजली

**यूपी बजट 2026**

# योगी सरकार ने पेश किया 9.12 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट

*बजट के जरिए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देने का लक्ष्य*

*उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बुधवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राज्य का अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश किया। 'मिशन रोजगार' और 'महिला सशक्तिकरण' पर केंद्रित इस बजट में सरकार ने विकास की नई रूपरेखा खींचते हुए कई बड़ी योजनाओं का ऐलान किया है।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बुधवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 9,12,696.35 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में प्रस्तुत यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में 12.9 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने इसमें शिक्षा को 12.4 प्रतिशत और चिकित्सा को 6 प्रतिशत बजट आवंटित किया है। राजकोषीय घाटे की सीमा 3 प्रतिशत रखते हुए सरकार ने युवाओं के लिए 'टेक युवा-समर्थ युवा' और किसानों के लिए मुफ्त बिजली जैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी है। इस बजट के जरिए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देने का लक्ष्य रखा गया है।

**बजट का आकार और वित्तीय स्थिति :** प्रदेश का यह बजट 9 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि राज्य की प्रति व्यक्ति आय अब 1,09,844 रुपए हो गई है, जो 2016-17 की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। सरकार का लक्ष्य है कि 2025-26 तक इसे 1,20,000 रुपए तक पहुंचाया जाए। प्रदेश की जीएसडीपी में 13.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है और बेरोजगारी दर घटकर मात्र 2.24 प्रतिशत रह गई है। उत्तर प्रदेश अब देश का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केंद्र बन चुका है।

**»» किसानों को दी मुफ्त बिजली की सौगात**



**»» प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देने का लक्ष्य**





#### महिला सशक्तिकरण और 'सेफ सिटी'

महिलाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए 'सेफ सिटी' परियोजना के तहत सीसीटीवी नेटवर्क और एंटी रोमियो स्क्वाड को मजबूत किया गया है। वर्किंग वूमेन हॉस्टल का निर्माण और मुख्यमंत्री सुमंगला योजना के तहत 26.81 लाख बालिकाओं को लाभ देना सरकार की प्राथमिकता है। 'महिला सामर्थ्य योजना' के तहत दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में मिल्क प्रोड्यूसर कंपनियां गठित की जा रही हैं।

#### किसानों को मुफ्त बिजली और सौगातें

किसानों की खुशहाली के लिए सरकार ने नलकूपों से सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली आपूर्ति जारी रखी है। गन्ना किसानों को रिकॉर्ड 3,04,321 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ने के दाम में 30 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है, जिससे किसानों को 3000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त लाभ होगा।

#### युवाओं के लिए रोजगार और एआई मिशन

युवाओं के लिए सरकार ने 'टेक युवा-समर्थ युवा' योजना और एआई मिशन की शुरुआत की है। पुलिस विभाग में अब तक 2,19,000 से अधिक भर्तियां की जा चुकी हैं और 83,122 पदों पर प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत युवाओं को बिना ब्याज के ऋण देकर हर साल 1 लाख सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का लक्ष्य है। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत अब तक लगभग 50 लाख टैबलेट और स्मार्टफोन बांटे जा चुके हैं।

**योगी सरकार का बड़ा ऐलान**

## बेटियों की शादी में एक लाख रुपए की सहायता



उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने लड़कियों की शादी कराने के लिए दिए जाने वाले अनुदान की राशि में बढ़ोत्तरी की घोषणा कर दी है। गरीब परिवार की बेटियों को विवाह योजना के तहत अनुदान राशि दिए जाने का प्रावधान रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने इस योजना को लागू किया था। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत राशि का प्रावधान किया गया। अब योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में राशि का प्रावधान किया है। यूपी विधानसभा में बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सभी वर्ग की लड़कियों के विवाह के लिए अनुदान राशि बढ़ाए जाने की घोषणा की। इस योजना के तहत पहले 51,000 रुपये की राशि अनुदान के तौर पर मिलती थी।

#### गरीब परिवारों पर फोकस

सीएम योगी के नेतृत्व वाली सरकार ने इस योजना के जरिए गरीब परिवारों को फोकस किया है। गरीब परिवारों में बेटी की शादी एक बड़ी चुनौती बनती है। ऐसे में अगर सरकार की ओर से एक लाख रुपये की आर्थिक मदद की जाती है तो यह उनके लिए बड़ी राहत लेकर आएगा। यूपी चुनाव 2027 से पहले सभी वर्ग के लोगों के लिए बजट में किए गए इस प्रावधान से बड़े स्तर पर लोगों को जोड़ने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

#### नई और उभरती टेक्नोलॉजी मिशन बनाया जाएगा

सरकार ने प्रदेश में 'स्टेट डाटा अथॉरिटी' और 'डाटा सेंटर क्लस्टर्स' की स्थापना का निर्णय लिया है। उभरती हुई तकनीकों के लिए 'नई और उभरती टेक्नोलॉजी मिशन' बनाया जाएगा। इसके साथ ही औद्योगिक विकास के लिए 'सिटी इकोनॉमिक रीजन' योजना लाई जा रही है। उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए पंजीकरण और लाइसेंसिंग की प्रक्रिया को और सरल बनाया जाएगा। ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों के लिए दुर्घटना बीमा और लेबर अड्डों के निर्माण का भी प्रस्ताव है।

---

## पटना में कुख्यात अपराधी का एनकाउंटर सूर्या डॉन को पुलिस ने मारी गोली

एजेंसी ▶▶ पटना



बुधवार की सुबह पटना में कुख्यात अपराधी राजीव कुमार उर्फ सूर्या डॉन का पुलिस ने एनकाउंटर किया। मामला गायघाट इलाके का है। अपराधी को पैर में गोली लगी है, जिसके बाद उसे इलाज के लिए एनएमसीएच में एडमिट कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, सूर्या डॉन पर डकैती, लूट, चोरी, अवैध हथियार रखने समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

#### तीन राउंड हुई फायरिंग

एसटीएफ को सूचना मिली थी कि सूर्या डॉन गायघाट इलाके में छिपा है। सूचना पर ही एसटीएफ और पटना पुलिस ने उसे घेर लिया। इस दौरान लगभग तीन राउंड फायरिंग हुई। सूर्या डॉन के पैर में गोली। सूर्या डॉन खाजेकला थाना इलाके का रहने वाला है। घटना के बाद पूरे इलाके में तलाशी अभियान भी चलाया गया। सुबह-सुबह एनकाउंटर से आस-पास के लोगों के बीच दहशत का माहौल कायम हो गया है।

### आठ साल की बच्ची की सूझबूझ से मिली कामयाबी

## गिरफ्तारी की डर से चोरी किए गए बच्चों को छोड़ भागे चोर

एजेंसी ▶▶ पूर्णिया

पूर्णिया जिले के जीएमसीएच के महिला वार्ड से दो मासूम बच्चों के चोरी होने के मामले में पूर्णिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की चौतरफा घेराबंदी और बढ़ती दबाव के कारण बच्चा चोर गिरोह के सदस्य दोनों मासूमों को सुरक्षित छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने बरामद बच्चों को उनकी बीमार मां की गोद में सौंप दिया है। अब पुलिस इस 'चाइल्ड ट्रैफिकिंग' नेटवर्क से जुड़े अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।



#### सीसीटीवी फुटेज से खुलासा हुआ

फणीश्वरनाथ रेणु टीओपी प्रभारी राजनंदनी ने बताया कि यह सनसनीखेज वारदात सोमवार शाम करीब 6 बजे की है। अस्पताल के ऑल पीओपी वार्ड में भर्ती गुड़िया देवी (टीवी की गंभीर मरीज) के दो बच्चे, लक्ष्मी कुमारी (3 वर्ष) और शुभम कुमार (4 वर्ष), अचानक गायब हो गए थे। सीसीटीवी फुटेज से खुलासा हुआ कि दो महिलाएं फर्जी रिश्तेदार बनकर वार्ड में दाखिल हुईं और महज 10 मिनट के भीतर दोनों मासूमों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गईं।

---

## पेज एक का शेष

### सरकार लाएगी राहुल ...

ने कड़ा पलटवार किया। वहीं, भाषण खत्म होने के तुरंत बाद राहुल गांधी समेत कांग्रेस के बाकी सांसद सदन से बाहर चले गए।

**निष्कासित सांसदों की नहीं होगी वापसी :** संसद भवन में अपने कार्यालय में मीडिया से बातचीत में रिजिजू ने कहा, राहुल ने पीएम या सरकार पर पूरी तरह से निराधार आरोप लगाए हैं। किसी प्रधानमंत्री ने अब तक ऐसा नहीं किया है। न ही आगे ऐसा कुछ होगा। फिर उन्होंने एक वरिष्ठ मंत्री हरदीप सिंह पुरी के खिलाफ भी गंभीर आरोप लगाए हैं। जबकि बजट में उनकी कोई खास भागीदारी नहीं रही। सत्ता पक्ष बड़े ही धैर्य के साथ उनका भाषण सुनने के लिए सदन में बैठा था। लेकिन वो सुधरने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। हर बार की तरह उन्होंने सरकार के खिलाफ बेबुनियाद और मिथ्या आरोप लगाने के अलावा और कुछ नहीं किया। साथ ही वह भाषण खत्म करने के तुरंत बाद सदन से बाहर चले गए। जबकि ऐसा कभी नहीं होता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूर्व में अमर्यादित व्यवहार के कारण बजट सत्र की समूची कार्रवाई से निष्कासित किए गए कांग्रेस के 8 सांसदों की सदन में फिर से वापसी की फिलहाल कोई संभावना नहीं है। इस पर अभी कोई विचार नहीं किया गया है।

**पुरी बोले, एपस्टीन फाइलों में मुझे दोमुंहा बताया :** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भी कांग्रेस नेता के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि कुख्यात अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ मेरा कभी कोई व्यक्तिगत संबंध नहीं रहा। बल्कि उनसे हुई मेरी तमाम मुलाकातें पेशेवर शिष्टाचार का हिस्सा थीं। एपस्टीन फाइल्स में उसने (एपस्टीन) मुझे दो मुंह वाला बताया है। जिससे ये साफ हो जाता है कि संबंध कभी अच्छे नहीं थे। उन्होंने राहुल पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमारे पास एक ऐसे युवा नेता हैं, जिनकी आदत बेबुनियाद आरोप लगाने और उसके बाद बिना जवाब सुने सदन से भाग जाने की है। आज भी उन्होंने ऐसा ही किया है। एपस्टीन के मामले में पुरी ने कहा, सार्वजनिक रूप से मौजूद 30 लाख ईमेल में से उनके नाम का उल्लेख तीन-चार बार आया है। मेरी एपस्टीन से हुई मुलाकातें प्रतिनिधिमंडल के साथ पेशेवर रूप से की गई थीं। हमारे बीच एक ईमेल का आदान-प्रदान हुआ था। जिसका एपस्टीन पर लगे आरोपों से दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है।

**जूड़ो, मार्शल आर्ट से सरकार को घेरा :** राहुल ने अपने भाषण की शुरुआत में संसदीय कार्यमंत्री का नाम लिया और कहा कि वो मुझसे पूछते हैं कि आप इतने फिट कैसे रहते हैं? उस पर मैं उनको कहना चाहूंगा मेरे द्वारा की जाने वाली जूड़ो और मार्शल आर्ट इसका मुख्य कारण है। ये दोनों ऐसे खेल या कलाएं हैं, जिसमें एक बार विरोधी के अच्छी तरह से पकड़ में आ जाने के बाद उसकी आंखों में भी डर दिख जाता है। वो भी समझ जाता है कि अब वो घिर चुका है और बचने की कोई गुंजाइश नहीं है। राहुल का इशारा पीएम व सरकार की तरफ था कि अमेरिका से ट्रेड डील के बाद अब वो भी कुछ इसी अंदाज में घिर चुके हैं। इसकी पुष्टि करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ हमारी सरकार के साथ भी हो रहा है। बिजनेस में विरोधी पर बनती हुई पकड़ (ग्रिप) को देखा जा सकता है। लेकिन राजनीति में ग्रिप दिखाई नहीं देती है। राहुल ने कहा, आर्थिक सर्वे में 2 बिंदु थे। जिसमें सरकार कहती है कि हम भू-राजनीतिक रूप से एक अस्थिर दुनिया में रह रहे हैं। अमेरिका के प्रभाव को रूस, चीन चुनौती दे रहे हैं। ऊर्जा, वित्त को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कहते हैं कि यह युद्ध का युग नहीं है। लेकिन हम एक खतरनाक युग में रह रहे हैं। दुनिया के कई भागों (यूक्रेन, इजरायल-हमास मुख्य हैं) में युद्ध चल रहे हैं। ईरान युद्ध के कगार पर है। हम स्थिरता के युग से अस्थिरता के युग की ओर बढ़ रहे हैं। वास्तव में हम युद्ध के युग की ओर प्रवेश कर रहे हैं। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। जिसके चलते हम अस्थिरता की ओर बढ़ रहे हैं। डॉलर को चुनौती मिल रही है। एक महाशक्ति वाली दुनिया से हम एक ऐसी दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं, जिसकी भविष्यवाणी करना असंभव है।

**भारत से नौकर जैसे बात नहीं कर सकते ट्रंप:** नेता प्रतिपक्ष ने कृत्रिम मेधा (एआई) का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा दौर में भारत और उसकी 1.4 बिलियन जनसंख्या का डेटा पूरी दुनिया में हमारी सबसे बड़ी ताकत है। अमेरिका और चीन की नजरें हमारे डेटा पर रहती हैं। अमेरिका को अपने डॉलर की सुरक्षा के लिए हमारे डेटा की जरूरत है। अमेरिका-चीन के बीच तनाव की स्थिति में अगर कोई चीज सबसे महत्वपूर्ण होगी। तो वो हमारा डेटा ही होगा। अगर अमेरिका दुनिया की महाशक्ति बने रहना चाहता है। तो उसकी चाबी भारत का डेटा ही होगा। उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि अगर अमेरिका के साथ इंडिया गठबंधन डील करता है। उस वक्त हम उनसे ये कहते हैं कि अगर आपको भारत में प्रवेश चाहिए तो हमसे बराबरी की बात करो, आप हमसे एक नौकर की तरह बात नहीं कर सकते हैं। हम अपनी ऊर्जा सुरक्षा को सुरक्षित करेंगे। विपक्ष के नेता के मुताबिक, हम समझते हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप के मतदाताओं का मुख्य आधार कृषि है। इसलिए उन्हें अपने किसानों के हितों की सुरक्षा की दरकार है। लेकिन हम भी अपने किसानों के हितों की रक्षा करेंगे।

**18% टैरिफ से मिली अमेरिकी सजा :** राहुल ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर भी केंद्र पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि इस डील से भारत को नहीं अमेरिका को फायदा हुआ है। पहले जहां अमेरिका जाने वाले भारतीय सामान पर लगाए जाने वाला पारस्परिक टैरिफ महज 3 फीसदी था। अब वो कई गुना बढ़कर 18 फीसदी हो गया है। फायदा सीधे-सीधे अमेरिका को हुआ, उनका भारत को आयात 46 बिलियन डॉलर से बढ़कर 146 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया है। जबकि हमारे देश को लेकर उनकी कोई प्रतिबद्धता नहीं है। भारत ने अमेरिका सामान पर जीरो टैरिफ लगाया है और उन्होंने इसे सीधा 18 फीसदी कर दिया। व्यापार समझौते से भारत के कृषि (किसान), ऊर्जा, कपड़ा जैसे क्षेत्रों में तबाही मची हुई है। रूस से तेल खरीद पर उन्होंने कहा कि अब भारत के प्रधानमंत्री देश की ऊर्जा सुरक्षा का निर्णय नहीं लेते हैं। बल्कि उसे हमारे लिए अमेरिका तय करता है। वो हमें देख रहे हैं कि जब हमने किसी और से तेल की खरीद की (रूस)। तो वो उसे लेकर हमें तुरंत सजा देंगे और टैरिफ को फिर से बढ़ाकर 50 फीसदी कर देंगे।

**हरदीप पुरी, अनिल अंबानी पर लगाए आरोप:** विपक्ष के नेता ने कहा, एपस्टीन फाइल्स में कुल 3 मिलियन फाइल्स बंद हैं। लेकिन हाल में इनमें केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, उद्योगपति अनिल अंबानी का भी नाम है। अगर अंबानी का नाम एपस्टीन फाइल्स में है तो सरकार ने उन्हें अब तक जेल में क्यों नहीं डाला? अमेरिका में अडानी के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। जबकि इसके केंद्र में पीएम हैं।

### लोकसभा में हंगामे ...

यानी 11 बजकर 29 मिनट पर विपक्षी सांसदों ने सरकार के खिलाफ अपना विरोध जताते हुए सदन से बर्हिगमन किया। वहीं, वेल में हंगामे के दौरान विपक्ष से कांग्रेस, द्रमुक, आरजेडी के सांसद मौजूद रहे। जबकि तृणमूल कांग्रेस और सपा सांसदों ने अपनी-अपनी नियत जगह पर खड़े होकर उन्हें समर्थन प्रदान किया।

**अभी 5जी के हैं 40 करोड़ सब्सक्राइबर्स :** संचार के विषय को लेकर डॉ.भोला सिंह, तापिर गाव सहित अन्य सांसदों ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से सदन में सवाल पूछे। जिनके जवाब की शुरुआत में उन्होंने कहा कि अभी देश के 99 फीसदी जिले फाइव-जी से जुड़ गए हैं। हमारे पास 5जी के वर्तमान में कुल 40 करोड़ के करीब सब्सक्राइबर हैं। जिनकी संख्या वर्ष 2030 तक 100 करोड़ तक पहुंच जाएगी। भाजपा के पूर्वोत्तर क्षेत्र के सांसद तापिर गाव ने अपने प्रश्न में सरकार से पूछा कि अरुणाचल प्रदेश के विजयनगर में बीएसएनएल और एयरटेल का टावर लगा है। मोबाइल में दिखता भी है। लेकिन फिर भी कॉल नहीं लगती है? इस इलाके में सेना, अर्ध-सैन्यबलों के साथ ही आम जनता भी तकलीफ में हैं, सरकार को उचित कदम उठाने चाहिए? जवाब में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सांसद को आश्वासन देते हुए कहा कि मामले में वह व्यक्तिगत रूप से उनसे आकर मुलाकात कर सकते हैं। जिसमें चर्चा करेंगे कि कैसे इस मसले का हल निकाला जा सकता है।

**विजयनगर के विकास के लिए जताई प्रतिबद्धता :** उन्होंने कहा, विजयनगर से मेरा पुराना पारिवारिक नाता है। इसे मेरे एक परिजन जनरल गुराया ने 1955-60 में स्थापित किया है। ये भारत का प्राथमिक गांव है और यहां पर मूलभूत सुविधाओं का विकास करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। कुछ कठिनाईयां (वन्यजीव अभ्यारण का मामला है) होती हैं। जैसे वहां ओएफसी फाइबर लगाना मुश्किल है। मामला सुप्रीम कोर्ट तक चलता है। हमें राज्य सरकार की भी मदद चाहिए। मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री, तापिर गाव से मिलकर बात करूंगा। जिससे इसका हल निकाला जाए। सिंधिया के मुताबिक, केंद्र हर देशवासी को डिजिटल कनेक्टिविटी देना चाहता है। हमने आर्थिक रूप से डिजिटल निधि के तहत टापू, पहाड़ी, नक्सल प्रभावित इलाकों से लेकर सघन फौजी आबादी (सीमाई इलाकों) वाली जगहों में करीब 30 हजार रेखांकित किए हैं। हम 21 हजार टावर लगाएंगे। 17 हजार अब तक लग चुके हैं। जल्द ही ये आंकड़ा शत-प्रतिशत पर पहुंच जाएगा।

### सरकार लाएगी ...

अर्थव्यवस्था जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार राहुल गांधी के आरोपों को लेकर उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाएगी, जल्द ही हम इसे लोकसभा अध्यक्ष को सौंपेंगे। जिसके पीछे की एक बड़ी वजह उनके द्वारा लगाए गए झूठे, आधारहीन आरोपों के जरिए सदन को गुमराह करना है। राहुल को अपने सभी आरोपों को सदन में तथ्यों के साथ प्रमाणित यानी साबित करना पड़ेगा। लोकसभा-राज्यसभा की नियम-प्रक्रिया बिलकुल स्पष्ट और साफ-सुथरी है। जिसमें अगर कोई सदस्य किसी अन्य (पीएम मोदी) के खिलाफ जब गंभीर आरोप लगाता है। तो उसके लिए सबसे पहले उसे संबंधित सदन में नोटिस देना पड़ता है और फिर अपनी बात को प्रमाणित करना होता है। पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने भी राहुल को हिदायत दी थी कि बिना प्रमाणित किए हुए वो इस तरह के संगीन आरोप लोकसभा में नहीं लगा सकते हैं। लेकिन उसके बाद भी वो बार-बार अपनी बात को दोहरा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने हालांकि सदन में अपने आरोपों को साबित करने का दावा किया। जिसे पीठासीन सभापति ने नियम प्रक्रिया के तहत पूरा करने की नसीहत दी।

### लोकसभा सदन में राहुल ...

भारत-अमेरिका परमाणु समझौते पर भी चर्चा करनी चाहिए। त्रिवेदी ने जनरल मनोज नरवणे की किताब को लेकर राहुल गांधी के बयान पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पूछ रहे थे कि कौन झूठ बोल रहा है, लेकिन इस मामले में पहले किताब के प्रकाशक और फिर खुद लेखक द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण से साफ हो गया है कि गलत बयान राहुल गांधी ने ही दिया। भाजपा ने राहुल गांधी के बयानों को गैर-जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि इस तरह की भाषा और आरोप देश की राजनीति और संसद की गरिमा के लिए ठीक नहीं हैं।

### हिंसा और आगजनी के ...

सुरक्षा संतुलन पर भी दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की राजनीतिक पार्टी अवामी लीग की भागीदारी के बिना हालांकि बांग्लादेश में होने जा रहे इन चुनावों को शत-प्रतिशत रूप से समावेशी या निष्पक्ष तथा पारदर्शी नहीं कहा जा सकता है। लेकिन हम यही अपेक्षा करेंगे कि जिस भी दल या पक्ष की सरकार वहां पर चुनावों में जीतकर सत्ता तक पहुंचेगी। वह भारत के खिलाफ सकारात्मक और मित्रता वाला रुख अपनाए। यह जानकारी विशेषज्ञों ने हरिभूमि से बातचीत में दी है। बताते चलें कि शेख हसीना 2025 से ही भारत में शरण लेकर रह रही हैं। छात्रों के हिंसक सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच नई दिल्ली के पास आए उनके अचानक अनुरोध पर ही भारत की सरकार ने उन्हें देश में आने की मंजूरी प्रदान की थी। तब से लेकर आज तक वो यहां पर ही रह रही हैं।

**जमात की तुलना में बीएनपी ज्यादा फायदेमंद :** विदेश मामलों के वरिष्ठ पत्रकार रंजीत कुमार ने बताया कि मैं, बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार द्वारा अवामी लीग के चुनाव लड़ने पर लगाई गई रोक के बाद यह मानता हूं कि ये चुनाव किसी भी लिहाज से समावेशी या पारदर्शी नहीं कहे सकते हैं। लेकिन फिर भी इन पर हमारी बारीक नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि अवामी लीग के बाहर हो जाने से पड़ोसी देश के चुनाव में फिलहाल दो प्रतिद्वंदी दल हैं। एक है जमात-ए-इस्लामी और दूसरा है बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी)। दोनों से वर्तमान समय में भारत के संबंध अच्छे हैं। चरमपंथी सोच वाले जमात के प्रतिनिधि भी भारत के खिलाफ बहुत ज्यादा आक्रामक रुख नहीं अपना रहे हैं। हालांकि इतिहास में उनका पाकिस्तान से रहा नापाक गठजोड़ से सभी भली-भांति परिचित हैं। उनकी सोच कट्टरपंथी रही है और वो पाकिस्तान परस्त नीतियों पर चलते रहे हैं। लेकिन फिर भी मैं यही कहूंगा कि बांग्लादेश में बीएनपी की सरकार बनना भारत के लिए ज्यादा मुफीद साबित होगा।

**चीन-पाक से बढ़ती बांग्लादेश की नजदीकियां :** कुमार ने मौजूदा दौर में बांग्लादेश पर बढ़ते चीन के प्रभाव और पाकिस्तान से दिनों दिन बढ़ती जा रही उसकी दोस्ती पर भी चिंता जताई। साथ ही कहा कि इस लिहाज से वहां पर चुनावों के बाद काबिज होने वाली सरकार का भारत के प्रति रवैया अच्छा होना बेहद जरूरी है। क्योंकि पाकिस्तान की तो भारत से दुश्मनी जगजाहिर है। चीन भी अगर बांग्लादेश के साथ भारत के खिलाफ पूरी तरह से मिल जाएगा। तो कहीं ऐसा न हो कि भविष्य में क्षेत्र के ये तीनों देश मिलकर भारत के लिए कोई बड़ा सुरक्षा खतरा न पैदा करें। यहां ध्यान देने वाली एक बात ये भी है कि बांग्लादेश में सरकार चाहे किसी भी दल की आए। लेकिन उसके लिए भारत से अच्छे रिश्ते रखना बेहद जरूरी है। क्योंकि हमारा देश ही है, जिसकी सीमाएं पाकिस्तान और चीन दोनों से लगती हैं। ऐसे में अगर वो इन दोनों के साथ व्यापार से लेकर अन्य कोई संबंध रखना चाहेंगे तो उन्हें हमारी हर हाल में आवश्यकता पड़ेगी।

### आईटी सेक्टर पर ...

भारत के लिए बड़ा अवसर भी है, बशर्ते देश अपनी रणनीति खुद तय करे। राहुल गांधी ने संसद में दिए अपने वक्तव्य का हवाला देते हुए कहा कि "डेटा ही एआई इंजन का पेट्रोल है" और भारत की सबसे बड़ी ताकत उसके प्रतिभाशाली लोग और 1.4 अरब नागरिकों द्वारा निर्मित विशाल डेटा है। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों में सरकार एक भव्य एआई शिखर सम्मेलन आयोजित कर रही है, जो भारत के लिए वैश्विक नेतृत्व स्थापित करने का अवसर हो सकता था। उनके अनुसार, यह मंच दिखा सकता था कि 1.4 अरब लोगों का देश अपने डेटा का उपयोग अपनी शर्तों पर वैश्विक एआई भविष्य को आकार देने में कैसे कर सकता है।

**ट्रेड डील पर 'डिजिटल चोकहोल्ड' का आरोप :** राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में "डिजिटल व्यापार में बाधाएं हटाने" के नाम पर भारत के हितों से समझौता किया है। उन्होंने इसे अमेरिका का "चोकहोल्ड" (दबाव) बताया। उनका दावा है कि इस समझौते के बाद भारत के लिए—1.5 अरब भारतीयों के डेटा को सुरक्षित रूप से देश में ही संग्रहित करना, विदेशी कंपनियों के सोर्स कोड और एल्गोरिदम में पारदर्शिता सुनिश्चित करना, भारत के डेटा से कमाए गए मुनाफे पर कर लगाना कठिन हो जाएगा।

**विदेशी कंपनियों के प्रभुत्व का मुद्दा :** राहुल गांधी ने कहा कि पहले से ही फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप, यूट्यूब, अमेज़न और एंड्रॉयड जैसी बड़ी विदेशी कंपनियां भारतीय डेटा पर लगभग एकाधिकार बनाए हुए हैं। ऐसे में यदि डिजिटल व्यापार समझौते के तहत अतिरिक्त रियायतें दी जाती हैं, तो भारत के लिए अपने डेटा पर संप्रभु नियंत्रण बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

### नॉर्थ-ईस्ट में विकास ...

पूर्वोत्तर को सशक्त बनाने का स्पष्ट ब्लूप्रिंट है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस बजट में विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए भविष्य का पूरा रोडमैप और खाका तैयार किया गया है। चौहान ने यह भी बताया कि ग्रामीण विकास विभाग के बजट में भी 21% की ऐतिहासिक वृद्धि की गई है। मनरेगा के स्थान पर लाई गई **VB- G RAM G** योजना के लिए 1,51,282 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्ष 86,000 करोड़ रूपये था। राष्ट्रीय सुरक्षा के विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा, हमारे लिए सर्वोपरि है और सीमाओं की सुरक्षा के लिए भारत सरकार हर आवश्यक कदम उठा रही है। अवैध रूप से कोई भी भारत में प्रवेश न कर सके, इसके लिए पुख़्ता इंतज़ाम किए गए हैं। और जो विदेशी घुसपैठिए देश में मौजूद हैं, उनकी पहचान कर उन्हें बाहर निकालना हमारी सरकार का संकल्प है। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक साहा के साथ ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के संबंध में चर्चा की।

### आवास वित्त, रेरा और ...

सेक्टर' विषयों पर भी विस्तृत चर्चा होगी। विभिन्न राज्यों के रेरा चेयरमैन और वरिष्ठ अधिकारी इसमें भाग लेंगे। दूसरे दिन सस्ती और किराया आवास पर फोकस: 14 फरवरी को 'रेरा को सशक्त बनाना, किफायती आवास को बढ़ावा देना और किराया आवास नीति' पर राउंड टेबल चर्चाओं की प्रस्तुति होगी। इसके बाद 'पॉलिसीज एंड रेगुलेशंस: व्हाट नेक्स्ट' विषय पर भविष्य की नीतिगत दिशा तय करने पर मंथन किया जाएगा।



डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# बदलते मौसम में जब बार-बार हो खांसी-जुकाम



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। बदलते मौसम में मुझे सर्दी-खांसी और बुखार की समस्या अकसर हो जाती है। कृपया बताएं, ऐसा क्या करूं कि मैं बदलते मौसम में भी स्वस्थ रह सकूं?**

**-कृपाशंकर, हिसार**

बदलते मौसम में, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, उनको सर्दी-जुकाम जल्दी-जल्दी होता है। आपकी उम्र भी अधिक है, इसलिए आपको और बचाव करने की जरूरत है। कोशिश करें कि सुबह शाम जब ठंड हो तब मॉर्निंग वॉक ना करें या घर से बाहर ना निकलें। अगर निकलना जरूरी हो तो पूरी तरह से वूलेन क्लॉथ पहनकर निकलें। साथ ही फ्रिज में रखा हुआ कोई भी कोल्ड डिश या ठंडा पेय बिल्कुल ना पिएं। नियमित रूप में विटामिन सी वाले यानी खट्टे फल जैसे संतरा, आंवला आदि खाएं। इससे आपको काफी राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पेट में दाईं तरफ मीठा-मीठा दर्द बना रहता है। भूख नहीं लगती है और कभी-कभी बुखार भी आ जाता है। कृपया बताएं कि मुझे ऐसी समस्या क्यों हो रही है?**

**-सौरभ, बिलासपुर**

आपको तुरंत किसी जनरल फिजिशियन से संपर्क करना चाहिए। जैसा आप बता रहे हैं कि दर्द होता है, भूख नहीं लग रही है। साथ में कभी-कभी फीवर भी आता है तो यह संभावना है कि आपको टाइफाइड हो सकता है। लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना मुश्किल है। इसलिए डॉक्टर से संपर्क कर जांच कराएं और फिर रिपोर्ट के आधार पर उसका ट्रीटमेंट होगा।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मुझे कुछ महीनों से हार्ड स्टूल और पाइल्स की समस्या है। कई तरह की दवाइयां और चूर्ण लेने के बाद भी मेरी प्रॉब्लम बनी हुई है। कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?**

**-एक पाठक, ईमेल से**

पाइल्स की समस्या तब शुरू होती है, जब आपका पेट ठीक नहीं होता है यानी आपको मोशंस क्लियर नहीं होते हैं। इसके लिए सबसे जरूरी है कि आप ऐसा खाना खाएं, जो जल्द डाइजेस्ट हो। साथ में कोशिश करें कि खाने के साथ नियमित रूप में पपीता जरूर लें। खाना आपका सादा होना चाहिए, तला-भुना और ज्यादा मिर्च मसाले वाला ना हो। काली मिर्च और अदरक का भी सेवन कम करें या ना करें। ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो एक बार सर्जन को दिखा सकते हैं। अगर ऑपरेट करने की संभावना होगी तो वह कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 23 वर्ष है। मुझे बस या ऑटो में जर्नी करते समय चक्कर आने लगता है और वॉमिटिंग भी होती है। प्लीज कुछ ऐसा उपाय बताएं, जिससे मेरी यह हेल्थ प्रॉब्लम ठीक हो जाए।**

**-विभूति, कांकेर**

इस तरह की समस्याएं कई लोगों को होती है। इसका सीधा तरीका है कि आपको सफर से पहले खाना नहीं खाना चाहिए। हल्का या सॉफ्ट डाइट लेना चाहिए और कोशिश करें कि बस और ऑटो जर्नी कम से कम करें। ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो और जर्नी करनी जरूरी हो तो डॉक्टर से सलाह के बाद वॉमिट रोकने वाली दवा भी ले सकते हैं।

**मेरी उम्र 56 वर्ष है। मैं अकसर छोटी-छोटी बातों को लेकर चिंतित और तनावग्रस्त हो जाता हूं। इस वजह से मुझे ठीक से नींद नहीं आती और बीपी भी बढ़ जाता है। मैं इस समस्या से कैसे निजात पाऊं, प्लीज बताएं?**

**-कौशल, रायपुर**

यह समस्या आज के दौर में काफी लोगों में देखी जाती है। ज्यादातर लोग किसी न किसी मानसिक समस्या से ग्रसित होते हैं। इसका समाधान आप ही कर सकते है। आप क्या सोचते हैं, उसका क्या समाधान होगा, उसे करें। इसके साथ ही सुबह और शाम नियमित रूप में प्राणायाम करें। अगर ज्यादा समस्या है तो एक बार मनोचिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

फिटनेस सजेशन

दिव्यज्योति 'नंदन'

शरीर को हेल्दी और फिट रखने में योगाभ्यास और जिम में वर्कआउट दोनों का अपना-अपना महत्व है। लेकिन अपने लिए किसी का चुनाव करने से पहले आपको यह जरूर जान लेना चाहिए कि किस एज के लोगों को क्या करना अधिक फायदेमंद और सुरक्षित रहता है। हम आपको यहां बता रहे हैं अलग-अलग एज ग्रुप के लोगों के लिए योगा और वर्कआउट में से किसका और कितना अभ्यास करना चाहिए?

# योगाभ्यास-जिम में वर्कआउट किस एज में क्या होता है बेस्ट

आज फिटनेस को लेकर लोगों में काफी मतभेद होता है। एक वर्ग योग को महत्वपूर्ण मानता है और दूसरा वर्ग जिम में वर्कआउट को कारगर समझता है। कोई कहता है जिम के बिना फिटनेस संभव ही नहीं है, तो दूसरे वर्ग के लोग कहते हैं कि कितना भी जिम में वर्कआउट कर लो, बिना योग के शरीर में लोच, लचक नहीं आती और न ही शरीर तनाव से मुक्त होता है। दोनों अपने-अपने तर्कों पर अडिग रहते हैं और दोनों अपने सिवा दूसरे को खारिज करते हैं। लेकिन आपको किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले दोनों के बारे में खूब अच्छी तरह से समझना होगा।

## योगा और जिम वर्कआउट में फर्क

योग शरीर के लचीलेपन को, सांस लेने की प्रक्रिया को, मन की स्थिरता को और हमारे नर्वस सिस्टम को बेहतर बनाने का काम करता है। मतलब यह है कि योग हमारे शरीर को भीतर से तंदुरुस्त करता है। जबकि जिम वेट ट्रेनिंग, शरीर की मसल्स, ताकत, स्टेमिना और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने का जरिया होता है। यह तेजी से शरीर में दिखने वाले बदलाव करता है और हां, अगर बिना इंस्ट्रक्टर के देख-रेख के अगर जिम में वर्कआउट किया जाता है, तो वह चोट लगने और फिटनेस को जोखिम में डालने की आशंका भी पैदा करता है। ऐसे में जरूरी है कि हम यह बात जानें कि योग बनाम जिम नहीं है बल्कि योग एक खास उम्र के लिए ज्यादा बेहतर है और जिम दूसरी उम्र के लोगों के लिए ज्यादा मुफीद होता है।



## 18-25 की उम्र में जिम वर्कआउट करना है सही

इस उम्र समूह के लोगों के लिए शरीर को फिट रखने का सबसे बेहतर जरिया जिम में वर्कआउट को माना जाता है। क्योंकि इस उम्र में शरीर में भरपूर ताकत होती है। टेस्टोस्टेरॉन, ग्रोथ हार्मोन और शरीर की रिकवरी कैपेसिटी पीक पर होती है। इसलिए इस उम्र के लिए जिम में वर्कआउट करना बहुत फायदेमंद होता है। इसलिए इस उम्र के लोगों को जिम, वेट ट्रेनिंग और कार्डियो (मुख्य) को वरीयता देनी चाहिए। लेकिन अगर ये लोग सप्ताह में दो या तीन दिन योग को भी अपनी फिटनेस योजना में शामिल करते हैं तो समझिए सोने में सुहागा है, क्योंकि जिम के जरिए मसल्स आसानी से बनती हैं। बॉडी शेप में आती है और भविष्य के लिए हड्डियों की मजबूती बढ़ती है। अगर इसी दौरान योगाभ्यास का भी साथ लिया जाए तो यह सांस लेने की प्रक्रिया को भी बेहतर बनाता है। शरीर के ध्यान को फोकस करता है, चोटों से बचाता है और मसल्स स्ट्रेचिंग में भी कारगर है। लेकिन इस उम्र में जिम वर्कआउट को मुख्य माना जा सकता है।



## 26-35 साल के लिए योगाभ्यास

26 से 35 साल की उम्र ऐसी होती है, जब शादी, परिवार, तनाव आदि के कारण नींद कम आती है। शरीर चूंकि मजबूत होता है, इसलिए ज्यादा फर्क नहीं दिखता है लेकिन तनाव धीरे-धीरे शरीर को कमजोर और मन को अशांत करने लगता है। आमतौर पर देखा जाता है कि इस वजह से पीठ का दर्द, पेट, वजन, शुगर और बीपी की शुरुआत इसी उम्र में होती है। ऐसे में जरूरी है-

- हफ्ते में कम से कम तीन से चार दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग जरूर करें।
- बाकी बचे तीन दिन हर हाल में योग और प्राणायाम करें।
- इस सबके साथ पैदल चलना और हल्का कार्डियो हर दिन जरूरी है। क्योंकि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से मेटाबॉलिज्म तेज होता है, योग से तनाव काबू में रहता है, नींद बेहतर होती है और दोनों साथ हों तो वजन नियंत्रित रहता है और बॉडी फिट रहती है। लब्बोलुआब यह कि इस उम्र में दोनों पर ध्यान देना चाहिए।

## 36-45 साल की एज में शुरू करें स्मार्ट जिम ट्रेनिंग

यह उम्र का वह पड़ाव होता है, जब मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है और पेट बढ़ने लगता है। शरीर में हार्मोनल बदलाव और मसल्स घटने लगते हैं। जोड़ों की जकड़न, पीठ और कंधे का दर्द बढ़ने लगता है। ऐसे में कुछ बातों पर अमल जरूरी है।

- मॉडरेट वेट ट्रेनिंग करें। यह आपकी जिम एक्टिविटी में मुख्य होनी चाहिए।
- इसी उम्र के दौरान योग और मोबिलिटी ट्रेनिंग शुरू करना भी जरूरी है।
- ध्यान और प्राणायाम इस उम्र के तनाव को कम करते हैं।
- वेट ट्रेनिंग करना भी फायदेमंद है क्योंकि इससे मसल्स मजबूत बनती हैं।
- योगाभ्यास, जोड़ों और रीढ़ को सुरक्षित रखता है, दोनों मिलकर शरीर को एजिंग के खिलाफ मजबूती देते हैं। ऐसे में इस उम्र में वर्कआउट और योगाभ्यास दोनों करना जरूरी है।

## 46-60 की उम्र में योग को दें प्राथमिकता

उम्र का यह वह पड़ाव होता है, जब व्यक्ति अकसर बीपी, शुगर, हार्ट रिस्क, घुटनों के दर्द और कमर की समस्याओं से जूझ रहा होता है। बहुत लोग सोचते हैं कि अब जिम नहीं करना चाहिए पर विशेषज्ञ कहते हैं, इस उम्र में भी हल्की स्ट्रेंथ ट्रेनिंग बेहद जरूरी है। पर हां, योग सबसे ज्यादा जरूरी है। ऐसे में इस उम्र का बेहतरीन फार्मूला कुछ इस तरह का बनता है-

- योगाभ्यास को मुख्य रूप से रोजाना करें। विशेषकर जोड़ों, फेफड़ों की बेहतरी के लिए ये बहुत कारगर रहता है।
- हल्की वेट ट्रेनिंग भी जरूरी है। इस उम्र में चूंकि हड्डियों और मसल्स की समस्याएं सिर उठाने लगती हैं, इसलिए हल्की वेट ट्रेनिंग लगातार करते रहना चाहिए।
- सबसे ज्यादा जरूरी है कि इस उम्र में लंबी वॉक करें, क्योंकि हार्ट हेल्थ के लिए यह बहुत फायदेमंद होता है।



- इस उम्र में योगाभ्यास करने से शरीर में लचीलापन बना रहता है और मसल्स-जोड़ों में दर्द कंट्रोल में रहता है।
- स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से गिरने का खतरा कम होता है।
- हड्डियां मजबूत होती हैं, मसल्स लॉस कम होता है। लब्बोलुआब यह है कि इस उम्र में योग को प्राथमिकता दें, लेकिन हल्के जिम की रेग्युलर एक्सरसाइज न छोड़ें। *

# मेरे लिए हेल्दी-फिट फील करना सबसे ज्यादा जरूरी है

फिटनेस फंडा

पारस अरोड़ा

इन दिनों एंड टीवी पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'घरवाली पेड़वाली' में जीतू का किरदार निभा रहे पारस अरोड़ा काफी फिट नजर आते हैं। इसके लिए वे क्या एफर्ट करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।

**हेल्थ-फिटनेस की इंपॉर्टेंसः** मेरे हिसाब से हेल्दी और फिट रहना अच्छी लाइफ की सबसे मजबूत नींव है। अगर आप शारीरिक तौर पर फिट नहीं हो तो चाहे कितनी भी सफलता मिल जाए, आप उसे पूरी तरह एंज्वॉय नहीं कर पाते। एक एक्टर होने के नाते हमारे काम में लंबे शूटिंग ऑवर्स, ट्रैवल और अनप्रेडिक्टेबल रूटीन होता है। ऐसे में फिटनेस ही है, जो मुझे हर दिन फ्रेश और फोकस्ड रखती है। फिट बॉडी के साथ-साथ पॉजिटिव माइंडसेट भी बहुत जरूरी है।

**हेल्दी-फिट फील करना इंपॉर्टेंटः** मेरे लिए हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक फील करना, सबसे ज्यादा जरूरी है। अगर आपके पास एनर्जी नहीं है, तो आप अपने काम में 100% नहीं दे सकते।

**डाइट प्लानः** मैं बहुत ज्यादा स्ट्रिक्ट डाइट फॉलो नहीं करता, लेकिन बैलेंस्ड खाने में



विश्वास रखता हूं। सुबह की शुरुआत गुनगुने पानी या नीबू पानी से करता हूं। ब्रेकफास्ट में ओट्स, अंडे या कभी-कभी घर का बना परांठा खाता हूं। लंच में दाल, सब्जी, रोटी और सलाद लेना पसंद करता हूं। शाम को फल, नट्स या नारियल पानी ले लेता हूं। और डिनर में हल्का खाना जैसे सूप या सब्जी ले लेता हूं। मैं जंक फूड और ज्यादा मीठा खाने से बचता हूं।

**वर्कआउट शेड्यूलः** मैं हफ्ते में 4 से 5 दिन वर्कआउट करने की कोशिश करता हूं। मेरा रूटीन मिक्स रहता है कभी जिम, कभी कार्डियो, कभी योग। शूटिंग की वजह से अगर जिम नहीं जा पाता, तो कम से कम वॉक, स्ट्रेचिंग या बॉडीवेट एक्सरसाइज जरूर करता हूं। मेरा मानना है कि रोज थोड़ा मूवमेंट बहुत जरूरी है।

**मेंटल फिटनेसः** मेंटल फिटनेस के लिए मैं रोज मेडिटेशन करता हूं और खुद के लिए थोड़ा मी टाइम निकालता हूं। म्यूजिक सुनना, फैमिली, दोस्तों से बात करना मुझे स्ट्रेस-फ्री रखता है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

मेंटल हेल्थ

रेखा देशराज

नेचर के करीब कुछ समय बिताने से न केवल सुकून मिलता है, हम मेंटली हेल्दी भी रहते हैं। इस बात की पुष्टि कुछ समय पहले किए गए एक स्टडी में हुई है। इस स्टडी के बारे में डिटेल में जानिए।

# नेचर के करीब रहने से आप रहेंगे मेंटली हेल्दी

हाल ही में हुए एक अध्ययन में यह पाया गया कि प्रकृति से जुड़ी गतिविधियां हमारे मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं। जो लोग मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे हैं, उनको भी प्रकृति के साथ जुड़ने से लाभ होते हैं। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ योर्क द्वारा किया गया, जिसमें बताया गया है कि घर से बाहर प्रकृति से जुड़ी गतिविधियां हमारे भीतर के तनाव को कम करती हैं, मूड अच्छा करती हैं और हममें सकारात्मक भावनाओं को बढ़ावा देती हैं। इसमें यह भी पाया गया है कि 20 से 90 मिनट की गतिविधियां, जिन्हें हम 8 से 12 सप्ताह तक करते हैं, इनके बहुत ही बेहतर नतीजे सामने आते हैं।

**क्या कहती है स्टडीजः** इस अध्ययन में अध्ययनकर्ताओं द्वारा 14,321 नेचर बेस्ड इंटरवेंशंस यानी जो लोग प्रकृति से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर रहे थे, उनके रिकॉर्ड के 50 अध्ययनों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है। इस अध्ययन के मुख्य लेखक डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ साइंसेज के डॉ. पीटर कन्वेंटरी का कहना है कि हम पहले से ही इस तथ्य से परिचित हैं कि प्रकृति से जुड़ना हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। लेकिन हमारे इस अध्ययन ने इस बात को और भी





पुख्ता कर दिया है कि प्रकृति से जुड़ी गतिविधियों में संलग्न होने से हमारा मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। प्रकृति से जुड़ी इन गतिविधियों को स्वयं किया जाए या दूसरों के साथ मिलकर किया जाए, सभी का फायदा होता है। इस अध्ययन में यह भी पाया गया कि आउटडोर गतिविधियां शारीरिक स्वास्थ्य को कम, मानसिक स्वास्थ्य को ज्यादा सुधारती हैं। इस अध्ययन ने लोगों को इस बात के लिए भी उत्साहित किया है कि प्रकृति से जुड़ी गतिविधियों को करने से हमारे शारीरिक स्वास्थ्य पर भी असर होता है। इसलिए इस अध्ययन ने लोगों को एक दूसरे के साथ जुड़कर खुद को प्रकृति से जुड़ने की ओर उत्साहित किया है।

**तन-मन को मिले फायदाः** आज की मॉडर्न जीवनशैली में लोग अपना अधिकांश समय घर या दफ्तर के भीतर फोन, टेलीविजन या कंप्यूटर की स्क्रीन पर ही बिताते हैं। दिनभर ऑफिस में रहने के दौरान मानसिक रूप से थके होने के कारण हम तनाव का शिकार होते हैं और ऐसे में प्राकृतिक वातावरण में अगर हमारा तन और मन विश्राम पाते हैं तो हमारी एकाग्रता बढ़ती है और हमें खुशी की अनुभूति होती है। दिल को सुकून मिलता है। प्रकृति के बीच अपना समय बिताने के लिए वॉक करना, साइकिलिंग या लंबी दूरी तक पैदल चलना अच्छा लगता है। इससे हम वजन तो नियंत्रित रख ही सकते हैं। मासंपेशियों में तनाव कम होता है। हृदय प्रणाली पर दबाव कम होने से हार्ट बीट और ब्लड प्रेशर भी कम हो जाता है। जो लोग प्रकृति के ज्यादा करीब रहते हैं, उनमें हृदय रोग की दर भी कम होती है। खुले वातावरण में रहने से विटामिन डी का शरीर में स्तर बढ़ता है, जो हड्डियों, रक्त कोशिकाओं और प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण है।

**चिंता-अवसाद होते हैं कमः** रोजमर्रा की भागदौड़ भरी जिदंगी से कुछ देर प्रकृति के सान्निध्य में हमें मानसिक शांति मिलती है और हमारी रचनात्मक क्षमता भी बढ़ती है। कभी-कभी जब हम मानसिक रूप से थक जाते हैं और ताजी हवा के लिए घर से बाहर प्रकृति के नजदीक रहते हैं तो हम अपने को बेहतर पाते हैं। प्रकृति हमारी चिंता को कम करती है। तनाव व क्रोध घटाती है। हरियाली वाले स्थान में रहने से हमें अवसाद कम होता है। प्राकृतिक रोशनी में रहने से रात में नींद भी अच्छी आती है। *



### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई निर्णय

# जनजातीय कार्य, महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं को वर्ष 2030-31 तक की निरंतरता के लिए 7,133 करोड़ 17 लाख रुपए की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट ने वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक जनजातीय कार्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की निरंतरता के लिए 7,133 करोड़ 17 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृति अनुसार जनजातीय कार्य विभाग की पीवीटीजी आहार अनुदान योजना के लिए 2,350 करोड़, एकीकृत छात्रावास योजना के लिए 1,703 करोड़ 15 लाख रुपए, सीएम राइज विद्यालय योजना के लिए 1,416 करोड़ 91 लाख की मंजूरी दी गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। इसमें उक्त कार्यो के अलावा आवास सहायता योजना के लिए 1,110 करोड़ के साथ ही माध्यमिक शिक्षा मण्डल को शुल्क की प्रतिपूर्ति, एससी-एसटी के अभ्यार्थियों को छात्रवृत्ति, कक्षा-9 वीं की छात्रवृत्ति के लिए 522 करोड़ 8 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास की मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के लिए 31 करोड़ 3 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है।


कैबिनेट बैठक का दृश्य।

#### धरती आबा के लिए 366 करोड़ रुपए

कैबिनेट ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए-जेजीयूए) के तहत विद्युत अधोसंरचना विस्तार में 63 हजार 77 अविद्युतीकृत घरों एवं 650 अविद्युतीकृत शासकीय संस्थानों के विद्युतीकरण के लिए 366 करोड़ 72 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इसमें केन्द्र शासन से अनुदान राशि 220 करोड़ 03 लाख रुपए तथा राज्य शासन का अंश 146 करोड़ 69 लाख रुपए का भार आएगा। इसके अतिरिक्त (मप्र ऊर्जा विकास निगम) 8 हजार 521 घरों को ऑफ-ग्रिड से विद्युतीकरण के लिए अनुमानित लागत 97 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

#### मृत्यु की दशा में परिवार पेंशन का प्रावधान

प्रमुख नवीन प्रावधान के तहत अभिदाता की मृत्यु की दशा में परिवार पेंशन का प्रावधान किया गया है। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति और ई-सेवा पुस्तिका संबंधी प्रावधान किया गया है। केन्द्र तथा मध्यप्रदेश शासन की पूर्व सेवाओं को जोड़ा जायेगा। निलम्बन अवधि में अभिदाता तथा नियोक्ता के अंशदान का प्रावधान किया। इसके साथ ही राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत एवं स्पष्ट प्रक्रिया, अंशदान की दर, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र एवं मृत्यु की दशा में निकास प्रावधान किया गया है।

***2 लाख रुपए प्रति घर तक अनुमानित लागत वाली बसाहटों में खर्च होंगे***

*अनुमोदन अनुसार भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार वितरण कंपनी स्तर पर निर्धारित सीलिंग कॉस्ट का पालन करते हुए, 2 लाख रुपए प्रति घर तक अनुमानित लागत वाली बसाहटों में राज्य की विद्युत वितरण कंपनियों की ओर से विद्युत अधोसंरचना निर्माण कर ऑन-लाइन प्रणाली से विद्युतीकरण किया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### मप्र विस के पूर्व अध्यक्ष स्व. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर विधानसभा में पुष्पांजलि सभा



**भोपाल।** विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. राजेंद्र प्रसाद शुक्ल की जन्म जयंती पर आज मंगलवार को विधानसभा के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पूर्व प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा, पूर्व विधायकगण, विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने शुक्ल की सुपुत्री विनीता वाजपेई सहित विधानसभा के बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी की उपस्थित रहे।

### लाड़ली बहना योजना पर एचसी का हवाला देकर सिंगार ने सरकार को घेरा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की बहुचर्चित लाड़ली बहना योजना को लेकर सरकार का असली रुख अब मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में उजागर हो गया है। इस मामले को लेकर हाईकोर्ट का हवाला देते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने सरकार को सवालों को घेरे में खड़ा किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने लिखा कि योजना के तहत प्रदेश की हजारों पात्र महिलाओं का पंजीयन बंद कर दिया गया है, वहीं 18 से 21 वर्ष की विवाहित महिलाओं को योजना से बाहर रखे जाने को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। इसी कथित अन्याय के खिलाफ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में मांग की गई है कि 21 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं का पंजीयन दोबारा शुरू किया जाए, 18-21 वर्ष की विवाहित महिलाओं को योजना का लाभ दिया जाए और सरकार द्वारा सार्वजनिक मंचों से घोषित 3,000 प्रतिमाह की राशि को लागू किया जाए लेकिन इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ, जब हाईकोर्ट में बहनों के पंजीयन को फिर से शुरू करने की मांग उठी और राज्य सरकार के उपमहाधिवक्ता ने स्वयं इस मांग का विरोध किया।



### उपमुख्यमंत्री को नर्सिंग ऑफिसर की समस्याओं से कराया अवगत



**भोपाल।** समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र कौरव और एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष नीतू केल्दे के नेतृत्व में नर्सिंग ऑफिसर की समस्याओं से उपमुख्यमंत्री डॉ राजेंद्र शुक्ल को अवगत कराया गया। महासंघ ने नर्सिंग ऑफिसर की लंबित 14 सूत्रीय लंबित मांगों का ज्ञापन भी राजेंद्र शुक्ल को सौंपा। सरेंद्र कौरव और नीतू केल्दे ने होप प्रोग्राम में होने वाली वर्तमान और भविष्य में आने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया। उपमुख्यमंत्री ने नर्सिंग ऑफिसर की मांगों पर एनएचएम एमडी से चर्चा कर जल्द ही निराकरण करने आश्वासन दिया।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय दिशा कमेटी की बैठक

# बच्चों को पढ़ाई के लिए नहीं जाना होगा दूर, शहरों में स्कूलों के लिए सर्वे की तैयारी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों में बढ़ती हुई आबादी और क्षेत्र को देखते हुए बच्चों को शिक्षा मुहैया करवाने के लिए स्कूल खोलने के लिए सर्वे किया जाए ताकि शहरों में बच्चों को लम्बी दूरी तय करके स्कूल न जाना पड़े। मुख्यमंत्री बुधवार को राज्य स्तरीय दिशा कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

- **2025 में 15386 बच्चों को मुख्यधारा में लाया गया**

बैठक में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, सांसद धर्मबीर सिंह, नवीन जिन्दल सहित कई विधायक भी मौजूद रहे। बैठक से सभी जिला के अधिकारी भी ऑनलाइन जुड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा गत वर्ष स्कूल छोड़ चुके 34 हजार बच्चों में से 18796 बच्चों को 6 माह का प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा उनमें से 15386 बच्चों को मुख्यधारा में लाया गया।

#### डे केयर कैंसर सेंटरों का शुभारम्भ




#### नए जन औषधि केंद्र खोलने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को टीबी मुक्त और एनीमिया मुक्त करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। राष्ट्रीय कृमि मुक्त अभियान में राज्य ने 98 प्रतिशत कवर किया गया है। इसके अलावा प्रदेश में नेच्यूरोपेथी सुविधाएं बढ़ाई जाए ताकि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिले। जनऔषधी केन्द्र खोलने पर बल दिया जाए ताकि नागरिकों को उचित मूल्य पर दवाइयां सुलभ हो सके।

#### पंचकूला में याद किए गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय

## राजनीति सत्ता का साधन नहीं बल्कि सेवा का माध्यम : नायब



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन पर चलते हुए गरीब से गरीब व्यक्ति तक विकास का लाभ पंहुचा रही है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि विकास की रोशनी अंतिम छोर तक पंहुचे और कोई भी नागरिक पीछे ना छूटे। मुख्यमंत्री नायब सैनी पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंच कमल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित 'समर्पण दिवस' कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

#### भाजपा का महा प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी का महा प्रशिक्षण अभियान गुरुवार से शुरू होने जा रहा है। हरियाणा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान की रूपरेखा बनाने के लिए पहली कार्यशाला फरीदाबाद के सूरजकुंड में गुरुवार को होगी। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे शुरू होने वाली इस कार्यशाला में राष्ट्रीय स्तर पर इस अभियान की कमान संभालने वाले राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा सहित तमाम बड़े नेता भी उपस्थित रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली के अनुसार साल भर तक विभिन्न स्तरों पर चलने वाले महाप्रशिक्षण अभियान के तहत संगठन से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, आचार और व्यवहार से प्रशिक्षित किया जाएगा।

### करोड़ों के कारम डैम घोटाले की रिपोर्ट पेश

## सीई, अधीक्षण यंत्री समेत दोषी ठहराए पांच इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


फाइल फोटो

कारम डैम घोटाले के लिए पांच इंजीनियर जिम्मेदार पाए गए हैं, जबकि तीन इंजीनियरों को साक्ष्यों के अभाव में आरोपों से मुक्त किया गया है। जल संसाधन विभाग के सचिव जॉन किंग्सली एआर की 350 पेज की जांच रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। 304.44 करोड़ की लागत वाले कारम डैम घोटाले की साढ़े तीन साल तक चली जांच के बाद पेश की गई।

रिपोर्ट में जिन पांच इंजीनियरों को डैम फूटने के लिए जिम्मेदार पाया गया है, उनके विरुद्ध जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता द्वारा 17 फरवरी को सुनवाई की जाएगी। इस डैम को बनाने की जिम्मेदारी एएनएस कंसट्रक्शन नई दिल्ली को सौंपी गई थी। जल संसाधन विभाग के सचिव जॉन किंग्सली एआर की रिपोर्ट में कहा गया है कि विभागीय जांच के अंतर्गत उपलब्ध साक्ष्यों, साक्षियों के बयान, आरोपियों द्वारा पेश बचाव के दस्तावेज और अन्य तथ्यों के परीक्षण के बाद यह बात सामने आई है कि प्रभारी मुख्य अभियंता नर्मदा ताप्ती कछार सीएस घटोल, पी जोशी तत्कालीन अधीक्षण यंत्री जल संसाधन मंडल धार, बीएल निनामा तत्कालीय कार्यपालन यंत्री डजल संसाधन ससंभाग क्रमांक एक धार, आदि पर कारम डैम फूटने को लेकर लगाए गए आरोप प्रमाणित पाए गए हैं।

***शासन को कोई वित्तीय हानि नहीं हुई***

*जांच अधिकारी ने यह भी टिप्पणी की जांच अधिकारी जॉन किंग्सली एआर ने कहा है कि विभागीय जांच के दौरान कुछ आरोपी इंजीनियरों ने रिपोर्ट दी कि बांध पूरी तरह सुरक्षित था। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बांध में कट लगाने का निर्णय लिया गया, अगर ऐसा नहीं किया जाता तो बांध भी सुरक्षित रहता। इस कार्य से शासन को कोई वित्तीय हानि नहीं हुई है। जांच अधिकारी ने इसके आधार पर शासन को हुई वित्तीय हानि का उल्लेख करते हुए रिपोर्ट में कहा है कि कलेक्टर धार के 3 फरवरी 2026 के पत्र के अनुसार कारम डैम दुर्घटना में किसानों और प्रभावित व्यक्तियों को हुए नुकसान के बाद कुल 14 लाख 70 हजार 398 का भुगतान सरकार को करना पड़ा है।*

*किसान और भट्टे वालों को किया लाखों का भुगतान इसमें से 1 लाख 94 हजार 419 खेती की जमीन पर मिट्टी के जमाव के कारण देने पड़े हैं तो 9 लाख 90 हजार 679 फसल क्षति के रूप में भुगतान करना पड़ा।*

### दो अलग-अलग हादसों में गई दो लोगों की जान

## सड़क हादसे में बस्तर फाइटर के जवान की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर




शहर और उसके आसपास हुए दो सड़क हादसों में दो युवकों की जान चली गई। इनमें से एक मृतक बस्तर फाइटर का जवान बताया जा रहा है, जो ड्यूटी पर जा रहा था। वहीं, दूसरे हादसे में एक युवक डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

इन घटनाओं ने क्षेत्र में यातायात सुरक्षा पर चिंताएं बढ़ा दी हैं। नारायणपाल के पास डिवाइडर से टकराकर युवक की मौत पहली घटना नारायणपाल के पास हुई, जहां गढ़िया लोहंडीगुड़ा निवासी 22 वर्षीय बलवीर मौर्य अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपनी मां को छोड़ने बोदरा गया हुआ था। वापसी के दौरान अनियंत्रित होकर वह सड़क के डिवाइडर से जा टकराया। इस भीषण दुर्घटना में बलवीर के सिर में गंभीर चोटें आईं। उसे तत्काल लोहंडीगुड़ा ले जाया गया, जहां से बेहतर उपचार के लिए जगदलपुर के मेकाज अस्पताल रेफर किया गया।

### जिला पंचायत बीजापुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का फरमान

## जनपद पंचायत भोपालपट्टनम का सचिव निलंबित, अनियमितताओं का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर




जिला पंचायत बीजापुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्राम पंचायत गुल्लापेंटा, जनपद पंचायत भोपालपट्टनम के सचिव पेंदम हरिगोपाल को 15वें वित्त योजना की राशि में अनियमितता बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई उनके द्वारा पदीय दायित्वों के प्रति बरती गई घोर उदासीनता का परिणाम है। हरिगोपाल को 16 जनवरी के माध्यम से एक कारण बताओ सूचना जारी की गई थी। उन्हें निर्धारित समय-सीमा में अपने कृत्य का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था।

हालांकि, उनके द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण का परीक्षण करने पर वह संतोषजनक नहीं पाया गया। यह जवाब उनके कर्तव्यों के प्रति गंभीरता की कमी को दर्शाता है। ग्राम पंचायत सचिव के रूप में अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही पाए जाने के फलस्वरूप, छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम 4(1) के तहत पेंदम हरिगोपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

***जारी रहेगा जीवन निर्वाह भत्ता***

*इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। यह कदम वित्तीय अनियमितताओं के प्रति सरकारी गंभीरता को रेखांकित करता है। 15वें वित्त योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है। इस तरह की अनियमितताओं पर की गई कार्रवाई यह संदेश देती है कि सार्वजनिक धन के दुरुपयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्राम पंचायतों के सचिवों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है और उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे वित्तीय नियमों का सख्ती से पालन करें। इस मामले में की गई कार्रवाई भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने में सहायक हो सकती है।*

### फरसगांव थानांतर्गत भोगाम गांव की घटना

## *सड़क हादसे में युवक की मौत, मामला संदिग्ध*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र के भोगाम गांव के पास बीती रात एक भीषण सड़क हादसे में राहुल वेन्जाम नामक युवक की मौत हो गई। यह घटना तब सामने आई जब सुबह आसपास से गुजर रहे लोगों ने नाले में बाइक के साथ युवक का शव देखा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

फरसपाल थाना प्रभारी ने बताया कि गीदम के हाउरनार निवासी राहुल वेन्जाम अपने दोस्तों के साथ फरसपाल गांव में आयोजित मेले में गया हुआ था। रात को लौटते समय भोगाम गांव के पास एक तीखे मोड़ पर अनियंत्रित होकर उसकी बाइक सड़क किनारे स्थित नाले में जा गिरी। रात का अंधेरा होने और सुनसान इलाका होने के कारण किसी ने भी युवक को नहीं देखा, जिसके चलते वह रात भर नाले में पड़ा रहा और चोटों के कारण उसकी मृत्यु हो गई। सुबह राहगीरों द्वारा शव देखे जाने के बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि युवक संभवतः तेज गति से वाहन चला रहा था, जिसके कारण वह मोड़ पर नियंत्रण खो बैठा।

### सीएम ने बैठक से पहले मंत्रियों को किया संबोधित

#### मातृ मृत्यु दर 173 से घटकर 142 और शिशु मृत्यु दर 41 से हुई घटकर 37

## समर्थन मूल्य पर सात मार्च तक किया जाएगा गेहूं उपार्जन के लिए रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में गेहूं का उपार्जन के लिए पंजीयन 7 फरवरी से शुरू हो गया है, यह 7 मार्च तक जारी रहेगा। प्रदेश में 3186 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। गेहूं का समर्थन मूल्य पिछले वर्ष से 160 रुपए अधिक है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक संदेश मिला है। प्रदेश में मातृ मृत्यु दर 173 से घटकर 142 और शिशु मृत्यु दर 41 से घटकर 37 हो गई है। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में मप्र देश के 5 शीर्ष राज्यों में शामिल है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक से पहले अपने संबोधन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सिकल सेल उन्मूलन के लिए प्रदेश में व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। आयुष्मान योजना के माध्यम से उपचार में मप्र देश में प्रथम स्थान पर है। एयर एंबुलेंस सेवा और राहवीर योजना के क्रियान्वयन में भी निरंतर प्रगति हो रही है। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि सभी जिलों में विक्रमोत्सव और गुड़ी पड़वा का पर्व उल्लास और उत्साह से मनाया जाए। इसके तत्काल बाद प्रदेश में जल गंगा अभियान आरंभ हो जाएगा जो 3 महीने तक जारी रहेगा।


फाइल फोटो

#### मंत्री अपने-अपने जिलों में समन्वय बनाएं

मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को अपने-अपने जिलों में अभियान की गतिविधियों के व्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश को नक्सलियों से मुक्त करने के उपलक्ष में 9 फरवरी को बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकौशल क्षेत्र की कृषि कैबिनेट बालाघाट में की जाएगी, जो पूरे क्षेत्र को विकास की मुख्य धारा में लाने के संकल्प का प्रतीक होगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश को रेल के क्षेत्र में सिंगरौली जबलपुर ट्रेन की सौगात प्राप्त होने वाली है।

#### धान का समर्थन मूल्य 2369 रुपए रखा गया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि धान का समर्थन मूल्य 2369 रुपए रखा गया है, जो पिछली बार की एमएसपी से अधिक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 51 लाख 74 हजार मीट्रिक टन धान का उत्पादन हुआ। प्रदेश में 8 लाख 59 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया, जिसमें से 7 लाख 89 हजार से अधिक किसानों ने स्पॉट बुकिंग कर धान उत्पादन में अपना योगदान दिया।

#### रेस्क्यू सेंटर और जू एक साथ विकसित करने की योजना

सीएम ने बताया कि प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रेस्क्यू सेंटर और जू एक साथ विकसित करने की योजना है, इसके तहत जबलपुर और उज्जैन में गतिविधियां शुरू हुई हैं।

### प्रदेशाध्यक्ष ने की संभाग और जिला प्रभारियों के साथ बैठक

## दायित्वबोध, प्रवास, समन्वय और संवाद से होगा संगठन मजबूतः जामवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संभाग एवं जिला प्रभारियों के साथ बैठक की। इस बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि किसी भी दायित्व को प्रभावी तरीके से निभाने के लिए सबसे पहले उसकी स्पष्टता बेहद जरूरी है। जिला प्रभारी को अपने प्रभार वाले जिले का भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और संगठनात्मक पहलुओं का गहन अध्ययन करना होगा, और निरंतर प्रवास के माध्यम से संगठन को आगे बढ़ाना होगा, ताकि पार्टी संगठन के लक्ष्यों को सही दिशा मिल सके। दायित्वबोध, प्रवास, समन्वय और संवाद से संगठन मजबूत होगा। बैठक का संचालन पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ ने किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी एवं गौरव रणदिवे मंचासीन रहे।


भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक।

***संगठन की मजबूती का आधार कार्य विभाजन है***

*जामवाल ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए किसी भी दायित्व को प्रभावी ढंग से निभाने के लिए सबसे पहले जिम्मेदारी की स्पष्ट परिभाषा, उसकी भूमिका और संपूर्ण जानकारी का होना आवश्यक है। जिला प्रभारी को अपने प्रभार वाले जिले का भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और संगठनात्मक अध्ययन करते हुए निरंतर प्रवास के माध्यम से आगे बढ़ाना होगा, ताकि सफलता का मार्ग सुनिश्चित हो सके। संगठन की मजबूती का आधार कार्य विभाजन है। कोई भी पदाधिकारी या कार्यकर्ता बिना दायित्व के नहीं रहना चाहिए।*

## चिंतन

# सच्चाई की सुरक्षा के लिए डीपफेक पर सख्ती जरूरी

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को मानव की सहायता के लिए विकसित किया गया था, ताकि कामकाज आसान हो, उत्पादकता बढ़े और जटिल समस्याओं का समाधान मिल सके। एजेंटिक एआई जैसी उभरती तकनीकें बड़े भाषा मॉडल, मशीन लर्निंग और एंटरप्राइज ऑटोमेशन को जोड़कर ऐसे स्वायत्त सिस्टम बना रही हैं, जो डेटा का विश्लेषण कर निर्णय ले सकते हैं और कम मानवीय हस्तक्षेप में कार्य कर सकते हैं। यह तकनीक उद्योगों, प्रशासन और सेवा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखती है, लेकिन हर तकनीक के साथ एक जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। एआई का दुरुपयोग आज गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। गूगल के सीईओ तक यह स्वीकार कर चुके हैं कि एआई का गलत इस्तेमाल नए खतरे पैदा कर रहा है। इन खतरों में सबसे बड़ा और चुनौतीपूर्ण रूप है डीपफेक। डीपफेक ऐसी तकनीक है, जिसके माध्यम से किसी व्यक्ति की आवाज, तस्वीर या वीडियो को इस तरह बदला जा सकता है कि वह वास्तविक प्रतीत हो। इससे किसी की प्रतिष्ठा, निजता और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर आघात पहुंच सकता है। राजनीति, समाज और पारिवारिक जीवन हर क्षेत्र में इसका दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है। हाल ही में एलन मस्क के एआई 'ग्रोक' के जरिए सोशल मीडिया पर अश्लील और भ्रामक तस्वीरों की बाढ़ इसका ताजा उदाहरण है। विवाद बढ़ने पर सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ा और संबंधित मंचों को सामग्री हटाने के निर्देश देने पड़े। सरकार ने अब सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में संशोधन कर डीपफेक और एआई-जनित बनावटी सामग्री के प्रबंधन के लिए सख्त प्रावधान लागू किए हैं। 20 फरवरी से लागू होने वाले इन नियमों के तहत एक्स, इंस्टाग्राम जैसे मंचों को सक्षम प्राधिकारी या अदालत के आदेश पर ऐसी सामग्री तीन घंटे के भीतर हटानी होगी। इसके अलावा, एआई से तैयार सामग्री की अनिवार्य लेबलिंग भी जरूरी कर दी गई है, ताकि उपयोगकर्ता जान सकें कि वे जो देख रहे हैं वह वास्तविक है या कृत्रिम रूप से निर्मित। यह कदम स्वागत योग्य है, क्योंकि बनावटी सामग्री को अब औपचारिक रूप से 'सूचना' की श्रेणी में रखा गया है और गैरकानूनी गतिविधियों के निर्धारण में इसे अन्य सूचनाओं के समान माना जाएगा। साथ ही, यदि किसी सामग्री पर एआई लेबल लगाया गया है तो उसे हटाने या छिपाने की अनुमति नहीं होगी। जहां संभव हो, वहां स्थायी मेटाडेटा जोड़ना भी अनिवार्य किया गया है। सबसे बड़ी चिंता बच्चों को लेकर है। बच्चों का मन कोमल और संवेदनशील होता है। डीपफेक या भ्रामक सामग्री उनके मानसिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर बुलिंग और फर्जी वीडियो के माध्यम से बच्चों को निशाना बनाना एक गंभीर सामाजिक समस्या बनती जा रही है। ऐसे में अभिभावकों, स्कूलों और डिजिटल मंचों को मिलकर बच्चों की डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। एजेंटिक एआई जहां संभाव्य और अनुकूलनशील तकनीक के रूप में नए अवसर खोल रहा है, वहीं नियतात्मक प्रणालियां जैसे आरपीए सुरक्षित और अनुपालन आधारित संचालन के लिए अभी भी महत्वपूर्ण है। भविष्य का डिजिटल ढांचा इन दोनों तकनीकों के संतुलित संयोजन पर आधारित होगा, परंतु तकनीकी प्रगति का अर्थ यह नहीं कि नैतिकता और निजता को दरकिनार कर दिया जाए। आज आवश्यकता है कि सोशल मीडिया कंपनियां अपनी जिम्मेदारी समझें। केवल मुनाफा कमाने की दौड़ में वे समाज को जोखिम में नहीं डाल सकतीं।



जयंती विशेष
अखिलेश आर्येन्दु

# दयानंद ने दिखाया था परमार्थ का रास्ता

महर्षि दयानंद ने आर्य समाज, परोपकारिणी सभा, गौकृष्यादि रक्षणी सभा और धर्म सभा की स्थापना की। वे ऐसे समाज सुधारक, वेदों के उद्धारकर्ता और धर्म के रक्षक महामान थे, जिनका मानना था कि दूसरों की उन्नति, प्रगति और विकास को ही अपनी उन्नति और विकास मानना मानव का स्वभाव होना चाहिए। इससे जहां परहित होता है, वहीं पर स्वहित भी होता जाता है। जहां भी सामाजिक कार्य हों, वहां पर अपने निहित स्वार्थ को तज सामाजिक स्वार्थ को प्राथमिकता देनी चाहिए। सभी मतावलम्बियों के साथ विमर्श कर एक सर्वसम्मत सद्भाव का रास्ता पहली बार दयानंद संन्यासी ने तलाशा। यह बगैर किसी दुराग्रह, आग्रह और स्वार्थ के वशीभूत हो किया गया सर्वहितकारी राष्ट्रहितैषी कार्य था।

गुजरात के काठियावाड़ के टंकारा ग्राम में 200 वर्ष पूर्व जन्म लेने वाले आर्य समाज, परोपकारिणी सभा, गौकृष्यादि रक्षणी सभा और धर्म सभा की स्थापना करने वाले महर्षि दयानंद का जीवन और कार्यों को समझने के लिए किताब खोलने की जरूरत नहीं है, बल्कि उनके द्वारा स्थापित संस्थाएं और उनसे प्रेरणा लेने वाले लाला लाज पत राय, सरदार भगतसिंह, राम प्रसाद बिस्मिल, स्वामी श्रद्धानंद सरीखे अनगिनत मां भारती के वीर योद्धाओं के कार्यों से हम समझ सकते हैं। वे ऐसे समाज सुधारक, वेदों के उद्धारकर्ता और धर्म के रक्षक महामान थे, जिनका मानना था कि दूसरों की उन्नति, प्रगति और विकास को ही अपनी उन्नति और विकास मानना मानव का स्वभाव होना चाहिए। इससे जहां परहित होता है, वहीं पर स्वहित भी होता जाता है। जहां भी सामाजिक कार्य हों, वहां पर अपने निहित स्वार्थ को तज सामाजिक स्वार्थ को प्राथमिकता देनी चाहिए।

महर्षि दयानंद ने ऐसे सर्वहितकारी विचार तब दिए थे जब भारतीय समाज में अंधविश्वास, पाखंड, कुरीतियां और स्वार्थवादी प्रवृतियों का बोलबाला था। दयानंद ने निर्भीकता से कहा-सत्य, ज्ञान और विद्या मानव उन्नति और हित के आधार हैं। सत्य के बिना न तो ज्ञान की अहमियत है और न तो विद्या की ही। उन्होंने वेद को सत्य, ज्ञान और विद्या का आधार बताया। वह अपने उपदेशों, उद्बोधनों और प्रवचनों में वेद विद्या को प्रमुखता देते थे। उन्होंने कहा-मानव मन को चंगा करने और जीवन के परम लक्ष्य मोक्ष को हासिल करने के लिए वेद का रास्ता ही सबसे सहज, सरल और पवित्र है। वेद ऐसे ज्ञान, विद्या और विज्ञान के आधार स्तम्भ हैं, जहां से सभी तरह की विद्याओं और विज्ञानों का उद्गम होता है। उपनिषदों में अंधकार के पार देखने वाले और अंधकार के पार जाकर प्रकाश में विचरण करने वाले साधक को 'स्कंद' कहा गया है। जो मानव सभी तरह की बुराइयों, अंधकारों, अज्ञानता और संस्कारों से छूट जाता है, वह परम पावन ज्ञानमयी बन जाता है। दयानंद ऐसे ही परम पावन ज्ञानमयी साधक थे। उनकी साधना ऋद्धियों-सिद्धियों को प्राप्त करने के लिए नहीं थी बल्कि अंधकार, अविद्या, दुख, पाप, असत्य और पाखंड में फंसे व्यक्ति को बाहर निकालने के लिए थी। वह ऐसे युग निर्माता और समाज सुधारक थे, जिनके रगों में सर्वहित और सर्वदुख निवारण का रक्त प्रवाहित हो रहा था। महर्षि दयानंद ने कहा, वेद सभी ज्ञान-विज्ञानों और विचारों के अंतिम प्रमाण हैं। वेद ऐसे ज्ञान रश्मि के स्रोत हैं जहां मानव के आधिदैविक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक तापों और और विषयों को कसौटी प्रदान करते हैं। महर्षि ने समाज सुधार के अनगिनत कार्य तो किए ही, आजादी के लिए अनगिनत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी तैयार किए। वह सब का भला चाहते थे, भले ही उन्हें उनके लिए दुख सहने पड़ते हों। असहायों, दुखियों, रोगियों, दलितों, गरीबों और अंधकार में भटक रहे अज्ञानी लोगों के लिए उन्होंने वह सब कुछ किया, जो वह कर सकते थे। सत्यार्थ प्रकाश, संस्कार विधि, ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका और वेदांजलि में महर्षि दयानंद ने मानव के जीवन के हर पक्ष को मजबूत बनाने और उन्नति करने के सभी तरह के सूत्र और विचार दिए हैं। वह मत-मतांतरों की आलोचना उनके सुधार के मद्देजनर करते हैं। वह जितना



हिंदुओं के सुधार की बात करते हैं, उनता ही मुसलमानों, ईसाइयों, बोद्धों, सिखों और जैनियों के भी। समाज, संस्कृति, धर्म, अध्यात्म, विज्ञान, ज्ञान, विद्या और राजनीति सहित अनेक विषयों पर महर्षि दयानंद ने अपने विचार सत्यार्थ प्रकाश में व्यक्त किए हैं। ईश्वर, जीव और प्रकृति जैसे सबसे विवादित विषयों को भी उन्होंने अपनी पुस्तकों में वेद और तर्क के आधार पर परिभाषित और व्याख्यायित किया है। दुनिया में सबसे अधिक विवाद और झगड़े ईश्वर, धर्म और मत-पंथ पर रहे हैं। महर्षि ने इन पर खुलकर अपने विचार सत्यार्थ प्रकाश में व्यक्त किए हैं। वह कहते हैं कि पहले ईश्वर, जीव और मत-पंथों को जानों, समझों और फिर मानो। उन्होंने कबीर की तरह गुरु को खूब ठोक-बजाकर ही मानने पर जोर दिया है। इसी तरह, प्रत्येक कार्य, विचार और विषय को भी मानने के पहले उन्हें खूब समझ लेने पर जोर दिया। यूं तो ब्रह्मांड की काल गणना में दो शताब्दी बहुत लम्बा समय नहीं होता, लेकिन किसी व्यक्ति, संगठन या संस्था के जन्म, कार्य, उद्देश्य और जनहित के कार्य की गणना में महत्व जरूर रखता है। वैरागी जीवन अपनाने के साथ ही, सत्य की खोज का संकल्प और संन्यास लेने के बाद समाज, संस्कृति, वैदिक धर्म, हिंदी, गुरुकुलीय शिक्षा के विकास, दलितों, पिछड़ों के साथ मजलूमों की बेहतरी के लिए समर्पित हो गया था। संन्यास लेने और गुरु विरजानंद से शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने दयानंद सरस्वती के रूप में समाज में ख्याति हासिल किया, जो कई धाराओं में आगे बढ़ता हुआ रोशन होता गया। उन धाराओं में वेदों का पुर्नोदय के लिए शास्त्रार्थ व वेदों का हिंदी में भाष्य, भारतीयता को गौरव दिलवाने, समाज सुधार, गुरुकुलीय शिक्षा के उन्नयन, राष्ट्राभिमान और स्वदेशी की महत्ता से राष्ट्रनिर्माण का सूत्र देने जैसी अनेक धाराएं वे एक साथ लेकर आगे बढ़ रहे थे।

समाज के शोषित, दलित, असहाय और अशिक्षित वर्ग की हालत विदेशी राज सत्ता की नाइंसाफी की वजह से दिनोंदिन बदतर होती जा रही थी। इसका असर भारतीय समाज के हर क्षेत्र में साफ-साफ दिखाई दे रहा था। स्वामी दयानंद ने इसे समझा और महसूस किया और यहीं से उन्होंने सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, दार्शनिक, राष्ट्रीय, शैक्षिक सुधार और परंपरागत विचारों में बदलाव करने की ठानी। उस बदलाव का परिणाम यह हुआ कि समाज के हर वर्ग की मान्यताओं, धारणाओं, परंपराओं और विचारों में खुला चिंतन और तर्कवादी विमर्श पैदा हुआ। इससे जहां देश में आजादी की हवा बहने लगी, वहीं गुलामी की जंजीरों की जकड़ धीरे-घीरे ढीली होने लगीं। आर्यसमाज की स्थापना के 150 वर्ष 2026 में पूरे होंगे। पिछले डेढ़ सौ वर्षों में स्वामी दयानंद द्वारा स्थापित इस संस्था ने समाज सुधार, नव निर्माण, वेदों के प्रचार-प्रसार, समाज के शोषित, दलित, असहाय, अशिक्षित और अंधविश्वास-पाखंड में जकड़े वर्ग को जाग्रत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वामी दयानंद के, उद्देश्यों, कार्यों, सुधारों और निर्माण को आर्य समाज के कार्यों के साथ जोड़े बगैर उनका पूरा मूल्यांकन नहीं किया जा सकता है। वहीं पर आर्यसमाज के आंदोलन स्वरूप से गांधी इतने प्रभावित हुए कि उन्हें कहना पड़ा- जहां-जहां मैं गुजरता हूं वहां आर्य समाज पहले ही गुजर चुका होता है। यह था आर्यसमाज का स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान का असर। लाला लाजपत राय, सरदार भगत सिंह, राम प्रसाद बिस्मिल, ऊधम सिंह जैसे तमाम देशभक्तों की बलिदान की कहानी दयानंद और आर्यसमाज के रास्ते से गुजरती है। इसी तरह सभी मतावलम्बियों के साथ विमर्श कर एक सर्वसम्मत सद्भाव का रास्ता पहली बार दयानंद संन्यासी ने तलाशा। यह बगैर किसी दुराग्रह, आग्रह और स्वार्थ के वशीभूत हो किया गया सर्वहितकारी राष्ट्रहितैषी कार्य था।

( लेखक साहित्यकार और चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



कोयम्बटूर के धार्मिक स्थलों में से एक, 11वीं शताब्दी का पेरुर पाटेश्वर निर्मित मंदिर राजा करिकाल चोल द्वारा बनाया गया था। शिव को स्वयंभू लिंगम के रूप में, पीठासीन देवता, पट्टेश्वर के रूप में पूजा जाता है। पाटेश्वर के सिर पर कामदेव गाय के पैरों के निशान मौजूद हैं।

## स्वीकारोक्तिः गलतियों को खुले मन से स्वीकार करें



संकलित
**दर्शन**

कार्य संपन्न होने की प्रक्रिया में कदाचित त्रुटियां रह सकती हैं, भले ही कार्य निष्ठा से किया जाए। अगर कोई आपके किए-कराए में चूक निकाले, उस पर टिप्पणी करे तो नाराज होने के बजाय उसे खुलेमन से स्वीकार करें। वैसे आप गलतियां करने से तभी बच पाएंगे, जब कुछ नहीं करेंगे। अपने अवगुण या खोट को स्वीकार करना श्रेष्ठ मानवीय गुण है। औसत सोच का व्यक्ति ऐसा करने में असमर्थ होता है। अवांछनीय या अनुचित कार्य की अनदेखी का अर्थ है संशोधन के द्वार बंद कर देना। सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति तो साक्षात देवता है। भूल-चूक की स्वीकारोक्ति प्रगति की राह में पहला चरण है। इस प्रक्रिया में आप अनेक व्यक्तियों का विश्वास जीतते हैं। जिस सत्य का सामना करने के लिए तैयार नहीं, उसे बदलेंगे कैसे? जिसे अपनी अपूर्णताओं का आभास नहीं वह मूर्ख नहीं, बल्कि दयनीय है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने अवगुणों को दूर नहीं कर सकेगा। जिस सीमा तक हम अपनी अपूर्णताओं और अवांछनीय व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे और समाधान की ओर अग्रसर रहेंगे, उसी अनुपात में हम नैतिक रूप से समृद्ध होंगे। व्यावहारिक जीवन में संयमी, संयत व्यक्ति से भी भूल-चूक हो जाती है। उन्नत सोच का व्यक्ति अपनी भूल को तुरंत स्वीकार कर लेगा। मध्यम सोच वाले को गलती का अहसास तो होगा, वह मन में कुढ़ेगा भी, किंतु लज्जित होने की आशंका से वह गलती को खुलेआम नहीं मानेगा। अपनी छवि के प्रति अत्यंत चौकस अधिसंख्य व्यक्ति अपने गलत कार्य या कथन की वैसी संरक्षा करेंगे जैसे सद्गुण या शील दांव पर हो।

## गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थीं गंगा



संकलित
**प्रेरणा**

मान्यता है कि पुराने समय गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदवरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी। गौतम ऋषि ने सभी को क्षमा भी कर दिया।



विचार
डॉ. राजेश के पिलानिया

# खुशहाल जीवन के लिए आत्मग्लानि से मुक्ति

आत्मग्लानि एक बहुत मजबूत भावना है। इसका लोगों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। आत्मग्लानि की भावना का एक सकारात्मक प्रभाव भी होता है, लेकिन इसका जीवन के कई पहलुओं पर, खासकर मानसिक स्वास्थ्य और खुशी पर, गहरा नकारात्मक प्रभाव भी पड़ता है। आत्मग्लानि का सकारात्मक प्रभाव यह है कि यह हमें कुछ नकारात्मक काम करने से रोकती है और हमारे जीवन में किए गए कार्यों पर सोचने में मदद करती है। आत्मग्लानि को एक सकारात्मक शक्ति के रूप में इस्तेमाल करना और जीवन में सही रास्ते पर बने रहना उपयोगी हो सकता है। हालांकि, कई लोगों के लिए आत्मग्लानि तब नकारात्मक प्रभाव डालती है, जब इसे सही तरीके से संभाला नहीं जाता। हमने कई ऐसे लोगों को देखा है जो आत्मग्लानि का भारी बोझ उठाए हुए हैं और एक दुखी व असंतुष्ट जीवन जी रहे हैं। उदाहरण के लिए- मैंने जो किया उसके आधार पर मैं अच्छा इंसान नहीं हूं और यह बात मुझे हर समय परेशान करती रहती है; मैं अपने माता-पिता की अपेक्षाओं पर खरा न उतर पाने के विचार से बाहर नहीं निकल पा रहा हूं; अपने पिछले रिश्ते को तोड़ने की आत्मग्लानि के कारण मैं अपने वर्तमान रिश्ते की सफलता को लेकर हमेशा चिंतित रहता हूँ; अपने जीवन की एक गलती के कारण मुझे खुद पर शर्म महसूस होती है; या मैंने जो किया उसकी शर्म की वजह से मैं लोगों से घुल-मिल नहीं पाता और अपने जीवन में अकेलापन महसूस करता हूं, और ऐसे कई अन्य उदाहरण। आत्मग्लानि शर्म, अलगाव, अकेलापन और मानसिक आघात जैसे कई हानिकारक प्रभाव पैदा कर सकती है। लोग उन बातों के लिए भी आत्मग्लानि महसूस करते रहते हैं जो कई दशक पहले हुई थीं। शोध से पता चलता है कि यह लंबे समय तक बनी रहने वाली आत्मग्लानि जीवन के कई पहलुओं को प्रभावित करती है, जिनमें आत्मविश्वास, रिश्ते, काम, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, समग्र भलाई और खुशी शामिल हैं। यह आत्मग्लानि से निपटने का सही तरीका नहीं है। हमें इसे संभालने का एक बेहतर तरीका खोजने की जरूरत है। हालांकि यह कठिन है, लेकिन सही दिशा में छोटे और सरल कदम उठाकर इसे किया जा सकता है। पहला कदम है आत्मग्लानि की भावना को पहचानना और उसे स्वीकार करना। दूसरा कदम यह देखना है कि क्या यह भावना वास्तव में सही है—क्या व्यक्ति वास्तव में जो हुआ उसके लिए जिम्मेदार है, या वह गलत धारणाओं के आधार पर खुद को दोषी मान रहा है। तीसरा कदम है आत्मग्लानि की जड़ को पहचानना और उसे निष्पक्ष रूप से देखना। चौथा कदम है उससे सीख लेना और अपनी पिछली गलतियों के लिए खुद को माफ करना, क्योंकि हम इंसान हैं और हमसे गलतियां होती हैं। पांचवां कदम यह है कि खुद को माफ करके, अपनी गलतियों से सीख लेकर और उन्हें दोहराने से बचने का संकल्प लेकर व्यक्ति आत्मग्लानि की भावना से बाहर आ सकता है। यदि किसी को अपने दम पर आत्मग्लानि से बाहर निकलना कठिन लगे, तो वह दूसरों से मदद ले सकता है, जिसमें पेशेवर मदद भी शामिल है। आत्मग्लानि को समझकर और उससे सीख लेकर व्यक्ति एक नई शुरुआत कर सकता है। इस नई शुरुआत के साथ वह उदासी की छाया से बाहर आ सकता है और अतीत के बोझ से मुक्त महसूस कर सकता है। इसके बाद व्यक्ति रोज़मर्रा के जीवन में खुशी के छोटे-छोटे कदम उठाना शुरू कर सकता है, अधिक खुश रह सकता है और एक अधिक संतोषपूर्ण जीवन जी सकता है।

( लेखक एमडीआई गुरुग्राम में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




### आज की पाती


**बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बंद हों**

आज के अत्याधुनिक दौर में सोशल मीडिया का अनियंत्रित विस्तार न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए गंभीर मानसिक संकट का कारण बनता जा रहा है। इस तकनीकी उछाल ने इनसान को धीरे-धीरे मानसिक रूप से निर्बल बनाया है, साथ ही वह स्वाभाविक जीवन जीने की क्षमता भी खोता जा रहा है। सोशल मीडिया का सबसे अधिक विषैला प्रभाव बच्चों की कोमल मानसिकता पर पड़ रहा है। दुनिया के कई विकसित और प्रगतिशील देश बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कड़े कानून बना चुके हैं और कठोरता से लागू भी कर रहे हैं। वहीं भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार है। भारत में भी 16 साल तक के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट तुरंत बंद होने चाहिए।

*- मनोज जोशी, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

### बाल देखभाल केंद्रों में तेजी से बढ़ रही गंभीर घटनाएं



ऑस्ट्रेलिया में प्रारंभिक बाल शिक्षा केंद्रों तथा बाल देखभाल केंद्रों में गंभीर घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। उत्पादकता आयोग की अद्यतन रिपोर्ट के अनुसार 2024-25 में प्रति 100 सेवा केंद्रों पर ऐसी 160 गंभीर घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि यह आंकड़ा 2023-24 में 148 और 2022-23 में 139 था। गंभीर घटना से आशय ऐसी स्थिति से है जो किसी बच्चे के स्वास्थ्य, सुरक्षा या कल्याण को गंभीर रूप से प्रभावित करे। इसमें गंभीर चोट या बीमारी जिसके लिए चिकित्सकीय उपचार की आवश्यकता हो, आपात सेवाओं की मौजूदगी वाली घटनाएं, बच्चे का लापता हो जाना आदि शामिल हैं। इसके अलावा दुर्व्यवहार या बच्चे की मृत्यु भी इस श्रेणी में आती है। दिसंबर 2025 में जारी राष्ट्रीय बाल देखभाल सुरक्षा एवं गुणवत्ता एजेंसी (एसीईसीक्यूए) की रिपोर्ट के अनुसार चोट, बीमारी या आघात के मामले कुल गंभीर मामलों के 77.7 प्रतिशत थे। ये आंकड़े देशभर में प्रारंभिक बाल शिक्षा केंद्रों तथा बाल देखभाल केंद्रों की सुरक्षा को लेकर जारी चिंताओं के बीच सामने आए हैं। पिछले सप्ताह नियामकों ने सिडनी में एक पारिवारिक बाल देखभाल केंद्र को बंद किए जाने की जानकारी दी, जहां चाकू और ज़हर जिस स्थान पर रखे गए थे, बच्चे वहां तक आसानी से पहुंच सकते थे।

## ऑफ बीट

### क्या गर्म पानी पीने से वजन घटता व साफ होती है त्वचा



सोशल मीडिया पर इन दिनों एक नया चलन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि रोजाना एक कप सादा गर्म पानी (बिना किसी मिश्रण के) पीने से वजन घटाने, त्वचा साफ होने, गले की खराश और मासिक धर्म के दर्द में राहत जैसे फायदे मिलते हैं। इसे सरल और प्राकृतिक उपाय के रूप में पेश किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार गुनगुना (उबलता नहीं) पानी पीना सामान्यतः सुरक्षित है और कई लोगों को इससे आराम महसूस होता है, लेकिन इसके विशेष स्वास्थ्य लाभों के पक्ष में ठोस वैज्ञानिक प्रमाण सीमित हैं। लाभ संभवतः अधिक पानी पीने, नियमित स्वास्थ्य आदत अपनाने या गर्माहट से मिलने वाले सुकून के कारण हो सकते हैं, न कि पानी के तापमान के कारण। पानी, चाहे ठंडा हो या गर्म, शरीर के लिए आवश्यक है। पर्याप्त पानी पीना पाचन, रक्त संचार, गुर्दा क्रिया, रक्तचाप नियंत्रण और समग्र स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। 2025 के एक अध्ययन में संकेत मिला कि पर्याप्त पानी न पीने से रोजमर्रा के तनाव से निपटना कठिन हो सकता है। हालांकि अब तक ऐसा कोई मजबूत प्रमाण नहीं है कि गर्म पानी, सामान्य या ठंडे पानी की तुलना में अतिरिक्त स्वास्थ्य लाभ देता है।

## ट्रेंड

### अंत्योदय के प्रणेता



सर्वस्व समर्पण उस चेतना की अभिव्यक्ति है, जिसमें राष्ट्र और मानवता सर्वोपरि होती है। अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भी इसी भावना से देश के जन-जन को सशक्त बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### भारतीय टेक्सटाइल



टेक्सटाइल की रेस में भारत 18% टैरिफ की बेड़ियों में दौड़ेगा और बांग्लादेश 0% टैरिफ के खुले मैदान में। पीएम का ट्रम्प की शर्तों के सामने समर्पण का ऐलान, भारतीय टेक्सटाइल के लिए मौत का फरमान है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### सम्मानजनक स्टाइफंड



1 साल में हेल्थ सेक्टर की 27 साल पुरानी लीगेसी प्रॉब्लम्स का हमने समाधान निकालना शुरू कर दिया है। नर्सिंग इंटर्न्स, जिन्हें स्टाइफंड के नाम पर केवल 500 रुपये मिलते थे, आज उन्हें 13,000+ का सम्मानजनक स्टाइफंड मिल रहा है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### उप्र बजट लोक लुभावना



उत्तर प्रदेश विस में पेश किया गया बजट लोक लुभावना ज्यादा तथा जनता के वास्तविक उत्थान एवं सर्वसमाज व सभी क्षेत्र के विकास का कम प्रतीत होता है। फिर भी जो घोषणायें व आश्वासन आदि जनता को देने का प्रयास किया गया है उसका सही से समयबद्ध तरीके से अमल जरूर हो।

**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

### पटना कोर्ट को फिर से उड़ाने की धमकी

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में बुधवार की सुबह एक बड़ी सनसनी फैल गई, जब पटना सिविल कोर्ट और दानापुर सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली। अदालत की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही आए इस धमकी भरे ईमेल ने सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े कर दिए। कोर्ट छावनी में तब्दील हो गया और चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### भारत बंद आज, कई सेवाओं पर होगा असर

**नई दिल्ली।** देशभर में 12 फरवरी को बड़े पैमाने पर जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है। कई केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों ने इस दिन राष्ट्रव्यापी हड़ताल (भारत बंद) का आह्वान किया है। इस आंदोलन में 30 करोड़ से अधिक श्रमिकों के शामिल होने की संभावना है, जिससे बैंकिंग, परिवहन और सरकारी सेवाओं पर असर होगा। पड़ सकता है।

### शेट्टी के घर फायरिंग आरोपियों पर मकोका

**मुंबई।** रोहित शेट्टी के मुंबई स्थित आवास के बाहर बीते दिनों हुई



गोलीबारी की घटना ने इंडस्ट्री में हलचल मचा दी। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है और पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने और सख्ती दिखाते हुए फायरिंग में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट लगाया है।

## 'तेल खरीदी' पर केंद्र सरकार ने दिया जवाब, थरूर ने किया साफ

3 घंटे तक चली बैठक के बाद सरकार ने लिया फैसला

# जहां से भी सस्ता व अच्छा तेल मिलेगा भारत वहां से खरीदेगा 'कच्चा तेल'

## सरकार ने कहा- सस्ता होने के साथ-साथ बेहतर गुणवत्ता को भी परखेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने साफ किया है कि भारत उन देशों से कच्चा तेल आयात करता रहेगा, जहां यह सस्ता होने के साथ-साथ बेहतर गुणवत्ता का भी हो। भारतीय तेल कंपनियां जियो-पॉलिटिकल हालात और बिना प्रतिबंध वाले स्रोतों को ध्यान में रखकर ही खरीदारी करेंगी। यह जानकारी सरकार ने मंगलवार को एक संसदीय समिति को दी। विदेश और वाणिज्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति को इस बारे में विस्तृत जानकारी दी।

थरूर ने बैठक के बाद बताया कि यह चर्चा 3 घंटे से ज्यादा चली और 30 में से 28 सदस्य मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने सभी सवालों के जवाब विस्तार से दिए। बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी शामिल थे। थरूर ने कहा कि चर्चा का बड़ा हिस्सा भारत-अमेरिका ट्रेड डील और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर केंद्रित रहा। रूसी तेल, कृषि उत्पादों और वैश्विक व्यापार से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी बात हुई।




### अंतरराष्ट्रीय व्यापार को अब 'हथियार' बनाया जा रहा

समिति के अध्यक्ष थरूर ने यह बात



समिति के अध्यक्ष शशि थरूर

अमेरिका द्वारा लगाए जा रहे 18 फीसदी रेसिप्रोकल टैरिफ पर थरूर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार को अब एक तरह से 'हथियार' बनाया जा रहा है। पहले भारतीय उत्पादों पर कुल 50 फीसदी तक टैरिफ लगता था, जिसे घटाकर 18 फीसदी किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत उन देशों में शामिल है, जिन्हें सबसे कम दर का फायदा मिला है। अधिकारियों ने समिति को बताया कि भारत-अमेरिका अंतरिम ट्रेड एग्रीमेंट को अगले महीने तक अंतिम रूप देने की कोशिश की जा रही है। इसके बाद ही इसके सभी पहलुओं पर स्पष्टता आएगी और संसद में भी इस पर चर्चा होगी।

### बाद में दिखेगा समझौते का असर

सरकार ने बताया कि भारतीय तेल कंपनियां अब अमेरिका के साथ-साथ वेनेजुएला जैसे देशों से भी तेल खरीद सकती हैं, जहां सरकार बदलने के बाद ऊर्जा क्षेत्र पर लगे प्रतिबंध हटाए गए हैं। बैठक में भारत-बांग्लादेश संबंधों पर भी चर्चा हुई। थरूर ने कहा कि बांग्लादेश में चुनाव नतीजे आने के बाद समिति इस मुद्दे पर अलग से बातचीत करेगी।

प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र ने कहा

### अंतरिक्ष विजन के तहत भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाएंगे

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का उद्देश्य, अंतरिक्ष विजन 2047 के अंतर्गत भारतीय अंतरिक्ष



स्टेशन की स्थापना करना है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण अनुसंधान और जीवन विज्ञान एवं चिकित्सा सहित विभिन्न क्षेत्रों में वैज्ञानिक अध्ययन करने मंच प्रदान करेगा। संगठन ने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के पांच मॉड्यूलों से युक्त समग्र संरचना तैयार कर ली है।

राहुल के बयान पर बवाल

### गोयल ने कहा- ट्रेड डील में किसानों के हितों की सुरक्षा की

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी नेकहा कि ट्रेड डील में किसानों के हितों को कुचल दिया गया। उन्होंने



कहा कि भारत-अमेरिका समझौते में देश के किसानों के हितों को कुचल दिया गया। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वाणिज्य मंत्री के रूप में, मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि सभी निर्णय हमारे किसानों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए लिए गए हैं और उनके हितों की रक्षा की गई है।

त्रिवेदी ने कहा

### राहुल का व्यवहार 'शाहीन बाग' जैसा रहा

भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी को लगता है



कि वे जहरीले झूठ फैलाकर विदेश चले जाने में विश्वास रखते हैं। उनका व्यवहार सुस्त रहा है। सदन में कांग्रेस का व्यवहार सड़क किनारे होने वाले हंगामे से कमतर नहीं था। ऐसा आचरण अशोभनीय है। वे बैनर लेकर बढ़े, जिससे शाहीन बाग की यादें ताजा हो गईं।

कल्याण की शिकायत

### 'बाहर डार्लिंग और अंदर...'

बजट सत्र के दौरान लोकसभा में एक ऐसा पल आया जिसने



हर किसी को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। वार-पलटवार के बीच टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी खड़े हुए। चेयर पर उस वक्त जगदंबिका पाल आसीन थे। कल्याण ने कहा कि आप बाहर तो हमें 'डार्लिंग' कहकर बुलाते हैं। यहां समय नहीं देते।

## सुरजेवाला के सवाल, केंद्र के जवाब

# केंद्रीय सुरक्षा बलों में 93 हजार से अधिक पद खाली,

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में बड़ी संख्या में खाली पदों और आधुनिकीकरण बजट में उतार-चढ़ाव को लेकर केंद्र पर सवाल उठने लगे हैं। रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा लोकसभा में पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर के हवाले से दावा किया गया है कि विभिन्न केंद्रीय सुरक्षा बलों में 93 हजार 139 पद रिक्त हैं। इस मुद्दे को लेकर सरकार की भर्ती नीति और सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने के दावों पर विपक्ष ने निशाना साधा है।

### किन बलों में कितने पद खाली?

संसदीय जवाब के अनुसार रिक्त पदों का विवरण इस प्रकार बताया गया है:

सीआईएसएफ – 28,342 पद
सीआरपीएफ – 27,400 पद
बीएसएफ – 14,531 पद
आईटीबीपी – 12,333 पद
एसएसबी – 6,784 पद
असम राइफल्स – 3,749 पद

कुल मिलाकर करीब 93 हजार139 पद खाली बताए गए हैं, जिसे विपक्ष ने 'लगभग एक लाख युवाओं को नौकरी से वंचित रखने' के रूप में प्रस्तुत किया है।

### खाली पद से केंद्रीय बलों पर अतिरिक्त दबाव !

यही केंद्रीय बल सीमा सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, नक्सल विरोधी अभियान, हवाई अड्डों और संसद की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण दायित्व संभालते हैं। ऐसे में रिक्त पदों की बड़ी संख्या को लेकर यह सवाल उठाया जा रहा है कि क्या इससे बलों की कार्यक्षमता और जवानों पर काम का दबाव प्रभावित हो रहा है।

### आधुनिकीकरण बजट में गिरावट का आरोप

सुरक्षा बलों के आधुनिकीकरण के लिए आवंटित बजट को लेकर भी सवाल खड़े किए गए हैं। आंकड़ों के अनुसार:

2021-22 – 281 करोड़
2022-23 – 248 करोड़
2023-24 – 202 करोड़
2024-25 – 181 करोड़
2025-26 – 352 करोड़

विपक्ष का आरोप है कि लगातार चार वर्षों तक बजट में कटौती की गई और फिर 2025-26 में अचानक बढ़ोतरी कर दी गई। जब देश की सुरक्षा में 10 लाख से अधिक जवान तैनात हैं, तो क्या यह राशि आधुनिक हथियारों, बॉर्डर टेक्नोलॉजी और जवानों की सुविधाओं के लिए पर्याप्त है? सरकारी सूत्रों का कहना है कि सुरक्षा बलों में भर्ती एक सतत प्रक्रिया है और विभिन्न चरणों में चयन व प्रशिक्षण की वजह से पद अस्थायी रूप से रिक्त दिखाई देते हैं। बजट आवंटन में उतार-चढ़ाव परियोजनाओं की प्राथमिकता और व्यय संरचना के आधार पर होता है। सुरजेवाला ने कहा, एक ओर देश में बड़ी संख्या में युवा रोजगार की तलाश में हैं, वहीं सुरक्षा बलों में हजारों पद खाली हैं। आधुनिकीकरण के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने को लेकर भी बहस तेज हो गई है। यह सवाल चर्चा में है कि क्या सरकार व्यापक भर्ती अभियान चलाएगी और क्या सुरक्षा बलों के आधुनिकीकरण के लिए स्थायी और पर्याप्त बजट सुनिश्चित किया जाएगा।

## राहुल के देश बेचने वाले आरोप पर सीतारमण का पलटवार

# डब्ल्यूटीओ में कांग्रेस ने किया था सरेंडर, हमने नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

### वित्तमंत्री ने बजट भाषण में विपक्ष को लिया आड़े हाथ

लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पर भाषण पर नेता विपक्ष राहुल गांधी के आरोपों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने राहुल के पीएम मोदी पर लगाए आरोपों पर कहा कि वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूटीओ ) में आपने सरेंडर किया था, न कि हमने। इसके अलावा उन्होंने विपक्ष के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि देश में क्रेडिट की कोई कमी नहीं है। फर्टिलाइजर्स के लिए अलग से बजट अलॉट किया गया है, जिससे किसानों को कोई परेशानी नहीं होगी। वित्त मंत्री ने बंगला की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर भी जमकर निशाना साधा।

### केंद्र कुछ नही देता तो कोलकाता में पेट्रोल 10 रु.में ...

सीतारमण ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी और टीएमसी सांसद अभिषेक बेनर्जी के आरोपों का भी जवाब दिया, जिसमें कहा



गया था कि बजट में बंगाल के लिए कुछ नहीं है। सीतारमण ने कहा कि ये गलत आरोप लगा रहे हैं। बंगाल की जनता के हित में ये कुछ नहीं कर सकते हैं और कहते हैं कि केंद्र ने बंगाल को कुछ नहीं दिया। सीतारमण ने कहा कि मछलीपालन और एनिमल हस्बेंड्री को बढ़ावा देने सरकार प्रतिबद्ध है। इससे किसानों और इसके लिए काम करने वालों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि पुराने बिजनेस को भी बढ़ावा देने के लिए सरकार का जोर है। सीतारमण ने कहा कि टीएमसी नेता शायद कट मनी लेते होंगे, इसलिए ऐसी बात कर रहे हैं। अगर केंद्र कुछ नहीं देता तो दिल्ली से कोलकाता में पेट्रोल 10 रुपए में क्यों जाता है?

## दबंगों ने श्रद्धालुओं का रोका रास्ता, मारपीट भी की गई



**बुलंदशहर।** यहां के स्याना क्षेत्र के गांव माकड़ी में हरिद्वार से गंगाजल लेने जा रही महिला कावड़ियों के साथ दबंगों ने अभद्रता की। आरोप है कि संदीप त्यागी और डब्बू त्यागी नाम के दबंगों ने डीजे बजाकर जा रहे कावड़ियों का रास्ता रोका, डीजे बंद कराया और उनके साथ गाली-गलौज, मारपीट व छेड़छाड़ की। इससे कांपड़ियों में नाराजगी है। कावड़ियों ने इसका विरोध करते हुए हंगामा काटा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस को कावड़ियों ने शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने कार्रवाई करत हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है, लेकिन कुछ घंटों बाद साठगांठ कर उन्हें छोड़ दिया गया।

### अकासा एयर के को-फाउंडर का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** देश के एविएशन सेक्टर में एक बड़े बदलाव की खबर है। अकासा एयर के शीर्ष प्रबंधन में एक बड़ा बदलाव हुआ है। कंपनी के को-फाउंडर (सह-संस्थापक) और चीफ कमर्शियल ऑफिसर प्रवीण अय्यर ने इस्तीफा दे दिया है।तीन साल पुरानी इस एयरलाइन के लिए यह दूसरा बड़ा झटका है। एक अन्य को-फाउंडर भी छोड़ चुके हैं।

### फरीदाबाद में उद्योगपति से 10 करोड़ की रंगदारी

**फरीदाबाद।** विदेश में बैठे एक गैंगस्टर ने फरीदाबाद के एक उद्योगपति से पहले पांच और फिर 10 करोड़ की फिरौती मांगी। जब उद्योगपति ने पैसे देने से मना कर दिया, तो गैंगस्टर ने उसे धमकाने के लिए अपने गुर्गों को भेजा। इनमें से 3 गुर्गों को क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में बठिंडा का मोनू , हनी और कपिल शामिल हैं।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में गांव सांघी में बहुतकनीकी के परिसर में मुख्य भवन छात्रावास और आवास में ई.आई. की विशेष मरम्मत (छात्रावास ब्लॉक और प्रशा. ब्लॉक में वायरिंग का प्रावधान) + 3 कार्य। | 10.02.2026 17.02.2026 | 52.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में गांव पोंकेरी खेड़ी में पुष्कर तीर्थ की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 19.02.2026 | 148.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 3 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में लखनौर साहिब में लुवास के डिप्लोमा कॉलेज के लिए शैक्षणिक एवं प्रशासनिक ब्लॉक, वेटरीनरी ब्लॉक और मोर्चुअरी ब्लॉक के निर्माण हेतु बकाया कार्य (माननीय सी.एम. घोषणा सं. 18344 दिनांक 12.02.2017)। | 06.02.2026 20.02.2026 | 519.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज करनाल | गांव बसतारा में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) पार्ट-2 के प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण + 1 कार्य। | 09.02.2026 17.02.2026 | 62.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज करनाल | गांव बाल रांगड़ान / बाल राजपूताना, ब्लॉक मुनक, जिला करनाल में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 10.02.2026 19.02.2026 | 54.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज पंचकूला | (घाटी, भोज कोटी) गांव घाटी, जी.पी. भोज कोटी, ब्लॉक मोरनी, जिला पंचकूला में कृष्णपाल के मकान से ओमप्रकाश के मकान तक गली का निर्माण (एमपीएलएडीएस आरएस)। | 10.02.2026 16.02.2026 | 3.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज भिवानी | गांव जमालपुर, ब्लॉक बवानीखेड़ा में सम्भरवाल चौपाल का निर्माण, एचजीवीवाई + 7 कार्य। | 09.02.2026 16.02.2026 | 222.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज रेवाड़ी | गांव जैतपुर शेखपुर ब्लॉक रेवाड़ी, जिला रेवाड़ी में गांव जैतपुर से गांव करावड़ा मानकपुर की सरहद तक आईपीबी रास्ता का निर्माण + 1 कार्य। | 06.02.2026 13.02.2026 | 103.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466112077 xenpr.rwr@gmail.com |
| 9 | हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग पंचकूला | एचएसएससी को टैंट सम्बन्धित सेवाओं का प्रावधान। | 10.02.2026 16.02.2026 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015444191 cds.jind@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in    पीआरडीएच-11/2026/180/42944/I/88/7 दि. 11.02.26



## पैनाफिक इन्डस्ट्रियल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: 23, द्वितीय मंजिल, नार्थ वेस्ट एवेन्यू, क्लब रोड, वेस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली -110026
CIN: L45202DL˙985PLC019746
वेबसाइट: www.panaficindustrialsltd.in ई–मेल: panafic.industrials@gmail.com दूरभाष: 011-25223461

**दिसम्बर 31, 2025 को समाप्त तिमाही एवं नौमाही के अनअंकेक्षित स्टैन्डअलोन वित्तीय परिणाम**

(रू० लाखों में)

| | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौमाही | | समाप्त वार्षिक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | दिसम्बर 31, 2025 | सितम्बर 30, 2025 | दिसम्बर 31, 2024 | दिसम्बर 31, 2025 | दिसम्बर 31, 2024 | मार्च 31, 2025 |
| | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| परिचालन से कुल आय (नेट) | 22.06 | 22.94 | 13.34 | 71.10 | 45.95 | 65.87 |
| कर से पहले सामान्य गतिविधियों से नेट लाभ/(हानि) (विशिष्ट मदों से पहले) | 13.16 | 8.30 | 7.15 | 28.38 | 11.20 | 2.84 |
| कर से पहले सामान्य गतिविधियों से नेट लाभ/(हानि) (विशिष्ट मदों के बाद) | 13.16 | 8.30 | 7.15 | 28.38 | 11.20 | 2.84 |
| कर के बाद सामान्य गतिविधियों से नेट लाभ/(हानि) (विशिष्ट मदों के बाद) | 13.16 | 8.30 | 7.15 | 28.38 | 11.20 | 2.84 |
| कर एवं गैर नियंत्रित ब्याज के बाद कुल व्यापक आय | 13.16 | 8.30 | 7.15 | 28.38 | 11.20 | 2.84 |
| चुकता इक्वीटी शेयर कैपीटल | 821.25 | 821.25 | 821.25 | 821.25 | 821.25 | 821.25 |
| रिजर्व (रीवैलूवेसन रिजर्व को छोड़कर जैसा कि पिछले वर्ष के तुलन पत्र में दर्शाया गया) | 171.30 | 171.30 | 166.23 | 171.30 | 166.23 | 172.66 |
| प्रति शेयर आय (संचालन जारी एवं बंद करने के लिए) | | | | | | |
| मूल | 0.02 | 0.01 | 0.01 | 0.03 | 0.01 | 0.00 |
| तरल | 0.02 | 0.01 | 0.01 | 0.03 | 0.01 | 0.00 |

**टिप्पणीयाँ:**
1. उपरोक्त परिणामों का लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई और निदेशक मंडल की 11 फरवरी, 2026 की बैठक में अनुमोदित किये गये।
2. दिसम्बर 31, 2025 को समाप्त तिमाही के उपरोक्त वित्तीय परिणाम को कम्पनीज अधिनियम, 2013 ("धारा") की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानक ("आईएनडी एएस") के उसके अन्तर्गत साथ में पठित जारी प्रासांगिक नियमों एवं सेबी (लिस्टिंग दायत्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं), विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अनुसार तैयार किये गये।
3. दिसम्बर 31, 2025 को समाप्त तीसरे तिमाही के परिणामों का वैधानिक परीक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा की गई।
4. कम्पनी की गतिविधि केवल एक व्यावसाय खण्ड में आती है इसलिए कम्पनी पर खण्डवार रिपोर्टिंग लागू नहीं है।
5. पिछली अवधि के आकड़े जहाँ पर आवश्यक हो, समूहीकृत/पुनःवर्गीकृत किये गये हैं।
6. उपरोक्त परिणाम मुम्बई स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com एवं कम्पनी की वेबसाइट www.panaficindustrialsltd.com पर उपलब्ध हैं।

निदेशक मंडल की ओर से उनके लिए
पैनाफिक इन्डस्ट्रियल्स लिमिटेड
हस्ता०/–
सरिता गुप्ता
प्रबन्ध निदेशक
DIN: 00113099

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 11 फरवरी, 2026



## हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : 426, डीएलएफ टावर ए, जसौला, नई दिल्ली-110025
www.hindustantin.biz
Contact No. : 011-49998888, Fax : 011-49998822

### पर्यावरणानुकूल भविष्य बनाते हुए

SCRIP CODE : 530315    CIN: L27109DL1958PLC003006

(रु. लाखों में)

**31 दिसम्बर 2025 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

| विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31.12.2025 | 30.09.2025 | 31.12.2024 | 31.12.2025 | 31.12.2024 | 31.03.2025 |
| | (अअंकेक्षित) | (अअंकेक्षित) | (अअंकेक्षित) | (अअंकेक्षित) | (अअंकेक्षित) | (अंकेक्षित) |
| प्रचालनों से कुल आय | 8,773.17 | 11,691.89 | 8,876.02 | 32,402.38 | 30,533.37 | 40,628.79 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 321.25 | 233.88 | 368.02 | 958.26 | 1,152.15 | 1,617.43 |
| कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 321.25 | 233.88 | 368.02 | 958.26 | 1,152.15 | 1,617.43 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 239.98 | 173.49 | 306.83 | 689.08 | 883.79 | 1,227.66 |
| अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) निहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | 255.28 | 175.62 | 320.12 | 693.56 | 846.54 | 1,164.22 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 |
| पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व्स | | | | | | 20,489.47 |
| अर्जन प्रति शेयर (रु. 10/- प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) (असाधारण मदों से पूर्व) (रु. में) | | | | | | |
| बेसिक | 2.45 | 1.69 | 3.08 | 6.67 | 8.14 | 11.19 |
| डायल्युटेड | 2.45 | 1.69 | 3.08 | 6.67 | 8.14 | 11.19 |

**टिप्पणी :**
1. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 11 फरवरी 2026 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गये।
2. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.hindustantin.biz पर उपलब्ध हैं। इनको नीचे दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन करके भी देखा जा सकता है।
3. कम्पनी के वित्तीय परिणाम सामान्यतः भारत में स्वीकार्य अन्य लेखा सिद्धांतों और उनके तहत जारी किए गए सम्बद्ध नियमों के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2015 (Ind-AS) के अनुरूप तैयार किए गए हैं।
4. 21 नवम्बर 2025 को भारत सरकार ने श्रम संहिताएं अधिसूचित की थी। इसके परिणामस्वरूप सम्बन्धों के इसके मूल्यांकन के अनुसरण में, कम्पनी ने 31 दिसम्बर 2025 को समाप्त तीन माह और माह माह हेतु लाभ और हानि के घनीभूत स्टैंडअलोन विवरण में "कर्मचारी लाभ व्यय" के तहत चार्जर्ड, पूर्व सर्विस लागत से उत्पन्न हुए रु. 8.76 लाख की एक बढ़ौतरी ग्रेचयुटी देनदारी को मान्यता दी है।

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड
संजय भाटिया
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00080533

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 11 फरवरी 2026

सैकड़ों उत्पाद ... एक कैन !

## खबर संक्षेप

### टाइटन का मुनाफा 61% बढ़कर 1,684 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली।** आभूषण और घड़ी बनाने वाली प्रमुख कंपनी टाइटन का वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 60.84 प्रतिशत बढ़कर 1,684 करोड़ रुपये हो गया, जिसमें घरेलू आभूषण व्यवसाय का योगदान रहा। कंपनी ने एक साल पहले अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में 1,047 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

### अशोक लेलैंड का मुनाफा बढ़कर 862 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 5.19 प्रतिशत बढ़कर 862.24 करोड़ रुपये हो गया। वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी ने बुधवार को अपने तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की जानकारी दी।

### टाटा ऑटोकॉम्प देशभर में नए संयंत्र करेगी स्थापित




**नई दिल्ली।** टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स लिमिटेड ने कहा कि वह देश भर में अपनी उपस्थिति मजबूत करने और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए इस साल भारत में कई अतिरिक्त संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है। कंपनी, जिसने 30 जनवरी को साणंद (गुजरात) में दो नए विनिर्माण संयंत्रों का उद्घाटन किया था।

# सूचीबद्धता से कंपनियों का संचालन हो सकता है बेहतर: सेबी चेयरमैन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- एसएमई क्षेत्र की पहुंच अभी भी सीमित बनी हुई

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि पिछले कुछ समय में हुए विकास के बावजूद, पूंजी बाजार के नजरिये से लघु एवं मझोले उद्यम (एसएमई) क्षेत्र की पहुंच अभी भी सीमित बनी हुई है।

पांडेय ने यहां इंडिया एसएमई वित्तपोषण और निवेश शिखर सम्मेलन में कहा कि सूचीबद्धता से ऐसी छोटी कंपनियों में संचालन व्यवस्था बेहतर हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि नियामक संस्था को अतीत में इस मोर्चे पर कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

## वित्तपोषण और निवेश सम्मेलन में बोले पांडेय

### रियायतों का दुरूपयोग हुआ

सेबी प्रमुख ने कहा, ''कुछ समय पहले, बाजार से पूंजी प्राप्त करने में एक और बाधा तब उत्पन्न हुई जब कुछ एसएमई ने एसएमई ढांचे के तहत उपलब्ध रियायतों का दुरुपयोग किया। ऐसे मामलों ने एसएमई आईपीओ में निवेशकों के भरोसे को बुरी तरह प्रभावित किया।''

*कंपनियों ने 98 आईपीओ से 9800 करोड़ जुटाए*

*पांडेय ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में कंपनियों ने 98 आईपीओ के माध्यम से 9,800 करोड़ रुपये जुटाए। यह वित्त वर्ष 2025-26 में जनवरी तक 232 सूचीबद्धता के साथ बढ़कर 10,500 करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने छोटे और मझोले उद्यमों (एसएमई) द्वारा शेयर बाजार के माध्यम से कर्ज जुटाने को स्वागत योग्य कदम बताया। पांडेय ने कहा कि पश्चिमी क्षेत्र से आईपीओ का अधिक चलन है।*



### 1400 कंपनियां एसएमई स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध

पांडेय ने कहा कि ऐसे भी मामले सामने आए जहां कुछ एसएमई ने सकारात्मक माहौल बनाने और निवेशकों को अपने शेयर खरीदने के लिए प्रेरित करने को अनुचित व्यापार गतिविधियों का सहारा लिया। उन्होंने कहा कि 1,400 कंपनियां अलग से बनाये गये एसएमई स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध हैं और उनका कुल बाजार पूंजीकरण 4.1 लाख करोड़ रुपये है।

## मानकों के पालन के लिए सभी जरूरी इंतजाम पूरे : इंडिगो

# डीजीसीए के नए ड्यूटी नियमों के लिए पूरी तरह तैयार इंडिगो, पायलटों को बड़ी राहत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडिगो ने विमानन नियामक डीजीसीए को बताया है कि संशोधित पायलट ड्यूटी मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक परिचालन, 'रोस्टरिंग' और निगरानी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। विमान कंपनी इंडिगो को दिसंबर में बड़े पैमाने पर परिचालन संबंधी व्यवधान के बाद नियामकीय कार्रवाई का सामना करना पड़ा था।

विमानन कंपनी को नए उड़ान ड्यूटी समय सीमा (एफडीटीएल) मानकों पर मिली अस्थायी छूट मंगलवार को समाप्त होने के बाद, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बुधवार को बयान जारी कर कंपनी की ओर से दी गई प्रगति रिपोर्ट एवं आश्वासन की जानकारी दी।

### उड़ानों में 10 फीसदी की कटौती की गई थी

इंडिगो में परिचालन का अत्यधिक अनुकूलन, अपर्याप्त नियामक तैयारी, सिस्टम सॉफ्टवेयर समर्थन में कमियां एवं प्रबंधन संरचना और परिचालन नियंत्रण में खामियां उन प्रमुख कारणों में से थीं जिनके कारण व्यवधान उत्पन्न हुए, जिसके बाद डीजीसीए ने विमानन की शीतकालीन निर्धारित उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती भी की थी।

## मानकों पर मिली अस्थायी छूट मंगलवार को समाप्त हो गई

- आवश्यक परिचालन और निगरानी व्यवस्थाएं की जा रही
- परिचालन व्यवधान के कारण दिसंबर में परिचालन व्यवधान आया था







### घरेलू हिस्सेदारी घटकर 59.6 फीसदी

डीजीसीए ने कहा कि उड़ान संचालन को स्थिर करने के लिए दी गई दोनों छूटें निर्धारित शर्तों, प्रति घंटे उड़ान संचालन आंकड़े जमा करने तथा साप्ताहिक/पाक्षिक परिचालन प्रदर्शन रिपोर्ट सौंपने के अधीन थीं। इंडिगो की घरेलू बाजार हिस्सेदारी दिसंबर में घटकर 59.6 प्रतिशत रह गई थी, जो नवंबर में 63.6 प्रतिशत थी तब वह प्रतिदिन करीब 2,200 उड़ानों का संचालन करती थी।

### नियामकीय निगरानी बनी रही

बयान में डीजीसीए ने कहा कि छूट की अवधि के दौरान इंडिगो के उड़ान संचालन की नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से करीबी निगरानी की गई तथा यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए नियामक अधिकारियों को विभिन्न हवाई अड्डों पर तैनात किया गया। इंडिगो के संचालन नियंत्रण केंद्र में तैनात किया गया जिससे छूट अवधि के दौरान निरंतर नियामकीय निगरानी बनी रही।

### 2,507 उड़ानें रद्द की गई

इंडिगो के तीन से पांच दिसंबर के बीच 2,507 उड़ानें रद्द किए जाने की पृष्ठभूमि में, डीजीसीए ने संशोधित एफडीटीएल मानकों के क्रियान्वयन में कुछ ढील देने के लिए विमानन कंपनी के अनुरोध को 10 फरवरी तक का समय दिया था। डीजीसीए की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार, इंडिगो ने बताया है कि दिया गया समय समाप्त होने के बाद वह वैधानिक प्रावधानों के पालन और नौ अक्टूबर 2025 को स्वीकृत एफडीटीएल योजना को लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### इंडिगो का परिचालन स्थिर हुआ

डीजीसीए ने 20 जनवरी को कहा था कि निरंतर नियामकीय निगरानी और सुधारात्मक कदमों से इंडिगो का परिचालन स्थिर हुआ है और अब इंडिगो के पास नए उड़ान ड्यूटी मानकों के पालन के लिए पर्याप्त संख्या में पायलट उपलब्ध हैं। इंडिगो की ओर से प्रस्तुत जानकारी का हवाला देते हुए नियामक ने बताया था कि आवश्यक 2,280 की तुलना में 2,400 कमांड पायलट उपलब्ध हैं जबकि प्रथम अधिकारियों की संख्या 2,050 की जरूरत के मुकाबले 2,240 है।

### जांच के बाद 22.20 करोड़ का लगा था जुर्माना

मंगलवार को इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि पहले दिए गए आश्वासन के अनुसार कंपनी के पास अपने 'नेटवर्क' में स्थिर परिचालन सुनिश्चित करने के लिए पायलट सहित पर्याप्त संख्या में कर्मचारी हैं। डीजीसीए ने दिसंबर में हुए व्यापक व्यवधान के बाद विमानन कंपनी की शीतकालीन सेवाओं में 10 प्रतिशत कटौती की थी। जांच के बाद कुल 22.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

# पतंजलि शहद पर किया गया शोध अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल में प्रकाशित




**हरिद्वार ।** पतंजलि अपने प्रत्येक उत्पाद में गुणवत्ता, शुद्धता और उपभोक्ता सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। इस प्रतिबद्धता को एक और सशक्त वैज्ञानिक मान्यता उस समय मिली, जब पतंजलि शहद पर किया गया विस्तृत शोध विश्वप्रसिद्ध एल्सेवियर प्रकाशन के प्रतिष्ठित रिसर्च जर्नल अप्लाई फ़ूड रिसर्च में प्रकाशित हुआ। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि जो कहता है, वही करता है और यह एक शाश्वत सत्य है। पतंजलि का उद्देश्य है इस देश को मिलावट के जहर से बचाना और पतंजलि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सदा ही समर्पित है। उन्होंने कहा कि भारतीय खाद्य उत्पादों को लेकर लंबे समय से वैश्विक मंच पर संदेह की दृष्टि से देखा जाता रहा है, किंतु अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित इस शोध द्वारा यह सिद्ध हुआ है कि भारत में भी विश्वस्तरीय अनुसंधान संभव है। यह उपलब्धि न केवल पतंजलि के लिए, बल्कि समूचे भारतीय एफएमसीजी उद्योग के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आगे बताया कि अध्ययन के दौरान यह भी प्रमाणित हुआ कि पतंजलि शहद में किसी प्रकार की बाहरी शर्करा, सिंथेटिक सिरप या अवांछित रासायनिक अवशेष नहीं पाए गए हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि पतंजलि की आपूर्ति श्रृंखला, कच्चे माल की सोर्सिंग से लेकर अंतिम पैकेजिंग तक, कठोर गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं से गुजरती है। यह शोध इस बात का प्रमाण है कि पतंजलि शहद गुणवत्ता, शुद्धता और वैज्ञानिक प्रमाणिकता के वैश्विक मानकों पर पूरी तरह खरा उतरता है। इस शोध में, पतंजलि शहद के 25 विभिन्न बैचों का उन्नत वैज्ञानिक तकनीकों, एचपीएलसी एचपीएलटीसी और युएचपीएलसी के माध्यम से व्यापक परीक्षण किया गया।

## एसबीआई बाजार पूंजीकरण के मामले में चौथे स्थान पर

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) मजबूत तिमाही नतीजों के बाद आई तेजी के दम पर बुधवार को बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की चौथी सबसे मूल्यवान सूचीबद्ध कंपनी बन गई है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के मजबूत नतीजों के बाद बैंक के शेयरों में तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी आने से उसने दिग्गज आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को पीछे छोड़ दिया। बीएसई पर एसबीआई का शेयर 3.40 प्रतिशत बढ़कर 1,183 रुपये पर बंद हुआ, जबकि एनएसई पर यह 3.23 प्रतिशत चढ़कर 1,181.10 रुपये पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान यह शेयर लगभग चार प्रतिशत चढ़कर अपने 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर बीएसई पर 1,187.70 रुपये और एनएसई पर 1,187.50 रुपये तक पहुंच गया। कारोबार के अंत में एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 10,91,982.06 करोड़ रुपये रहा, जो बीएसई पर टीसीएस के 10,52,646.38 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण से अधिक है।

## बीएचईएल की बिक्री पेशकश को मिला दोगुना अभिदान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) में सरकार की पांच प्रतिशत तक हिस्सेदारी की बिक्री पेशकश (ओएफएस) को बुधवार को बोली के पहले दिन दोगुना से अधिक अभिदान मिल गया। संस्थागत निवेशकों ने 5,650 करोड़ रुपये से अधिक की बोलियां लगाईं। निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) के सचिव अरुणीश चावला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि सरकार ने बिक्री पेशकश (ओएफएस) में ग्रीन शू विकल्प का इस्तेमाल करने का फैसला किया है। चावला ने कहा, /''बीएचईएल में बिक्री पेशकश को उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली और पहले दिन इसे 2.3 गुना से अधिक अभिदान किया गया। खुदरा निवेशकों को बृहस्पतिवार को ओएफएस में बोली लगाने का मौका मिलेगा। सरकार बीएचईएल में अपनी पांच प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 254 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर 4,422 करोड़ रुपये जुटाएगी।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## उतार और चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार लगभग स्थिर बंद



**मुंबई (एजेंसी)।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को लगभग स्थिर बंद हुए। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वाहन शेयरों में हुआ फायदा आईटी शेयरों में मिले नुकसान से जाता रहा। बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 40.28 अंक की मामूली गिरावट के साथ 84,233.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 84,487.24 अंक के ऊपरी और 84,081.25 अंक के निचले स्तर तक गया। निफ्टी 18.70 अंक यानी 0.07 प्रतिशत बढ़कर 25,953.85 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारत- अमेरिका व्यापार समझौते के कारण इस सप्ताह अबतक रही तेजी के बाद घरेलू शेयर बाजार में कुछ समय के लिए स्थिरता आ सकती है। बाजार का ध्यान अब तीसरी तिमाही के मिले-जुले नतीजों, आगामी मुद्रास्फीति आंकड़ों और व्यापार समझौते के विवरणों पर है। विवरण को अंतिम रूप दिए जाने की खबरें आ रही हैं।''

## जेयूआईटी एसडी माइंस व फ्लोरिडा विवि के माध्यम से अपने वैश्विक शैक्षणिक सहयोग को कर रहा मजबूत



**नई दिल्ली।** जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जेयूआईटी), वाकनाघाट, अमेरिका के साउथ डकोटा स्कूल ऑफ माइंस एंड टेक्नोलॉजी (एसडी माइंस) और फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के साथ अपनी दीर्घकालिक साझेदारी के माध्यम से अपने वैश्विक शैक्षणिक सहयोग को और मजबूत कर रहा है। एसडी माइंस के साथ नवगठित त्वरित मास्टर कार्यक्रम के तहत, जेयूआईटी के बी.टेक छात्रों को न केवल पहले की तरह अमेरिका में अपना आठवां सेमेस्टर पूरा करने का अवसर मिल रहा है, बल्कि वे सीधे मास्टर डिग्री में प्रवेश भी ले सकते हैं। यह कार्यक्रम चयनित और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बी.टेक के अंतिम सेमेस्टर के दौरान अपना शोध शुरू करने, उन्नत पाठ्यक्रम लेने और ट्यूशन फीस छूट के लिए पात्र होने में सक्षम बनाता है। इस पहल के तहत, जेयूआईटी के जैव प्रौद्योगिकी और जैवसूचना विज्ञान विभाग की बी.टेक जैव प्रौद्योगिकी की छात्राएं प्रगति पांडे (दिल्ली) और निधि कपाटिया (अमृतसर) एसडी माइंस में विशिष्ट प्रोफेसर और निदेशक (मेसन) प्रोफेसर राजेश सानी की प्रयोगशाला में शामिल हुईं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इस अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से उन्नत शैक्षणिक अनुभव और शोध-उन्मुख प्रशिक्षण प्रदान करना है।

## 10 साल की कानूनी लड़ाई के बाद रेलवे को मिली ऐतिहासिक जीत

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे को सुप्रीम कोर्ट से एक ऐतिहासिक और निर्णायक जीत मिली है। लगभग 10 वर्षों से चली आ रही कानूनी लड़ाई में शीर्ष अदालत ने रेलवे प्रशासन के अधिकारों पर लगी न्यायिक आपराधिक कार्यवाही को पूरी तरह खारिज किया। भारतीय रेल यातायात सेवा (आईआरटीएस) की वरिष्ठ अधिकारी प्रवीण गौड़ द्विवेदी से जुड़े इस मामले में आया फैसला न केवल रेलवे के संस्थागत हितों की रक्षा करता है, बल्कि भविष्य में रेलवे प्रशासनिक स्वायत्तता के लिए एक मजबूत कानूनी आधार भी तैयार करता है। बता दें कि मामले की शुरूआत 30 सितंबर, 2016 को हुई, जब अंबाला के तत्कालीन रेलवे मजिस्ट्रेट ने अंबाला मंडल की तत्कालीन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण गौड़ द्विवेदी को एक अनुरोध भेजा, जिसमें औचक जांच के लिए एक समर्पित टिकट चेकिंग दस्ता देने का अनुरोध किया गया था। मंडल में विशेष महत्वपूर्ण कार्यों को देखते हुए प्रवीन गौड़ द्विवेदी ने रेलवे मजिस्ट्रेट को सूचित किया कि उस विशेष समय पर स्टाफ नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने एक हलफनामे के माध्यम से यह भी प्रस्तुत किया कि "स्पेशल रेलवे मजिस्ट्रेट दस्ते" के लिए किसी भी स्वीकृत पद के अस्तित्व में न होने के कारण अनुरोध संभव नहीं है। उन्होंने भारतीय रेलवे अधिनियम, 1989 का हवाला देते हुए यह भी बताया कि टिकट चेकिंग स्वाभाविक रूप से एक कार्यकारी कार्य है। जिसमें स्पेशल रेलवे मजिस्ट्रेट (एसआरएम) चेक वाणिज्य विभाग के समन्वय से नियमानुसार नियोजित किए जाने चाहिए न कि न्यायपालिका द्वारा एकतरफा मांगे जाने चाहिए। स्पेशल रेलवे मजिस्ट्रेट ने टिकट चेकिंग दस्ता देने से इन्कार से अंसतुष्ट होकर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक द्विवेदी को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

**PUBLIC NOTICE**

**District Consumer Disputes Redressal Commission, Aurangabad, Maharashtra**
**Telephone Number: 0240/2321202.**
**Email: - confo-au-mh@nic.in**
**Complainant: Mahesh**
**VERSUS**
**Respondent: OM-E-vehicle**

Whereas the above named claimant **Mahesh Shankarpelli Filed Consumer Complaint No. cc/710/2024 before the Dist. Consumer Dispute Redressal Commission, Aurangabad. Maharashtra. Under Section 35 of Consumer Protection Act 2019** againts **Respondent no.2 Hero Electric vehicles pvt. Ltd. Through its Director, 'Sohinder singh' 50, Okhala Industrial Estate Phase II, Delhi, New Delhi India - 110 020.** That the Notices of this complaint issued to you many times and the same have not been served upon you as returned. You are hereby warned to appear before this Commission in person or through pleader. If you fail to attend The Commission on 04/3/2026 at 11.00AM the commission may in its desecration to proceed with the complaint as Ex-Party and decide it on merit.

Date of Next Hearing: -04/03/2026
Today's Date: - 04/02/2026

SEAL

**Register, District Consumer Disputes Redressal Commission Aurangabad, Maharashtra**

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## वोडाफोन आइडिया के शेयरों पर बढ़ रहा निवेशकों का भरोसा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिग्गज कारोबारी कुमार मंगलम बिड़ला के वोडाफोन आइडिया में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाए जाने के बाद इसके शेयर सुर्खियों में हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले छह महीनों में वोडफोन आइडिया के शेयरों में लगभग 76 प्रतिशत का उछाल आया है। इस तेजी के पीछे कई वजहें हैं जैसे कि एजीकेआर बकाए पर राहत, तीन साल के टर्नअराउंड प्लान का शुरू होना, ऑपरेटिंग लॉस कम होना और एआरपीयू में सुधार शामिल हैं। इस बीच, कंपनी में प्रमोटर कुमार मंगलम बिड़ला के बढ़ते भरोसे से निवेशकों का भरोसा भी मजबूत हुआ है। यह स्टॉक अभी अपने प्रमुख विंग कवरेज- 50 और 200 दिन के एसएमए के ऊपर ट्रेड कर रहा है, जो शेयरों की कीमत में तेजी से हो रहे सुधार को दर्शाता है। बावजूद इसके, वोलैटिलिटी ज्यादा बनी हुई है, जिसका एक साल का बीटा 1.5 है। यह शेयर बाजार में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव का संकेत देता है।

### दिसंबर तिमाही में कम हुआ घाटा

कारोबारी साल 2026 की तीसरी तिमाही में कंपनी को पिछले साल की समान तिमाही में हुए 6609 करोड़ रुपये के मुकाबले में 5286 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। इस दौरान ऑपरेश्नल रेवेन्यू भी पिछले साल के 11,117 करोड़ रुपये की जगह मामूली बढ़कर 11,323 करोड़ रुपये रह गया।

## जनवरी में क्विक कॉमर्स क्षेत्र में भर्तियां 21 प्रतिशत बढ़ी


**मुंबई (एजेंसी)।** त्वरित आपूर्ति वाले ऑनलाइन खुदरा कारोबार यानी क्विक कॉमर्स क्षेत्र में जनवरी के दौरान पेशेवर एवं प्रबंधन स्तर के पदों की भर्ती में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। 'फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर' की मासिक रिपोर्ट के मुताबिक, क्विक कॉमर्स क्षेत्र अब सिर्फ विस्तार पर केंद्रित रहने के बजाय लाभप्रदता, मांग के अनुमान और परिचालन दक्षता को प्राथमिकता दे रहा है। रिपोर्ट कहती है कि डेटा एनालिटिक्स, उत्पाद प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला रणनीति जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञ प्रतिभा की मांग मजबूत बनी हुई है। डिजिटल भर्ती मंच फाउंडइट की उपाध्यक्ष (विपणन) अनुपमा भीमराजका ने कहा, /''कंपनियां अब पूर्वानुमान की सटीकता बढ़ाने, भंडार प्रबंधन को अनुकूलित करने और ग्राहक अनुभव सुदृढ़ करने पर जोर दे रही हैं।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बवानी खेड़ा | नगर पालिका बवानी खेड़ा हेतु एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर्स, एक ट्रॉली (जीएसटी, परिवहन, एक्सेसरीज, पंजीकरण और बीमा समेत) की आपूर्ति + 5 कार्य। | 09.02.2026 16.02.2026 | रु.1,39,63,699/- | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 mc.bawanikhera1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42927/I/88/7 दि. 11.02.26

## शब्द पहेली - 6136




**बाएँ से दाए**
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव (उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

### शब्द पहेली - 6135 का हल







गुरबाज ने खेली धमाकेदार पारी

## डबल सुपर ओवर का महा रोमांच : साउथ अफ्रीका ने जीता मैच

# अफगानिस्तान की दिल तोड़ने वाली हार, गुरबाज की छक्कों की हैट्रिक, छुड़ाए साउथ अफ्रीका के पसीने

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

अफगानिस्तान को साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप में दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज मैच में अफगान टीम साउथ अफ्रीका से डबल सुपर ओवर में हार गई। दूसरे ओवर में 24 रन का पीछा करते हुए रहमानुल्लाह गुरबाज ने तीन गेंदों पर लगातार तीन छक्के लगाकर लगभग मुकाबले को अफगानिस्तान के पक्ष में कर दिया था। आखिरी गेंद पर सिर्फ पांच रन चाहिए थे तब आउट हो गए।

### गुरबाज ने खेली 84 रनों की विस्फोटक पारी

मैच की बात करें तो 188 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी अफगानिस्तान के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने 84 रनों की विस्फोटक पारी खेली। 42 गेंदों पर खेली गई इस पारी में गुरबाज ने 4 चौके और 7 छक्के लगाए। तेजी से शतक की तरफ बढ़ रहे गुरबाज को केशव महाराज ने जॉर्ज लिंडे के हाथों कैच कराकर पवेलियन की राह दिखाई। गुरबाज के अलावा शीर्ष क्रम का कोई भी बल्लेबाज नहीं चला।

इब्राहिम जादरान 12, गुलबदीन नायब 0, सेदिकुल्लाह अटल 0, और रसूली 15 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद नबी भी 5 रन बना सके। अजमतुल्लाह ओमरजई ने 17 गेंद पर 3 चौके लगाते हुए 22 रन बनाए। राशिद खान ने 12 गेंद पर 20 रन बनाए। अफगानिस्तान 19.4 ओवर में 187 पर ऑल आउट हो गया।



### डिकॉक और रिकल्टन ने की 114 रन की साझेदारी

इसके पहले टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने 6 विकेट पर 187 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका के लिए क्विंटन डिकॉक ने 41 गेंद पर 3 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 59 रन और रयान रिकल्टन ने 28 गेंद पर 4 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 61 रन की पारी खेली थी। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी हुई थी। इसके अलावा डेवाल्ड ब्रेविस ने 23, डेविड मिलर ने 20 और मार्को जानसेन ने 16 रन बनाए थे। अफगानिस्तान के लिए राशिद खान ने 2, फजलहक फारुखी ने 1, और अजमतुल्ला ओमरजाई ने 3 विकेट लिए थे।

### पहला सुपर ओवर — 18 रन का लक्ष्य पार नहीं का पाया अफ्रीका

पहले सुपर ओवर में साउथ अफ्रीका ने लुंगी एनगिडी को बॉल दी और अफगानिस्तान ने अजमतुल्लाह उमरजई और रहमानुल्लाह गुरबाज पर भरोसा किया। अजमतुल्लाह ने सुपर ओवर की पहली दो बॉल पर चौका और फिर छक्का लगाया, फिर एक सिंगल लेकर स्ट्राइक गुरबाज को दी। चौथी बॉल पर एक और सिंगल के बाद अजमतुल्लाह वापस स्ट्राइक पर आ गए। इस बार उन्होंने बाउंड्री लगाई। आखिरी बॉल पर एक सिंगल लेकर अफगानिस्तान ने साउथ अफ्रीका को जीतने के लिए 18 रन का टारगेट दिया।

#### आखिरी बॉल पर चाहिए थे 7 रन

मिलर पहली बॉल पर सिर्फ एक रन बना सके। लेकिन ब्रेविस ने दूसरी बॉल पर छक्का मारा। ड्रामा अगली बॉल पर हुआ, जब ब्रेविस एक स्लो-बॉल बाउंसर पर अपना विकेट गंवा बैठे। ट्रिस्टन स्टब्स ने अपनी पहली बॉल बाउंड्री लगाकर शुरुआत की, लेकिन अगली बॉल पर रन नहीं बना सके, जिससे साउथ अफ्रीका को आखिरी बॉल पर सात रन चाहिए थे। यहां स्टब्स ने छक्का मारकर सुपर ओवर टाई कर दिया।

### दूसरा सुपर ओवर — अफगानिस्तान नहीं बना पाया 24 रन

दूसरे सुपर ओवर में स्टब्स और मिलर द.अफ्रीका के लिए बैटिंग करने आए। अफगानिस्तान ने बॉल अजमतुल्लाह उमरजई को दी। इस बार स्टब्स ने दूसरे सुपर ओवर की शुरुआत पहली बॉल पर छक्के से की। इससे पहले कि बैट्समैन ने दूसरी बॉल पर सिंगल लिया। तीसरी बॉल पर बैट्समैन ने दो रन बनाए। चौथी बॉल पर मिलर ने 95m का हिट स्टैंड्स में मारकर एक छक्का मारा। 5वीं बॉल पर एक और छक्का मारा गया, इससे पहले कि दोनों ने आखिरी बॉल पर दो रन लिए। उन्होंने दूसरे सुपर ओवर में अफ़गानिस्तान के लिए 24 रन का टारगेट रखा।

#### महाराज ने लुटाए रन

द. अफ्रीका ने स्पिनर केशव महाराज को बॉल दी। पहली डॉट बॉल के बाद नबी ने दूसरी बॉल पर अपना विकेट गंवा दिया। तीसरी बॉल पर फिर से बैटिंग करने आये गुरबाज ने महाराज गेंद पर लगातार तीन छक्का मारा। अब आखिरी बॉल पर सिर्फ छह रन चाहिए थे। प्रेशर में महाराज ने एक वाइड बॉल फेंकी, जिसका मतलब था कि एक बाउंड्री से गेम तीसरे सुपर ओवर में चला जाता, मगर ऐसा नहीं पाया। गुरबाज आखिरी बॉल पर आउट हो गए और इसी के साथ अफगानिस्तान को दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा।

## ऑस्ट्रेलिया ने की जीत के साथ अभियान की शुरुआत आयरलैंड को हराया, एलिस-जांपा ने चटकाए 8 विकेट



#### 115 रन पर सिमटी आयरलैंड की टीम

*इसके जवाब में आयरलैंड की टीम 16.5 ओवरों में 115 रन पर सिमट गई। इस टीम ने 43 के स्कोर तक अपने 5 विकेट खो दिए थे। यहां से लॉरेन टकर ने मोर्चा संभाला। टकर ने 27 गेंदों में 24 रन की पारी खेली, जबकि डॉकरेल ने 29 गेंदों में 2 छक्कों और 3 चौकों के साथ 41 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।*

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

ऑस्ट्रेलिया ने टी20 वर्ल्ड कप में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की है। इस टीम ने बुधवार को आयरलैंड के विरुद्ध आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले को 67 रन से अपने नाम किया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ग्रुप-बी की प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गया है। इस टीम का नेट रन रेट +3.350 है, जबकि अपने-अपने पहले मैच जीतने के बाद जिम्बाब्वे (+2.702) और श्रीलंका (+1.000) क्रमशः दूसरे और तीसरे पायदान पर मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से नाथन एलिस और एडम जांपा ने 4-4 विकेट निकाले।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 6 विकेट खोकर 182 रन बनाए। इस टीम को कप्तान ट्रेविस हेड (6) के रूप में 7 के स्कोर पर पहला झटका लगा। इसके बाद कैमरून ग्रीन ने जोश इंगलिस के साथ दूसरे विकेट के लिए 23 गेंदों में 49 रन की साझेदारी की। ग्रीन 11 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी में 1 छक्का और 6 चौके शामिल रहे। इसके बाद मैट रेनेशॉ ने मोर्चा संभाला। उन्होंने 33 गेंदों में 2 चौकों के साथ 37 रन बनाए, जबकि जोश इंगलिस 17 गेंदों में 7 बाउंड्री के साथ 37 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इनके अलावा, मार्कस स्टोइनिस ने 29 गेंदों में 3 बाउंड्री के साथ 45 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। विपक्षी टीम की तरफ से मार्क अडायर ने सर्वाधिक 2 विकेट हासिल किए, जबकि मैथ्यू हम्फ्रीज, जॉर्ज डॉकरेल और हैरी टेक्टर ने 1-1 विकेट निकाला।

## रदरफोर्ड और मोती ने वेस्टइंडीज को इंग्लैंड पर दिलाई शानदार जीत

**इंग्लैंड को 30 रन से हराया**

**मुंबई (भाषा)।** शेरफेन रदरफोर्ड के नाबाद 76 रन और गुडाकेश मोती के तीन विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने बुधवार को टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के अहम मुकाबले में इंग्लैंड को 30 रन से हरा दिया। रदरफोर्ड ने चिर परिचित कैरेबियाई अंदाज में खेलते हुए 42 गेंद में पांच छक्कों और दो चौकों की मदद से नाबाद 76 रन बनाकर वानखेड़े स्टेडियम पर मौजूद करीब 21000 दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं मोती ने गेंदबाजी में 32 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जीत के लिए 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 19 ओवर में 166 रन पर आउट हो गई। सैम कुरेन ने सर्वाधिक 43 रन की नाबाद पारी खेली। फिल साल्ट ने 14 गेंद में 30 रन बनाए जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल थे। उन्होंने जैसन होल्डर के दूसरे ओवर में 24 रन निकाले। साल्ट को रोमारियो शेफर्ड ने कवर में रदरफोर्ड के हाथों लपकवाया। पावरप्ले के बाद इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 67 रन था। जोस बटलर (21) भी ज्यादा देर टिक नहीं सके। वह रोस्टन चेस की गेंद पर लांग आन में पॉवेल को कैच देकर लौटे। इसके बाद मोती ने इंग्लैंड को दोहरे झटके दिए। पहले उन्होंने टॉम बेंटोन (दो) को कवर में कैच आउट कराया और इसके बाद जैकब बेथेल (33) को चाइनामैन गेंद पर आउट किया। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक (17) मोती को रिटर्न कैच देकर लौटे। इससे पहले रदरफोर्ड के नाबाद 76 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने खराब शुरूआत से उबरते हुए छह विकेट पर 196 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने दस ओवर के बाद 79 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। लेकिन आखिरी दस ओवर में 117 रन बने। रदरफोर्ड ने पांचवें विकेट के लिए रोवमैन पॉवेल (14) के साथ 51 रन की साझेदारी की। इसके बाद पूर्व कप्तान जैसन होल्डर (17 गेंद में चार छक्कों, एक चौके की मदद से 33 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 32 रन जोड़े।



## आज शाम 7 बजे से भारत और नामीबिया के बीच मुकाबला

**नई दिल्ली।** मौजूदा चैंपियन भारत को गुरुवार को होने वाले टी20 विश्व कप मैच में नामीबिया से किसी तरह का खतरा नहीं है लेकिन सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के पेट के संक्रमण के कारण मुख्य कोच गौतम गंभीर सहित टीम प्रबंधन चिंतित होगा क्योंकि इससे उसकी योजनाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में वानखेड़े की चिपचिपी पिच पर बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। अब उन्हें फिरोज शाह कोटला की पिच पर आक्रामक खेल दिखाना चाहेगा, जिसे बल्लेबाजी के लिए बेहतरीन पिच कहा जा सकता है। नामीबिया के खिलाफ भारत का पलड़ा बहुत भारी है, जिसकी टीम इसी मैदान पर नीदरलैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। इस तरह से देखा जाए तो भारत के लिए पाकिस्तान के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले महत्वपूर्ण मैच से पहले यह मैच अभ्यास मैच की तरह है।



## आईसीसी टी20 रैंकिंग में भारत का दबदबा अभिषेक और वरुण शीर्ष पर काबिज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

नई दिल्ली। आईसीसी की ताजा टी20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में अभिषेक शर्मा पहले स्थान पर बने हुए हैं, वहीं वरुण चक्रवर्ती ने गेंदबाजों की सूची में अपना पहला स्थान बरकरार रखा है। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा टी20 फॉर्मेट में नंबर वन ऑलराउंडर बन गए हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा पहले, इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे, पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान तीसरे, इंग्लैंड के जोस बटलर चौथे और भारत के तिलक वर्मा पांचवें स्थान पर हैं। श्रीलंका के पाथुम निसंका छठे स्थान पर हैं।



भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें, न्यूजीलैंड के टिम साइफर्ट आठवें, ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड नौवें और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श दसवें स्थान पर हैं। साहिबजादा फरहान को यूएसए के खिलाफ खेली गई 73 रन की पारी का जोरदार फायदा हुआ है। इसी पारी की बदौलत फरहान 4 स्थान की छलांग लगाते हुए तीसरे स्थान पर पहुंचे हैं।

#### गेंदबाजों में चक्रवर्ती पहले स्थान पर

रैंकिंग में भारत के वरुण चक्रवर्ती पहले, पाकिस्तान के अबरार अहमद दूसरे, अफगानिस्तान के राशिद तीसरे, इंग्लैंड के आदिल चौथे, श्रीलंका के हसरंगा पांचवें, न्यूजीलैंड के डफी छठे, पाकिस्तान के नवाज सातवें, बांग्लादेश के मुस्तफिजुर आठवें, ऑस्ट्रेलिया के एडम जांपा नौवें और अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान दसवें स्थान पर हैं।

#### ऑलराउंडर में रजा शीर्ष पर

टी20 के शीर्ष ऑलराउंडर्स की सूची में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने पहला स्थान हासिल कर लिया है। अयूब दूसरे स्थान पर हैं। भारत के हार्दिक पांड्या तीसरे, वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज चौथे, पाकिस्तान के मोहम्मद नवाज पांचवें, नेपाल के दीपेंद्र सिंह एरे छठे, वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड सातवें, अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह ओमरजई आठवें, अफगानिस्तान के मोहम्मब नबी नौवें और श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा दसवें स्थान पर हैं।

## एफआईएच पुरूष प्रो लीग के पहले मैच में बेल्जियम से हारी भारतीय टीम

राउरकेला। आखिरी क्वार्टर में दो गोल गंवाने से भारत को एफआईएच पुरूष प्रो लीग 2025. 26 के राउरकेला चरण में पहले मैच में बुधवार को बेल्जियम ने 3. 1 से हराया। बेल्जियम के लिये नेल्सन ओनाना (23वां मिनट), थॉमस क्रोल्स (53वां ) और अर्नो वान डेसेल (57वां) ने गोल किये जबकि भारत के लिये एकमात्र गोल शिलानंद लाकड़ा (29वां) ने दागा। हाफटाइम और तीसरे क्वार्टर के अंत तक स्कोर 1.1 से हराकर था लेकिन बेल्जियम ने आखिरी 15 मिनट में दो गोल कर दिये। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने डिफेंस में कोई गलती नहीं की। बेल्जियम को चौथे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला। लेकिन अलेक्जेंडर हेंडरिक्स की ड्रैग फ्लिक को भारत के पहले रशर विवेक सागर प्रसाद ने बचाया । भारत को चार मिनट बाद मिला पेनल्टी कॉर्नर बेकार गया । बेल्जियम ने गेंद पर नियंत्रण में बाजी मारी लेकिन भारत ने अधिक जवाबी हमले किये । बेल्जियम को 14वें मिनट में फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला।

## हसरंगा की जगह हेमंथा श्रीलंका टीम में शामिल

**कोलंबो।** स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर दुशान हेमंथा को मौजूदा टी20 विश्व कप के लिए चोटिल वानिंदु हसरंगा की जगह श्रीलंका की टीम में शामिल किया गया है। श्रीलंका के स्पिन गेंदबाज हसरंगा आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे, जिसके कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। पांच वनडे और तीन टी20 मैच खेल चुके 31 वर्षीय हेमंथा उनकी जगह लेंगे। टीम का अगला मैच गुरुवार को ओमान के खिलाफ होगा। आईसीसी ने कहा, 'टी20 विश्व कप की प्रतियोगिता तकनीकी समिति ने वानिंदु हसरंगा के स्थान पर दुशान हेमंथा को श्रीलंका की टीम में शामिल करने की मंजूरी दे दी है।' आईसीसी ने न्यूजीलैंड के चोटिल माइकल ब्रैसवेल की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में शामिल करने की अनुमति दे दी है। न्यूजीलैंड ने अभी तक इस खिलाड़ी का नाम उजागर नहीं किया है। टी20 विश्व कप की प्रतियोगिता तकनीकी समिति में आईसीसी के महाप्रबंधक वसीम खान, गौरव सक्सेना, हेमांग अमीन और शॉन पोलॉक शामिल हैं।



## नजरुल का यू-टर्न: बीसीबी ने लिया था नहीं खेलने का फैसला

**ढाका।** बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने अब यू-टर्न लेते हुए कहा कि भारत में टी20 विश्व कप के मैच नहीं खेलने का फैसला बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और खिलाड़ियों ने लिया था। इससे पहले उन्होंने कहा था कि यह फैसला सरकार की सुरक्षा चिंताओं से प्रेरित था। बांग्लादेश ने भारत में होने वाले अपने मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था, जिसे आईसीसी ने नामंजूर कर दिया था। इसके बाद बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था और उसकी जगह स्कॉटलैंड ने ली। आईसीसी में हालांकि बांग्लादेश को दंडित न करने का निर्णय लिया है। बांग्लादेश की टीम को बाहर करने से पहले आईसीसी के साथ असफल बातचीत के दौरान नजरुल ने मुख्य भूमिका निभाई थी और उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि सुरक्षा चिंताओं के कारण टीम को न भेजना बांग्लादेश सरकार का विशेषाधिकार है।



## दिल में जमा खून का थक्का, किसी तरह बची जान

# स्टेमिना बढ़ाने के इंजेक्शन ने पहलवान को पहुंचाया एम्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पहलवानों को मुकाबलों में बने रहने के लिए असाधारण स्टैमिना, ताकत, मानसिक एकाग्रता और सहनशक्ति की जरूरत होती है। मिट्टी के अखाड़ों में तो इसकी जरूरत और भी ज्यादा होती है, क्योंकि यहां पर मुकाबले लंबे होते है। प्रदर्शन और इनामी राशि के पीछे दौड़ रहे कई युवा पहलवानों पर थोड़ा और टिके रहने का दबाव रहता है। हरियाणा का एक 35 वर्षीय पहलवान इसी वजह से टर्मिन नामक दवा का इंजेक्शन लेने लगा। लेकिन, कुछ महीनों बाद एक दिन वह अचानक गिर पड़ा और उसे हृदय में बड़े रक्त के थक्के के साथ एम्स दिल्ली के कार्डियोलॉजी विभाग में भर्ती कराना पड़ा।

### मेडिकल स्टोर पर आसानी से मिलता है यह

उसने टर्मिन 30 एमजी के इंजेक्शन लिए। यह मेफेंटरमाइन सल्फेट का एक ब्रांड है। यह एक प्रिस्क्रिप्शन दवा है, जिसका उपयोग क्लिनिकल परिस्थितियों में जैसे स्पाइनल या जनरल एनेस्थीसिया के दौरान लो ब्लड प्रेशर के इलाज के लिए किया जाता है। इसे नसों (इंट्रावेनस) और मांसपेशियों (इंट्रामस्क्युलर) में इंजेक्शन के रूप में दिया जाता है। एथलीट इसे प्रदर्शन बढ़ाने वाले उत्तेजक (स्टिमुलेंट) के रूप में गलत तरीके से इस्तेमाल कर रहे हैं। इलाज करा रहे इस पहलवान ने बताया कि वह 20 साल से कुश्ती कर रहा था। उसके आसपास हर कोई इसे पावर बूस्टर बताकर इस्तेमाल कर रहा था। आप किसी भी मेडिकल स्टोर पर जाएं और कहें कि बेहतर प्रदर्शन करना है तो वे यही सुझाते हैं। इसी तर्क के आधार पर उसने भी इन दावों पर भरोसा कर लिया।

#### ताकत का झूठा अहसास होता है

डॉक्टरों के अनुसार यह दवा नॉरएपिनेफ्रिन नामक तनाव हार्मोन का स्राव बढ़ाती है। यह केंद्रीय तंत्रिका तंत्र और हृदय को उत्तेजित करता है। इससे रक्तचाप, हृदय गति और कार्डियक आउटपुट (प्रति मिनट हृदय द्वारा पंप किए जाने वाले रक्त की मात्रा) अस्थायी रूप से बढ़ जाता है, जिससे ऊर्जा और ताकत का झूठा एहसास होता है। शरीर खुद को शक्तिशाली महसूस करता है, लेकिन यह उधार की ताकत होती है। इससे हृदय को नुकसान पहुंचता है।

#### एक बार लेने के बाद लग जाती है लत

प्रतियोगिता से पहले के महीनों में पहलवान ने छोटे डोज से शुरुआत की और धीरे-धीरे मात्रा बढ़ा दी। वह बताता है कि लोग आधा मिलीलीटर से शुरू करते हैं, फिर एक मिलीलीटर, फिर उससे ज़्यादा। मैं कई महीनों तक रोज कई मिलीलीटर तक पहुंच गया। और भी खतरनाक बात यह थी कि उसने दवा सीधे नसों में इंजेक्ट की, जिसे डॉक्टर बेहद जोखिम भरा बताते हैं। समय के साथ उसका शरीर टूटने लगा। उसे अत्यधिक थकान, पेट फूलना, सिरदर्द, गैस और दवा के बिना ट्रेनिंग न कर पाने की समस्या होने लगी। फिर स्थिति बिगड़ गई। वहआईसीयू में पहुंच गया। मेफेंटरमाइन सल्फेट एक लाइसेंस प्राप्त दवा है और इसे अनुसूचित मादक पदार्थ की श्रेणी में नहीं रखा गया है, इसलिए यह नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीए) अधिनियम के अंतर्गत नहीं आती। हालांकि यह तकनीकी रूप से केवल प्रिस्क्रिप्शन पर मिलने वाली दवा है, लेकिन फार्मेसी की अपर्याप्त निगरानी और अनौपचारिक बिक्री चैनलों के कारण यह आसानी से बिना पर्ची के उपलब्ध है।

#### स्ट्रोक और मौत की बन सकता है वजह

मेफेंटरमाइन गंभीर उच्च रक्तचाप, अनियमित धड़कन (एरिदमिया), स्ट्रोक, हृदय विफलता और अचानक मृत्यु का कारण बन सकती है, खासकर जब इसे बार-बार या तीव्र शारीरिक परिश्रम के दौरान लिया जाए। खेल नियमों के तहत मेफेंटरमाइन प्रतिबंधित पदार्थ है। मूत्र नमूनों में पाए जाने पर अयोग्यता, जुर्माना और कई वर्षों का प्रतिबंध लग सकता है। फिर भी स्थानीय फार्मेसियों के जरिए इसकी अनौपचारिक उपलब्धता पर नियंत्रण लागू करना मुश्किल है। पहलवान स्वीकार करता है कि यह शरीर में इतने समय तक रहता है कि टेस्ट में पकड़ा जा सकता है। अगर टेस्ट में आ गया तो करियर खत्म हो सकता है। आज पहलवान कहता है कि उसकी सेहत सुधर गई है, लेकिन उसका करियर और शरीर स्थायी रूप से बदल चुके हैं। अन्य प्रसिद्ध रूप से दुरुपयोग की जाने वाली दवाओं में एनाबॉलिक स्टेरॉयड, दर्द निवारक (ओपिओइड), एम्फेटामाइन जैसे स्टिमुलेंट, डाययूरेटिक्स, हार्मोन/रिकवरी दवाएं, एंटी-एंग्जायटी और नींद की दवाएं शामिल हैं।

## ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका

# कप्तान मार्श टूर्नामेंट से बाहर, स्मिथ की वापसी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका लगा है। टीम के कप्तान मिचेल मार्श टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। मार्श को ग्रोइन में चोट लगी थी, जिसकी वजह से वह 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ पहला मैच नहीं खेल पाए थे। इसके बाद खबर आई कि मार्श पूरे वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह स्टीव स्मिथ को स्टैंड-बाय प्लेयर के तौर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने एक ऑफिशियल बयान जारी कर कहा कि मिचेल मार्श को ग्रोइन (ऊपरी जांघ) में चोट लगी है और अंदरूनी ब्लीडिंग हो रही है। उन्हें आराम और रिहैबिलिटेशन की ज़रूरत है।

#### स्मिथ टीम में शामिल

बोर्ड ने अपने बयान में यह भी साफ किया कि मिचेल मार्श की मैदान पर वापसी मेडिकल टीम से मंजूरी मिलने के बाद ही मुमकिन है। स्मिथ स्टैंड-बाय प्लेयर के तौर पर श्रीलंका में ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़ेंगे। स्टीव स्मिथ ने फरवरी 2024 के बाद से ऑस्ट्रेलिया के लिए कोई टी20 मैच नहीं खेला है। लेकिन हाल ही में, उन्होंने बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए सेंचुरी बनाई। ऑस्ट्रेलिया का पहला मैच 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ था। मिचेल मार्श की गैरमौजूदगी में ट्रैविस हेड कंगारुओं की कप्तानी कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले ही पैट कमिंस को खो चुकी है, जो पीठ की दिक्कतों की वजह से वर्ल्ड कप से बाहर हो गए थे।

#### बेखौफ होकर खेलना जारी रखे भारत : बांगड़

**नई दिल्ली।** पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ ने कहा कि भारत को टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ बल्लेबाजों की नाकामी का ज्यादा विश्लेषण करने की जरूरत नहीं है और उसे अपना बेखौफ रवैया जारी रखना चाहिए, जिसके कारण उसने काफी सफलता हासिल की हैं। बांगड़ ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि भारतीय बल्लेबाजों को वानखेड़े में अमेरिका के खिलाफ, जो हुआ उसका बहुत अधिक विश्लेषण करना चाहिए।




सुंदर पिचाई से लेकर सैम ऑल्टमैन का रहेगा जमावड़ा

# इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में शामिल होंगे दुनियाभर के टेक लीडर्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार द्वारा घोषित एआई इंडिया इंपैक्ट समिट 2026 नई दिल्ली में आयोजित होने जा रहा है। यह सम्मेलन 16 फरवरी से 20 फरवरी तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होगा। यह एआई समिट ऐसे महत्वपूर्ण समय पर आयोजित किया जा रहा है जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आर्थिक विकास और सरकारी कामकाज के लिए तेजी से जरूरी होती जा रही है। टेक इंडस्ट्री के कई बड़े लीडर्स इस समिट में शामिल होंगे। इनमें गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, एनवीडिया के फाउंडर जेन्सेन हुआंग, गूगल डीपमाइंड के सीईओ डेमिस हसाबिस, माइक्रोसॉफ्ट के प्रेसिडेंट ब्रैड स्मिथ और क्वालकॉम के सीईओ क्रिस्टियानो एमॉन जैसे कई बड़े नाम शामिल हैं। वहीं ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन भी इस इवेंट में हिस्सा लेंगे।

एआई क्रांति टेक इंडस्ट्री के हर क्षेत्र में प्रगति के व्यापक अवसर प्रदान करेगी

एआई की मदद से काम, आर्थिक और तकनीकी तरक्की का बढ़ावा देना है

## भारत के कारोबारी भी समिट में शामिल होंगे


गूगल के सुंदर पिचाई | ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन | माइक्रोसॉफ्ट के बिल गेट्स

नीति और संस्थागत मोर्चे पर, बिल गेट्स, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के सीईओ बोर्गे ब्रेंडे और आईबीएम, क्रिएटिव कॉमन्स और इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ प्राइवेसी प्रोफेशनल्स जैसे संगठनों के लीडर्स भी भाग लेने वाले हैं। भारत के कारोबारी जगत के नेता जैसे रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी, भारती एंटरप्राइजेज के सुनील भारती मित्तल और इंफोसिस के नंदन नीलेकणी के भी इस इवेंट में शामिल होने की उम्मीद है। इसके अलावा इंफोसिस, एचसीएलटेक, इंटेल इंडिया, एडोब इंडिया और रेजरपे के शीर्ष अधिकारी भी भाग लेंगे।

### भारत टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण को बढ़ावा दे रहा

भारत अपने विकास के सफर के एक महत्वपूर्ण चरण में है और उसकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को एक रणनीतिक राष्ट्रीय उपकरण के रूप में बढ़ावा देने पर काम करने की योजना है। भारत चाहता है कि टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण को बढ़ावा दे और बड़े पैमाने पर एक्सेस, इन्क्लूज़न और समानता सुनिश्चित करे। यह टेक्नोलॉजी क्रांति टेक इंडस्ट्री के हर क्षेत्र में प्रगति के लिए व्यापक अवसर ऑफर करेगी।

### इंडिया एआई इंपैक्ट समिट का मूल सिद्धांत तीन सूत्र पर आधारित

सरकार के अनुसार, इंडिया-एआई इंपैक्ट समिट 2026 तीन आधारभूत स्तंभों द्वारा संचालित है जिन्हें सूत्र कहा जाता है। ये सूत्र एआई पर वैश्विक सहयोग का मार्गदर्शन करने वाले मूल सिद्धांतों को स्पष्ट करते हैं। ये सूत्र हैं: लोगः ह्यूमन-फोकस्ड एआई को बढ़ावा देना जो अधिकारों की रक्षा करे, सर्विसेज तक एक्सेस को बेहतर बनाए, ट्रस्ट बिल्ड करे और समाज के सभी वर्गों में समान लाभ सुनिश्चित करे। पृथ्वीः ऊर्जा की बचत करने वाली प्रणालियों को बढ़ावा देकर, संसाधनों का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करके और जलवायु व पर्यावरण की सुरक्षा में मदद करने वाले एआई का विकास करना। और प्रगतिः इनोवेशन और कौशल बढ़ाकर तथा एआई की मदद से काम की गति और विकास को बढ़ाते हुए, आर्थिक और तकनीकी तरक्की को सभी लोगों तक पहुंचाना।




### 10 हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात

राष्ट्रीय राजधानी में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित 'इंडिया-एआई इंपैक्ट समिट' के दौरान कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 10,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। इनमें जिला पुलिस बल, यातायात पुलिस, विशेष इकाइयां और आरक्षित बल शामिल होंगे। यह पांच दिवसीय कार्यक्रम भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा और इसमें 30 से अधिक देशों के हजारों प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। दिल्ली के लगभग सभी जिलों से अधिकारियों और कर्मियों को तैनात किया गया है, जिसमें प्रत्येक जिले ने 'समिट' से संबंधित कर्तव्यों के लिए 800 से 1,000 कर्मियों का योगदान दिया है।

गन कल्चर : कनाडा के कोलंबिया प्रांत के स्कूल में गोलाबारी

# शूटर समेत 9 की मौत, 25 लोग घायल हुए पीएम कार्नी ने अपना जर्मनी दौरा रद्द किया

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के टम्बलर रिज शहर में मंगलवार को एक हाईस्कूल में हुई गोलीबारी में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हैं। अभी तक ये जानकारी नहीं आई है कि मरने वालों में कोई छात्र है या नहीं। स्कूल को एहतियातन बंद कर दिया गया है। इलाके के विधायक लैरी न्यूफेल्ड ने बताया कि हालात काबू में करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस और एंबुलेंस की टीमें मौके पर भेजी गईं हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि जो लोग अपने परिवार वालों को ढूंढने के लिए बाहर निकल आए हैं, वे घर लौट जाएं। सरकारी वेबसाइट के मुताबिक, हादसे वाले टम्बलर रिज सेकेंडरी स्कूल में 7 से 12 क्लास तक के कुल 175 छात्र पढ़ते हैं। टम्बल रिज लगभग 2,400 लोगों का एक छोटा सा कोल माइनिंग शहर है, जो डायनासोर के पैरों के निशान और जिवाश्म के लिए मशहूर है। वहीं, कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने इस गोलीबारी के बाद अपना जर्मनी दौरा रद्द कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि वह इस घटना से बेहद दुखी हैं। उन्होंने पीड़ित परिवारों के लिए संवेदना जताई और राहतकर्मियों की तारीफ की।

*टम्बलर रिज शहर के हाईस्कूल में 175 छात्र पढ़ते*

*स्कूल में 6, पास के घर में 2 और अस्पताल में 1 की मौत*

## संदिग्ध महिला ने आत्महत्या की


हादसे वाली जगह पर मौजूद रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस फोर्स

रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने बताया कि संदिग्ध एक महिला थी, जिसने स्कूल ड्रेस पहन रखी थी और उसके बाल भूरे थे। उसका शव स्कूल के अंदर मिला। पुलिस का मानना है कि उसने खुद को गोली मारी है। पुलिस के अनुसार, दोपहर करीब 1 बजकर 20 मिनट (भारतीय समयानुसार रात करीब 2 बजे) पर स्कूल में गोलीबारी की खबर मिली थी। जब अधिकारी हाई स्कूल पहुंचे तो वहां छह लोग मृत मिले। एक अन्य घायल की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। इसके अलावा, पास के एक घर में दो और लोगों के शव मिले।

### छात्रों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाला

करीब 25 लोगों को हल्की चोटों के साथ स्थानीय मेडिकल सेंटर में इलाज के लिए ले जाया गया। पुलिस अधिकारी केन फ्लॉयड ने बताया कि स्कूल से लगभग 100 छात्रों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाला गया। गोलीबारी की वजह अभी साफ नहीं है। 'पीस रिवर साउथ स्कूल डिस्ट्रिक्ट' ने मंगलवार को कहा कि सेकेंडरी स्कूल और टंबलर रिज एलिमेंटरी स्कूल दोनों में लॉकडाउन लागू किया गया है यानी किसी को अंदर जाने या बाहर निकलने की अनुमति नहीं है।

### पुलिस हमले का मकसद पता लगाने में जुटी

रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) उत्तरी जिले के फेडरल पुलिस चीफ सुपरिटेंडेंट केन फ्लॉयड ने कहा कि वे अभी तक हमले के मकसद का पता नहीं लगा पाए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ये हमला 'क्यों' हुआ इसका पता लगाने में मुश्किल होगी, लेकिन हम यह पता लगाने की पूरी कोशिश करेंगे कि आखिर 'क्या' हुआ था। उन्होंने कहा कि घर स्कूल के पास था, और गोलीबारी आपस में जुड़ी हुई थी। हम हमले के मकसद का पता लगाने में जुटे हैं।

## कनाडा में हुई गोलीबारी के मामले में प्रधानमंत्री मोदी ने जताई संवेदनाएं

*एक्स पोस्ट में बोले पीएम, इस घटना से मैं बेहद स्तब्ध हूं। जिन परिवारों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मैं अपनी ओर से गहन संवेदनाएं प्रकट करता हूं।*



**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के टंबरल रिज स्थित एक स्कूल में हुई गोलीबारी की घटना को लेकर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त करते हुए संवेदना जताई है। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि कनाडा में हुई भयावह गोलीबारी की घटना को लेकर मैं बेहद स्तब्ध हूं। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है। उनके प्रति मैं अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करता हूं। साथ ही घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पीएम ने यह भी कहा कि दुख की इस घड़ी में भारत कनाडा के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

### अकल्पनीय दुखद घटना

ब्रिटिश कोलंबिया के प्रीमियर डेविड एबी ने इस घटना को 'अकल्पनीय दुखद घटना' बताया और कहा कि सरकार आने वाले दिनों में समुदाय के सदस्यों को हर संभव मदद देगी। उन्होंने कहा कि वे अभी तक हमले के मकसद का पता नहीं लगा पाए हैं। लेकिन हम यह पता लगाने की पूरी कोशिश करेंगे कि आखिर 'क्या' हुआ था।
वहीं, ब्रिटिश कोलंबिया की पब्लिक सेफ्टी मंत्री और सॉलिसिटर जनरल नीना क्रिगर ने इस गोलीबारी को 'दिल दहला देने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार लोगों की मदद के लिए हर संभव मदद करेगी।

### थाईलैंड में स्कूल पर फायरिंग, 2 घायल, पुलिस की हिरासत में युवक

थाईलैंड के हाट याई में बुधवार शाम एक 18 साल के युवक नेस्कूल में फायरिंग कर दी। हमले में स्कूल डायरेक्टर और एक छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं। आरोपी ने बाद में एक महिला स्टाफ को बंधक बना लिया। युवक अपनी बहन को सजा दिए जाने से नाराज था। घटना शाम करीब 4:45 बजे हाट याई के प्रथन खिरिवाट स्कूल में हुई। पुलिस ने आरोपी की पहचान 18 वर्षीय खेम के रूप में की है। पुलिस को पहले सूचना मिली थी कि आरोपी युवक अपनी मां को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। इसी सूचना पर पुलिस जब घर पहुंची, तो आरोपी ने कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी से एम4 राइफल छीन ली और पास के स्कूल परिसर की ओर भाग गया। वहां उसने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमलावर को हिरासत में ले लिया गया है और बंधक बनाए गए सभी लोगों को मुक्त कर दिया गया है।

बैंक ऑफ अमेरिका का बड़ा दावा

# भारत-अमेरिका डील पर प्रभावी टैरिफ सिर्फ 13% रहने का अनुमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील से भारतीय निर्यातकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बैंक ऑफ अमेरिका (बोफा) ग्लोबल रिसर्च की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगर रेसिप्रोकल टैरिफ की दर 18 प्रतिशत पर बरकरार रहती है, तो भारतीय निर्यात पर प्रभावी टैरिफ घटकर 12-13 प्रतिशत तक आ सकता है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका को होने वाले भारतीय निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक्स की हिस्सेदारी 40-45 प्रतिशत है, जिस पर फिलहाल जीरो टैरिफ लागू है। हालांकि, अमेरिका के सेक्शन 232 प्रावधान के तहत लगने वाले शुल्क को जोड़ने पर प्रभावी टैरिफ दर 12 प्रतिशत से कुछ ऊपर रह सकती है। बोफा ने यह भी कहा है कि भारत द्वारा अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है, जो सालाना करीब 100 अरब डॉलर के आयात के बराबर है। वर्तमान में भारत का कुल आयात बिल लगभग 750 अरब डॉलर है।

### अमेरिका ने दी भारत को और राहत

अमेरिका ने भारत के साथ हुई हालिया ट्रेड डील पर जारी अपनी फैक्ट शीट में कई बड़े बदलाव किए हैं। पहले जिन बातों का साफ जिक्र था, अब उन्हें या तो हटा दिया गया है या उनकी भाषा बदली गई है। सबसे बड़ा बदलाव दाल को लेकर है। पहले कहा गया था कि भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम या खत्म करेगा, जिसमें दाल भी शामिल थी। अब नए दस्तावेज से दाल का जिक्र हटा लिया गया है। 500 अरब डॉलर की खरीद को लेकर भी भाषा बदली गई है। पहले लिखा था कि भारत, अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने के लिए 'कमिटेड' है। अब इसे बदलकर 'इरादा रखता है' कर दिया गया है। नए दस्तावेज में सिर्फ एनर्जी, सूचना और संचार तकनीक, कोयला और कुछ अन्य सामान की बात कही गई है। डिजिटल सर्विस टैरिफ पर भी अमेरिका ने नरमी दिखाई है। पहले कहा गया था कि भारत यह टैरिफ हटाएगा। अब सिर्फ इतना लिखा है कि भारत डिजिटल ट्रेड के नियमों पर बातचीत के लिए तैयार है।


फाइल फोटो




भारत की साइबर सिक्योरिटी एजेंसी आई4सी के रिसर्च में दावा

# देश में 40 करोड़ से ज्यादा गेमर्स, 8 करोड़ लत के शिकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में युवाओं के बीच कई ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स काफी पॉपुलर हैं। कई गेम्स को तो हर दिन करोड़ों यूजर्स खेलते हैं। हाल ही में भारत सरकार की साइबर सिक्योरिटी एजेंसी आई4सी ने गेमिंग की लत और उसके दुष्प्रभाव को लेकर बड़ा खुलासा किया है। एजेंसी ने एक पोस्ट में बताया कि ऑनलाइन गेमिंग अब सिर्फ एंटरटेन्मेंट तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अब युवाओं में लत बन गया है, जिसके बुरे प्रभाव अब दिखने लगे हैं। एजेंसी ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड मेडिकल रिसर्च की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया है कि गेमिंग एडिक्शन का दिमाग पर क्या असर होता है। रिसर्च के मुताबिक, गेम बनाने वाली कंपनियां गेम्स को ऐसे डिजाइन करती हैं, ताकि प्लेयर उसे बार-बार खेले। गेम खेलने से दिमाग डोपामिन केमिकल रिलीज करता है, जिससे खेलने की इच्छा बढ़ जाती है और धीरे-धीरे यह लत बन जाती है।

गेमिंग कंपनियां बार-बार खेले जाने वाले गेम बना रहीं

खेलने से दिमाग डोपामिन केमिकल रिलीज करता है

## चिड़-चिड़े होकर हारने में गुस्सा करने लगते हैं



**गेमिंग डिसआर्डर मानसिक बीमारी**
विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 'गेमिंग डिसऑर्डर' को मानसिक बीमारी की श्रेणी में रखा है। जो युवा रोजाना दो घंटे से अधिक समय गेम खेलने में बिताते हैं, उनमें लत का जोखिम अधिक देखा गया है।

आई4सी ने बताया कि गेम खेलने की लत की वजह से प्लेयर्स चिड़-चिड़े हो जाते हैं और हारने पर गुस्सा करते हैं या खुद को नुकसान भी पहुंचा लेते हैं। अगर प्लेयर से फोन लेने कि कोशिश की जाती है तो वे गुस्सा करते हैं और इतने नाराज हो जाते हैं कि सुसाइड करने तक का कदम उठा लेते हैं। ई-गेमिंग फेडरेशन के अनुसार, भारत में 40 करोड़ से अधिक गेमर्स हैं, जिनमें से लगभग 70% की उम्र 24 वर्ष से कम है। अनुमान है कि करीब 15-20% लोग गेमिंग की लत का शिकार हैं।

### गेमिंग की छुड़ाएं लत

बच्चों में गेम की लत को समय पर पहचानना बहुत जरूरी है। इसे अचानक नहीं, बल्कि धीर-धीरे कम करने की कोशिश करें। इसे ऐसे समझें- यदि बच्चा 4 घंटे गेम खेलता है तो उसे पहले 3 घंटे पर सीमित करें। उसके बाद धीरे-धीरे आधा घंटा कम करते जाएं। बच्चा यदि खाली बैठा है तो उसे कुछ प्रोडक्टिव करना सिखाएं। जैसे- ड्राइंग, पेंटिंग, साइकलिंग, स्पोर्ट्स ,म्यूजिक या स्विमिंग जैसे काम सिखा सकते हैं। इससे बच्चे का ध्यान स्मार्टफोन पर नहीं जाएगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109